राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर

# प्रातः किरण

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






03 फर्जी निबंधन के आधार पर दाखिल-खारिज ...

10 जून को प्रधानमंत्री मोदी रचेंगे इतिहास... 12

वर्ष : 14 | अंक : 61 | पटना, बुधवार, 10 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com




**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.0°C

न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,56,435 |
| चांदी | 2,99,600 |
| सेंसेक्स | 73,918 |
| निफ्टी | 23,242 |

## संक्षिप्त खबरें

### आईआरसीटीसी घोटाला: दिल्ली की कोर्ट ने लालू परिवार पर आरोप तय करने का फैसला 16 जुलाई तक टाला

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला 16 जुलाई तक टाल दिया। यह मामला आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। राऊज एवेन्यू कोर्ट को मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और राबडी देवी समेत 16 के खिलाफ आरोप तय करने पर मंगलवार को फैसला देना था। हालांकि, अदालत ने इसे 16 जुलाई तक टाल दिया। एजेंसी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव के केंद्रीय रेल मंत्री रहने के दौरान आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के लिए कॉन्ट्रैक्ट देने में अनियमितताएं बरती गईं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, होटल के रखरखाव के कॉन्ट्रैक्ट कथित तौर पर तय नियमों का पालन किए बिना राजद प्रमुख के करीबी सहयोगियों से जुड़ी एक निजी कंपनी को दिए गए थे।

### मोदी सरकार के 12 वर्षों में गरीब कल्याण और विकास साथ-साथ चले : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने आज के ही दिन तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। मोदी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश ने पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना एक दिन का अवकाश लिए निरंतर देश और देशवासियों की सेवा की है। इस अवधि में सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, देशभर में 90 से अधिक नए हवाई अड्डे और 140 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें शुरू कीं। शाह के अनुसार, चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए, 1.45 लाख किलोमीटर सड़कों तथा 3,000 किलोमीटर से अधिक आधुनिक एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ।

# सिर्फ 30 दिनों में उद्योग स्थापना की मंजूरी- बिहार में निवेश को नई रफ्तार

- बिहार को देश और दुनिया के निवेशकों के लिए भरोसेमंद और पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाना राज्य सरकार का संकल्प : सम्राट



प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों से संबंधित स्वीकृतियों की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने का निर्णय लिया है, इसके तहत उद्योगों से जुड़े सभी स्वीकृतियों के लिए 30 दिनों की बाध्यकारी समय-सीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद (एसआईपीबी) सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करते हुए उसे व्यापक प्रशासनिक एवं विधिक शक्तियाँ प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। राज्य सरकार निवेशकों के लिए उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एसआईपीबी सचिवालय द्वारा किसी आवेदन की तकनीकी जांच और अनुशंसा किए जाने के बाद संबंधित सक्षम प्राधिकार को 30 दिनों के भीतर अथवा निर्धारित समय-सीमा में स्वीकृति देना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था विधिक रूप से बाध्यकारी होगी।उन्होंने कहा कि यदि कोई विभाग या सक्षम प्राधिकार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्णय लेने में विफल रहता है तो एसआईपीबी सचिवालय निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए 'डीम्ड क्लीयरेंस' जारी करेगा। यह स्वीकृति संबंधित विभाग के लिए बाध्यकारी होगी।

### उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित सभी अनुमतियों के लिए एसओपी निर्धारित की जाएगी

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी एवं विनियामक विभागों के सक्षम अधिकारियों को एसआईपीबी सचिवालय में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। ये अधिकारी औद्योगिक विकास आयुक्त के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे, जिससे सभी निर्णय एक ही मंच पर त्वरित रूप से लिए जा सकेंगे।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित सभी अनुमतियों के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) भी निर्धारित करेगी। इससे स्वीकृति प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित होगी।

**औद्योगिक विकास राज्य की आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और समग्र विकास का आधार है:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास राज्य की आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और समग्र विकास का आधार है। बिहार को देश और दुनिया के निवेशकों के लिए भरोसेमंद और पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाना राज्य सरकार का संकल्प है।

# सख़्ती: स्कूल-कॉलेज के समय में कोचिंग चलाने पर रोक, देना होगा छात्रों का ब्योरा

**मुख्यमंत्री ने छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए कोचिंग संस्थानों के संचालन को लेकर शिक्षा विभाग को कड़े निर्देश जारी किए हैं**

प्रात : किरण

पटना। बिहार में विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने कोचिंग संस्थानों के संचालन को लेकर शिक्षा विभाग को कड़े निर्देश जारी किए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात की जानकारी दी कि निजी कोचिंग सेंटरों की मनमानी को रोकने और मुख्यधारा की शिक्षा को मजबूत करने के लिए यह अहम कदम उठाया गया है। इस घोषणा से पूरे प्रदेश के कोचिंग संचालकों में हड़कंप मच गया है।

**जिला प्रशासन को देना होगा अध्ययनरत छात्रों का पूरा विवरण** : नए निर्देशों के तहत पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों के लिए एक कड़ा नियम लागू किया गया है। अब सभी कोचिंग सेंटरों को अपने यहां पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का पूरा विवरण (डेटा) अनिवार्य रूप से संबंधित जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना होगा। इस कदम से जिला प्रशासन के पास कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों का सटीक रिकॉर्ड रहेगा, जिससे उनकी उपस्थिति और सुविधाओं की निगरानी की जा सकेगी।

### पास-आउट छात्रों को मिलेगी छूट जल्द बनेगी नई नियमावली

मुख्यमंत्री ने सबसे बड़ा फैसला कोचिंग के संचालन समय को लेकर किया है। नए निर्देश के अनुसार, सरकारी व निजी स्कूलों और कॉलेजों के लिए निर्धारित शिक्षण समय (स्कूल ऑवर्स) के दौरान राज्य में किसी भी कोचिंग संस्थान का संचालन नहीं किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि स्कूल-कॉलेज के समय कोचिंग चलने से छात्र अपनी नियमित कक्षाओं से बंक मारते हैं, जिससे उनका शैक्षणिक आधार कमजोर होता है। पास-आउट छात्रों को मिलेगी छूट, जल्द बनेगी नई नियमावली हालांकि, समय की यह पाबंदी उन विद्यार्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने अपनी नियमित स्कूली या महाविद्यालयी शिक्षा (12वीं या ग्रेजुएशन) पूरी कर ली है और जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस पूरी व्यवस्था को जमीनी स्तर पर कड़ाई से लागू करने के लिए मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को एक व्यापक और व्यावहारिक नियमावली तैयार करने का सख्त निर्देश दिया है।

### शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन और गुणवत्ता लाने का संकल्प

इस महत्वपूर्ण निर्णय पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने साफ किया है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में कड़ा अनुशासन, पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। इस नए विनियामक कदम से न केवल स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों की उपस्थिति में सुधार होगा, बल्कि निजी कोचिंग संस्थानों के संचालन में भी एक आवश्यक जवाबदेही तय की जा सकेगी।

# नीट-2026 पुर्नपरीक्षा: प्रशासन अलर्ट, अफवाह और साइबर ठगी से बचने की अपील

प्रात : किरण



पटना। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-2026 की लिखित पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अभ्यर्थियों और आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि असामाजिक तत्व और साइबर ठग परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने, फर्जी प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने तथा नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का प्रयास कर सकते हैं। आर्थिक अपराध इकाई ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-2026 पुनर्परीक्षा राज्य के विभिन्न जिलों में 21 जून को आयोजित की जानी है। ऐसे में साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सएप, एक्स (पूर्व में ट्विटर) समेत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर परीक्षा संबंधी भ्रामक सूचनाएं फैलाए जाने की आशंका है। ईओयू ने अभ्यर्थियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रश्नपत्र या उत्तरपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर फोन, सोशल मीडिया या ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर पैसे की मांग करता है तो तत्काल सतर्क हो जाएं और इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर थाना को दें। साथ ही किसी भी अफवाहपूर्ण या भ्रामक संदेश को आगे फॉरवर्ड नहीं करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा है कि यदि सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र या उत्तरपत्र वायरल होने की कोई सूचना मिलती है तो संबंधित पोस्ट और उसके यूआरएल की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि उसकी सत्यता की जांच कर दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने की किसी भी साजिश या सूचना की जानकारी आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के मोबाइल एवं व्हाट्सएप नंबर 9031829067 तथा ई-मेल पर दी जा सकती है। इसके अलावा साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी दर्ज कराई जा सकती हैं। ईओयू ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए दोषियों को 10 वर्ष तक के कारावास और एक करोड़ रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता, 2023 में भी परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। बिहार पुलिस ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह या लालच में न आएं और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# फायरिंग मामले में पटना सिविल कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

प्रात : किरण

पटना।। फायरिंग मामले में पटना सिविल कोर्ट ने चर्चित शिक्षक फैजल खान (खान सर) की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुपेश देव ने अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। सोमवार को खान सर के वकील अरविंद कुमार महूआर के द्वारा कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी। इसके साथ ही गिरफ्तार दोनों सुरक्षा गार्ड की जमानत के लिए भी याचिका दायर की गई थी। शनिवार को खान सर के कोर्ट में सरेंडर करने की खबर आई थी, लेकिन उन्होंने सरेंडर नहीं किया। उनके वकील अरविंद कुमार महूआर ने बताया था कि शनिवार को कोर्ट 1:30 बजे बंद हो गया, इसलिए अग्रिम जमानत याचिका दायर नहीं कर पाए। इसके बाद सोमवार को खान सर के वकील ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। सोमवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 30 जून को होगी। दो जून की रात पटना के चर्चित खान सर के कोचिंग सेंटर पर हमला हुआ था। खान सर ने प्रतिद्वंद्वी कोचिंग ज्ञान बिंदु के संचालक पर हमला कराने और फायरिंग करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी की जांच की थी, जिसमें खान सर के गार्ड की पिटाई होते और बैनर पोस्टर फाड़ते लोग दिखाई दे रहे हैं, लेकिन पुलिस ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की थी। सीसीटीवी में कोई भी फायरिंग करते नहीं दिखा था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए ज्ञान बिंदु कोचिंग संचालक रौशन आनंद को गिरफ्तार किया। इसके बाद एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें खान सर के ही गार्ड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस ने खान सर के दोनों गार्ड को गिरफ्तार किया।

# बिहार में आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण




पटना। बिहार सरकार ने सोमवार को राज्य पुलिस प्रशासन में फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के आठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग की ओर से आज यहां जारी अधिसूचना के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक (नागरिक सुरक्षा) पंकज कुमार राज को एससीआरबी का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। उन्हें रेलवे पुलिस महानिरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं तकनीकी सेवाएं एवं संचार की पुलिस महानिरीक्षक एस. प्रेमलथा को मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह विशेष शाखा में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत संजय कुमार को पुलिस महानिरीक्षक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएं में पुलिस उप-महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत सुधीर कुमार पोरिका को एससीआरबी का पुलिस उप-महानिरीक्षक बनाया गया है।पदस्थापन की प्रतीक्षा में चल रहे पुलिस अधीक्षक, बिहार पुलिस मुख्यालय,कुमार गौतम को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-5, पटना का समादेष्टा नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस उप-महानिरीक्षक (यातायात) सुशांत कुमार सरोज को आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) का पुलिस उप-महानिरीक्षक बनाया गया है। वे यातायात विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। इसी तरह बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में पुलिस उप-महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत दीपक रंजन को अपराध अनुसंधान विभाग की डकैती निरोध शाखा का पुलिस उप-महानिरीक्षक बनाया गया है।

**बधाई** पीएम मोदी के केंद्र में 12 साल पूरे होने पर सीएम सम्राट ने उन्हें बधाई पत्र भेजा

# पीएम मोदी के 12 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में भारत काफी आगे बढ़ा और बिहार भी समृद्ध हुआ : सीएम सम्राट

प्रात : किरण



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम युग बताया है। उनके अनुसार, पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर तेजी से आगे बढ़ा है और केंद्र तथा राज्य (डबल इंजन सरकार) के प्रयासों से बिहार में अभूतपूर्व समृद्धि आई है। दरअसल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी के केंद्र में 12 साल पूरे होने पर उन्हें बधाई पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। वर्ष 2015 में बिहार के विकास के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये की पीएम पैकेज की घोषणा की गयी। इसमें 54 हजार 7 सौ करोड़ रुपये सड़क एवं पुलों के निर्माण के लिए दिये गये थे। वर्तमान में बिहार सरकार का बजट 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये है। इसमें भारत सरकार का काफी बड़ा योगदान राज्य को प्राप्त होता है। राज्य सरकार अपने संसाधन से लगभग 75 हजार करोड़ रुपये जुटा पाती है। शेष राशि केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी एवं सहायक अनुदान आदि से प्राप्त होता है। हाल ही में बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सडक, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण, बिहार में मखाना बोर्ड का गठन, नये एयरपोर्ट का विकास आदि के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। आपके नेतृत्व में कोसी महासेतु का निर्माण कार्य पूरा कराकर इसे पुनः जोड़ा गया। गंगा नदी पर गांधी सेतु का जीर्णोद्धार, मोकामा में राजेन्द्र सेतु के समानान्तर नये 6 लेन पुल का निर्माण एवं मुंगेर में श्रीकृष्ण सेतु का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही गंगा नदी पर पटना में गांधी सेतु के समानान्तर नये पुल का निर्माण, जे०पी० सेतु के समानान्तर नये पुल का निर्माण, दीघवारा-शेरपुर में नये पुल का निर्माण एवं भागलपुर में विक्रमशीला सेतु के समानान्तर नये पुल का निर्माण किया जा रहा है। आपके दिशा-निर्देश के बाद से बिहार में पहली बार 5 एक्सप्रेस-वे सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। आपने बिहार में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों विशेषकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत की है। पटना मेट्रो का काम तेजी से जारी है। साथ ही इस वर्ष के बजट में पटना होकर जाने वाली हाई स्पीड ट्रेन की घोषणा की गयी है। पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन बनने से राज्य के विकास की झलक मिल जाती है। इसके अतिरिक्त दरभंगा एवं पूर्णिया में नये एयरपोर्ट का निर्माण कराया गया है तथा बिहटा में निर्माण कार्य जारी है। आपके दिशा-निर्देश पर राज्य के दूसरे एम्स का निर्माण दरभंगा में कराया जा रहा है। साथ ही राज्य में 5 नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के निर्माण में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बागमती-बूढ़ी गंडक रिवर लिंक योजना लगभग पूरी हो गयी है तथा कोसी मेंची रिवर लिंक योजना का कार्य कराया जा रहा है। पी०एम० गतिशक्ति के तहत योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा से योजनाओं के क्रियान्वयन में काफी तेजी आयी है। विकास के साथ विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण पर भी आपका मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है। राज्य में माँ सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम में एक भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ किया गया है। केन्द्र सरकार के द्वारा इस स्थली को भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से रेल सेवा एवं राम जानकी पथ से जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त नालन्दा एवं गयाजी में भी कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गयी है। आयुष्मान भारत योजना से बिहार में लगभग 5 करोड़ लोग जुड़े हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से कृषि कार्य में लगे हमारे लगभग 1 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से राज्य के लगभग 8 करोड लोग लाभ प्राप्त कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा और विकसित भारत-समृद्ध बिहार के सपने को पूरा करेगा।

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि आज देश के इतिहास में आपने भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सबसे अधिक समय तक जनसेवा का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आपके 12 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में भारत काफी आगे बढ़ा है और बिहार भी समृद्ध हुआ है। इसके लिए आपको हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आपका मार्गदर्शन एवं सहयोग हमें लंबे समय तक मिलता रहेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



संक्षिप्त खबरें

## नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5.42 ग्राम स्मैक के साथ युवक दबोचा गया

फतुहा। नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत जेठुली गांव में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जयमोद कुमार (पिता- भोला प्रसाद) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 15 डिब्बों में रखी कुल 5.42 ग्राम स्मैक बरामद की है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर स्मैक के स्रोत और इससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। नदी थाना पुलिस ने कहा है कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## 70 प्रतिशत युवाओं के लिए पहली नौकरी पाना हुआ अधिक चुनौतीपूर्ण : इनडीड सर्वे

पटना। इनडीड की नई फ्रेशर हायरिंग रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 70 प्रतिशत नौकरी तलाशने वाले युवाओं का मानना है कि आज पहली नौकरी हासिल करना 3 से 5 साल पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। भारत में 2,633 युवाओं पर किए गए सर्वे में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, अनुभव की मांग और सीमित अवसरों की चुनौती सामने आई।

रिपोर्ट के मुताबिक 72 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि एंट्री-लेवल नौकरियों के लिए भी पूर्व अनुभव मांगा जाता है। वहीं केवल 14 प्रतिशत युवाओं को उम्मीद है कि उनकी पहली नौकरी उनकी कंपनी, पद और स्थान संबंधी अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। 43 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि उनकी पहली नौकरी वित्तीय दबाव या सीमित अवसरों से तय हो रही है। सर्वे में शामिल 61 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि नौकरी के लिए आवेदन करने के बाद उन्हें बहुत कम या लगभग कोई जवाब नहीं मिलता, जबकि 49 प्रतिशत के लिए शॉर्टलिस्ट होना सबसे बड़ी चुनौती है।

# शिक्षा क्रांति की ओर बिहार का ऐतिहासिक कदमः 695 आदर्श विद्यालय, 25,220 स्मार्ट क्लास और 2,577 आईसीटी लैब्स से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर

प्रातः किरण संवाददाता





बिहार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी जी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में श्री तिवारी जी ने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व नवाचारों एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं से केंद्रीय मंत्री को विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

बिहार सरकार के सात निश्चय-3 (2025झ30) के अंतर्गत ह्लउन्नत शिक्षा झ उज्ज्वल भविष्यह्न की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने निर्णय किया है कि राज्य के सभी जिला स्कूलों एवं प्रत्येक प्रखण्ड में अवस्थित एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मिलाकर कुल 540 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पूर्व से संचालित 155 राजकीय एवं राजकीयकृत विद्यालयों को भी इसी योजना के अंतर्गत उन्नत किया जाएगा। इस प्रकार बिहार में कुल 695 विद्यालय आदर्श विद्यालय के रूप में रूपांतरित होंगे, जो राज्य की शिक्षा प्रणाली में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगा।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी जी ने कहा कि बिहार सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि प्रदेश का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। सरस्वती विद्या निकेतन इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा और माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बिहार को देश का शिक्षा मॉडल राज्य बनाने की ओर राज्य सरकार निरंतर अग्रसर है।

श्री तिवारी जी ने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि राज्य सरकार शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए एक बहुआयामी कार्यक्रम पर काम कर रही है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में दो विद्यालयों का चयन करते हुए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 1,068 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रयोगशालाओं का अधिष्ठापन किया जाएगा। इसी क्रम में राज्य में कुल 2,577 क्ळ्ळ छुं२ का अधिष्ठापन एवं संचालन प्रस्तावित है, जिससे डिजिटल शिक्षा को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जा सके। साथ ही, राज्य के विद्यालयों में 25,220 स्मार्ट क्लास संचालित एवं स्थापित किए जाएंगे, जो तकनीक-सक्षम अध्यापन को सुनिश्चित करेंगे।बिहार सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के पूर्णतः अनुरूप है। सरस्वती विद्या निकेतन योजना न केवल विद्यालयों के भौतिक उन्नयन की बात करती है, बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता, डिजिटल एकीकरण एवं कौशल विकास को भी उतनी ही प्राथमिकता देती है।

## 23 प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का होगा आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिले के भी सभी 23 प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी, पटना द्वारा इसकी तैयारियों की समीक्षा की गई तथा पदाधिकारियों को सरकार के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी 23 प्रखंडों में लगाया जाने वाला यह दो-दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर 16 जून, 2026 को पटना जिला के 23 प्रखंडों के 41 ग्राम पंचायतों और 17 नगर निकायों के विभिन्न वार्डों के लिए चिन्हित स्थलों पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के अतिरिक्त होगा। उन्होने कहा कि प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

इसी प्रयोजन से राज्य के सभी प्रखंडों में इन शिविरों का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। दो-दिवसीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाया जाएगा। इन योजनाओं में आयुष्मान भारत-पीएम-जेएवाई (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना), आयुष्मान वय वंदना कार्ड (70प्लस वर्ष), सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धा, विधवा, दिव्यांग), पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लखपति दीदी (एसएचजी लिंकेज), पीएम स्वनिधि, विकसित भारत-जी राम जी (वीबी-जी राम जी), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), मुख्यमंत्री कन्या उत्थान/छात्रवृत्ति योजनाएँ, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाएँ, बिहार बिल्डिंग एण्ड अदर कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स (बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण) बीओसीडब्ल्यू-निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री स्वयं-सहायता भत्ता योजना एवं अन्य योजनाएँ शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर स्थलों पर विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र लाभुकों को आवेदन/निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी इत्यादि लंबित कार्यों का निपटान एवं योजनाओं के देय लाभ का वितरण किया जाएगा।

## महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के खिलाफ राजद का एक दिवसीय धरना, सरकार पर जमकर बरसे नेता

प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) फतुहा प्रखंड इकाई की ओर से मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में बिहार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध तथा किसानों की जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने की। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी और डकैती जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में महागठबंधन सरकार के दौरान लाखों युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया गया था और जो काम वर्षों में नहीं हो सका, वह तेजस्वी यादव के नेतृत्व में कम समय में संभव हुआ। नेताओं ने किसानों की जमीन को निजी कंपनियों के हाथों सौंपने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हुए कहा कि किसान अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। धरना में राजद के वरिष्ठ नेता शिवपूजन प्रशांत, नवल किशोर प्रसाद सिंह, नगर अध्यक्ष दयानंद प्रसाद सिंह, जिला महासचिव भोला सिंह, महिला प्रखंड अध्यक्ष रवीता कुमारी, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष श्यामनंदन यादव, पूर्व जिला प्रवक्ता मृत्युंजय यादव, मंटू कुमार यादव, मनोज यादव, संतोष कुमार, सुजीत कुमार, गौतम कुमार, अफरोज अख्तर, सिद्धेश्वर दास, मनोज चंद्रवंशी, शंकर यादव, प्रभाकर कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप अंबेडकर, राधेश्याम जी, जयपाल यादव, धर्मवीर कुमार, मनोज यदुवंशी सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होटलों में मिली अग्नि सुरक्षा की कमी एक सप्ताह में सुधार का निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत मुजफ्फरपुर अग्निकांड के बाद अग्निशमन विभाग ने नगर में विशेष सतर्कता अभियान चलाते हुए 36 होटलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सभी होटलों में अग्नि सुरक्षा से जुड़ी कुछ न कुछ कमियां पाई गईं। इसके बाद संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया हैमंगलवार को सहायक जिला अग्निशमनपदाधिकारी शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया। अभियान की शुरूआत नेहरू पथ स्थित होटल द रेड वेलवेट और होटल डायमंड इन से की गई। जांच में दोनों होटलों में फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं होने की बात सामने आई।

शशिकांत प्रसाद शर्मा ने बताया कि द रेड वेलवेट को एक वर्ष पूर्व भी सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक आवश्यक सुधार नहीं किए गए हैं। वहीं होटल डायमंड इन में कई अग्निशमन यंत्र निष्क्रिय पाए गए। रेस्टोरेंट में भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिली।उन्होंने बताया कि निरीक्षण किए गए 36 होटलों में विभिन्न प्रकार की कमियां मिली हैं। सभी होटल संचालकों को जल्द सुधार करने का निर्देश दिया गया है। समय सीमा के भीतर अनुपालन नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वैद्यनाथ धाम से लौट रहे परिवार की कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, छह घायल



बख्तियारपुर। पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर मंगलवार सुबह होटल महाविहार के समीप एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले का एक परिवार झारखंड स्थित वैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर चारपहिया वाहन से वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही दो लोगों की जान चली गई। दुर्घटना में तीन बच्चे, चार महिलाएं तथा चालक समेत कुल आठ लोग घायल हुए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से वाहन से बाहर निकालकर बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। बख्तियारपुर थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गई है।

## दानापुर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रखंड कार्यालय परिसर मेंएकदिवसीय धरना दिया गया।जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का कार्यकाल गरीबों के हित में नहीं है।महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध बढ़ता जा रहा है और शिक्षा व्यवस्था लचर हो गई है। बावजूद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को कोई फर्क नहीं पड़ता है। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद सिंह यादव एवं संचालन नगर अध्यक्ष अर्जुन पासवान ने किया। धरना को राजेश पाल, अफरोज आलम, मौलवी हसन उर्फ मखन, मुकुंद सिंह, पप्पू यादव समेत अन्य कार्यकताओं ने संबोधित किया।

## एक महिला फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैनपुरा में तीन बच्चे की मां पारिवारिक परेशानी से तंग आकर फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली।खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक बिहटा के पथलौटिया निवासी स्व दिनेश यादव की 32 वर्षीय पत्नी उषा कुमारी है।दो साल पहले पति का देहांत होने के बाद मैनपुरा में किराये के मकान में रहती थी और चौका बर्तन करती थी। मंगलवार को सुबह दस ग्यारह बजे काम करने नहीं गई और कमरा अंदर से बंद था। जबकि नौ बजे तक रोजाना काम करने चली जाती थी।मकान मालिक द्वारा काफी आवाज देने के बाद भी कमरा नहीं खुला तो पुलिस को खबर किया। लोगों ने बताया कि उषा ने अपने तीनों बच्चों को अपने मायके दीदारगंज महुली भेज दी थी। खबर पाकर मृतक के पिता कामेश्वर सिंह सपरिवार रोते चिल्लाते हुए पहुंचे। सिंह ने बताया कि दामाद के निधन के ससुराल वालों का उषा के साथ अच्छा व्यवहार नहीं रहता था।

## सुरक्षा जवान पद हेतु 13 जून को विभूतिपुर में लगेगी जॉब कैंप

प्रातः किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। एसआईएस लिमिटेड द्वारा सुरक्षा जवान हेतु समस्तीपुर जिला में दो सौ रिक्तियां अधिसूचित की गई है। यह रिक्तियां बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास के तहत अधिसूचित है।

जिसके लिए विभूतिपुर प्रखंड परिसर में 13 जून को एकदिवसीय जब कैंप का आयोजन किया जाएगा।जिसमें सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सीआईटी, जीटीओ जैसे पोस्ट बताया गया है। योग्यता दसवीं पास, उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष, मासिक वेतन 15000 से 33000 बताया गया है। इस कैंप में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भाग लेंगे। इस नियोजन कैंप में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का नियोजनालय से निबंध अनिवार्य है।

आवेदकों को का चयन एस आई एस लिमिटेड के मापदंडों के अनुसार किया जाएगा। कैंप की जानकारी सभी संबंधित को दी गई है। उक्त बात की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के नाम पत्र निर्गत कर दी है।

## दानापुर रेल मंडल में अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर खगौल रेल पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर रेल मंडल में अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर रेलवे समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जन-सामान्य में जागरूकता पैदा करने के लिये प्रभात फेरी निकाली गई, जो कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर दानापुर स्टेशन तक गया, जिसका नेतृत्व विनोद कुमार, मंडल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया।इस क्रम में समपारों लेवल क्रॉसिंग तथा विभिन्न स्टेशनों पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क उपयोगकताओं को रेलवे समपारों पर सतर्कता अपनाने से संबंधित नियमों को विशेष रूप से समपार लेवल क्रॉसिंग, पार करते समय खतरों के बारे में जागरूक किया गया है।इसी क्रम में मंडल के विभिन्न रेल खण्डों पर स्काऊट एवं गाईड के सदस्यों एवं रेलवे पर्यवेक्षकों द्वारा सड़क उपयोगकताओं को मोटर वाहन से संबंधित संरक्षा बरतने की जानकारी दी गई साथ ही साथ संरक्षा से संबंधित पॉमप्लेट्स का वितरण किया गया

# गांधी के सपनों के भारत पर युवाओं ने रखे विचार, स्वयंसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व पर हुआ मंथन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को पटना स्थित गांधी संग्रहालय में मेरे सपनों का भारत विषय पर एक विशेष संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को महात्मा गांधी के विचारों, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा वर्तमान भारत में उनकी प्रासंगिकता से परिचित कराना था। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें वे विद्यार्थी भी शामिल थे जिन्होंने हाल ही में प्रेम यूथ फाउंडेशन के साथ अपनी स्वयंसेवा पूर्ण की है तथा कई विद्यार्थी वर्तमान में भी स्वयंसेवा से जुड़े हुए हैं।कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक नमन एवं उनके विचारों के स्मरण के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं ने अपने संबोधन में ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत की जहाँ समान अवसर, सामाजिक न्याय, स्वच्छता, नैतिकता, शिक्षा, रोजगार और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्राप्त हो। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम में गांधीजी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला तथा बताया कि उनके सत्य, अहिंसा और सेवा के सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप समन्वयक एवं प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. मोहम्मद अली थे। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी का मानना था कि समाज में परिवर्तन लाने की शुरूआत स्वयं के भीतर सकारात्मक बदलाव से होती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यवहार, विचार और कार्यों में सकारात्मकता, ईमानदारी और संवेदनशीलता को स्थान दे, तो एक बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।डॉ. अली ने आगे कहा कि गांधीजी द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय का विचार आज भी भारत के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी नीति या योजना की सफलता का वास्तविक मापदंड यह होना चाहिए कि उससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को कितना लाभ पहुंचता है। जब विकास की धारा समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्ग तक पहुंचेगी, तभी गांधी के सपनों का भारत साकार हो सकेगा।कार्यक्रम में गांधी संग्रहालय के भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन, संघर्षों और उनके विचारों से जुड़ी अनेक प्रेरणादायक बातें बताईं। उन्होंने कहा कि गांधी केवल एक राजनीतिक नेता नहीं थे, बल्कि वे एक ऐसे विचार थे जो मानवता, नैतिकता और सामाजिक समरसता की बात करते हैं। उन्होंने युवाओं से गांधी साहित्य पढ़ने और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया।प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से प्रेम जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवा केवल समाज सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवाओं को स्वयंसेवा, सामाजिक सहभागिता और विभिन्न प्रकार की इंटर्नशिप से जुड़कर सीखने तथा अपने अनुभवों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के साथ काम करने से युवाओं में नेतृत्व, संवेदनशीलता, संवाद कौशल और समस्याओं को समझने की क्षमता विकसित होती है।इसके अतिरिक्त मंच पर उपस्थित गाँधी संग्रहालय के संयुक्त सचिव मो आशिफ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधीजी के जीवन से जुड़े अनेक रोचक प्रसंग साझा किए। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को गांधी के व्यक्तित्व और उनके संघर्षों को एक नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान किया।कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक पक्ष यह रहा कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अत्यंत बेबाकी और आत्मविश्वास के साथ गांधीजी के विषय में वर्तमान पीढ़ी की सोच को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने बताया कि आज का युवा गांधीजी के सामाजिक परिवर्तन, नैतिक नेतृत्व और जनभागीदारी के एक सशक्त प्रतीक के रूप में देखता है। प्रतिभागियों ने अपने स्वयंसेवा अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ कार्य करने से उन्हें जीवन और जिम्मेदारियों को समझने का नया दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है।

## गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत निमतल्ला रोड में श्रीमद् भागवत कथा को लेकर नगर में गाजेबाजी के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। खगौल के नीमतल्ला रोड में विश्व कल्याण की कामना को लेकर आयोजितश्रीमद्भागवत कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हो गई। मंगलवार की सुबह गाजे बाजे के साथ नीमतल्ला रोड से निकली कलश यात्रा लख पर पहुंची जहां से कलश में गंगा जल लेकर महिलाएं कथा स्थल पर पहुंची। भगवान की जयकारा लगाते हुए रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित महिलाएं एवं पुरुष कलश लिए यात्रा में शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा आगामी 15 जून तक चलेगी। जिसमें श्रीधाम वृंदावन के स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज श्रीमद्भागवत की कथा सुनाएंगे। 15 जून को समापन के साथ हवन और भंडारक का आयोजन होगा।

## फसलों के लिए फसल बीमा योजना बिहार में चालू किया जाए : संयुक्त किसान मोर्चा

पटना । प्रीमियम मुक्त सभी फसलों का खेसड़ा आधारित फसल बीमा लागू हो। सम्राट मंत्रिमंडल द्वारा बिहार में फिर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चालू करने के निर्णय का संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार स्वागत करता है। साथ ही सरकार से हमारी मांग हैं कि किसानों को प्रीमियम मुक्त खेसरा आधारित सभी फसलों के लिए फसल बीमा योजना बिहार में चालू किया जाए।फसल बीमा का लाभ बटाईदार किसानों को भी मिले।बिहार में वर्ष 2006 से बंद पड़े कृषि बाजार समिति को पुनः चालू किया जाए।संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति की ओर से किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह, डॉ आनंद किशोर, भूप नारायण सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल कुमार सिंह, आशीष रंजन, रामचंद्र आजाद, भोला यादव, नरेश आदि थे।

## जिलाधिकारी के निदेश पर पटना शहर में आठवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निदेश पर पटना शहर में जून माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज आठवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ से स्टेशन गोलम्बर तथा बेउर मोड़ से सिपारा पुल बाईपास तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 टीपर बालू, 1 हाईवा ईंट का टुकड़ा जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 22,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

## बिहार में शिक्षा का नवाचार: डिजिटल स्टोरीज और सामुदायिक सहभागिता से बदल रही सीखने की तस्वीर

प्रातः किरण संवाददाता



शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित ह्लउअटंछ का कैम्प झ समर कैम्प 2026ह्न राज्य के लाखों बच्चों के लिए सीखने, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के नए अवसर लेकर आया है। यह अभिनव पहल बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सीखने को आनंददायक और सहभागितापूर्ण बनाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रही है।

मंगलवार को श्री विक्रम विरकर (कअर), निदेशक, प्राथमिक शिक्षा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर में संचालित समर कैम्पों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य के सभी 38 जिलों, 534 प्रखंडों एवं लगभग 28,986 मध्य विद्यालयों को इस अभियान से जोड़ा गया है। हजारों समर कैम्पों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

जहाँ शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज, स्वयंसेवक एवं स्थानीय युवा मिलकर बच्चों के लिए सीखने का जीवंत वातावरण तैयार कर रहे हैं।

निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन की भावना के अनुरूप यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 5 से 6 में जाने वाले बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियों को सीखने के सुनहरे अवसर में बदलते हुए बच्चों को ऐसे अनुभव प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे विद्यालय खुलने पर वे अधिक आत्मविश्वास और बेहतर तैयारी के साथ अपनी पढ़ाई आगे बढ़ा सकें।

समर कैम्प की सबसे बड़ी विशेषता बच्चों के लिए विकसित किया गया आनंदमय शिक्षण वातावरण है। बच्चे डिजिटल कहानियों को बड़े उत्साह से देख और सुन रहे हैं, जिनके माध्यम से वे भाषा, कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति कौशल को सहज रूप से विकसित कर रहे हैं। कहानियों पर आधारित चर्चा, चित्रांकन, लेखन गतिविधियाँ और भूमिका-अभिनय बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा दे रहे हैं।

कैम्पों में खेल-आधारित गणितीय गतिविधियाँ, समूह कार्य, पठन-अभ्यास तथा सहभागितापूर्ण शिक्षण पद्धतियाँ बच्चों को सीखने के प्रति आकर्षित कर रही हैं। प्रारंभिक फीडबैक से स्पष्ट है कि बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ी है, वे अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहे हैं और सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

बैठक में स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण, गतिविधि पुस्तिकाओं की उपलब्धता, डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। निदेशक महोदय ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि प्रत्येक कैम्प में बच्चों को सीखने के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराए जाएँ तथा नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।

# देश को हॉकी में स्वर्ण दिलाने वाली टीम में बिहार के लाल को मंत्री ने किया सम्मानित



- ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार ने टीम के गोलकीपर सावन कुमार को किया सम्मानित
- जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूनार्मेंट में भारत ने जीता था गोल्ड

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। हाल में जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूनार्मेंट (अंडर-18) में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। इस विजयी टीम में गोलकीपर की अहम भूमिका निभाने वाले सावन कुमार बिहार के रहने वाले हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर सूचना एवं जन सम्पर्क, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री, जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष मंत्री श्रवण कुमार ने गोलकीपर सावन कुमार को सम्मानित किया। मंगलवार को सूचना भवन में आयोजित सम्मान समारोह में माननीय मंत्री ने कहा कि बिहार ने हॉकी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह बिहार के लिए पहला मौका है, जब किसी हॉकी खिलाड़ी ने अंडर-18 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सावन कुमार ने न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश का नाम रौशन किया है। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार के सहयोग से हॉकी में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अनुभवी कोच और बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खिलाड़ी भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे। बिहार में खेलों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। सावन की इस जीत से राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी हॉकी खेलने के लिए प्रेरणा मिलेगी। सावन कुमार जैसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि से लेकर सालाना छात्रवृति देने की योजना भी है।

### फाइनल में जापान को 4-1 से हराया

टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने जापान को उसके घरेलू मैदान पर 4-1 से पराजित किया, जबकि सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराया था। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार सावन कुमार को लगभग 16 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगी। साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति योजना के तहत सालाना 20 लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। अंत में कहा कि हमें अपने राज्य की प्रतिभाओं पर पूरा भरोसा है, वे जिस क्षेत्र में कदम रखेंगे सफलता मिलेगी। इस दौरान गोलकीपर सावन कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में हॉकी खेलना शुरू किया था। शुरूआती दिनों में सुबह की ट्रेनिंग और खाली जगहों पर अभ्यास से शुरूआत की। पहला राष्ट्रीय स्तर का मैच 2023 में खेला। आगे कहा कि कोच की मदद से स्केड्यूल, डाइट और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रणनीति को समझते हुए तैयारियां की। सावन के साथ मौजूद कोच शशि कुमार राणा ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान अन्य गोलकीपरों की वीडियो का अध्ययन कर प्रैक्टिस कराई गई। अनुभव के लिए विभिन्न टूनार्मेंट्स में भेजा गया। बिहार में खेल के उभरते हुए माहौल पर सावन कुमार के कोच अजितेश रॉय ने कहा कि सरकार के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों से भी अब प्रतिभाएं उभर रही हैं। साकारात्मक खेल बदलावों पर राज्य के बाहर भी बातचीत होती है। सावन कुमार के माता-पिता ने कहा कि शुरू में उन्होंने बेटे की पढ़ाई पर काफी जोर दिया था, लेकिन बेटे की लगन देखकर हॉकी में उसे प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष रविंद्र शंकरण समेत अन्य मौजूद थे।

# फर्जी निबंधन के आधार पर दाखिल-खारिज करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : दिलीप

- अभियान बसेरा-2 के मामलों में तेजी लाने, तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान और लंबित मामलों के निष्पादन का दिया निर्देश
- दसवें दिन नालंदा, खगड़िया एवं समस्तीपुर जिले के राजस्व कार्यों की हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के कई जिलों में फर्जी निबंधन के आधार पर दाखिल-खारिज किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। निबंधन विभाग द्वारा ऐसे मामलों की रिपोर्ट किए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह स्थिति किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में सभी स्तर के अधिकारी तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

राजस्व विभाग की जिलावार समीक्षा के क्रम में मंत्री ने दसवें दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नालंदा, खगड़िया एवं समस्तीपुर जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि अभियान बसेरा-2 राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और सभी पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इस योजना से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री ने कहा कि एक ही जिले के कुछ अंचल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि कुछ अंचलों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे आपस में नियमित संवाद करें, कार्यप्रणाली पर चर्चा करें तथा बेहतर कार्य कर रहे अंचलों के अनुभवों और नवाचारों को साझा करें।

इससे पिछड़े अंचलों को भी कार्यों में गति लाने में सहायता मिलेगी। राजस्व कार्यों के निष्पादन में आने वाली तकनीकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में जानकार कर्मियों की एक टीम गठित कर तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि राजस्व मुख्यालय स्थित आईटी सेल के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें ताकि ऑनलाइन सेवाओं एवं पोर्टलों से संबंधित समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महा-अभियान, पब्लिक ग्रीवांस एवं सहयोग शिविर से संबंधित सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों से लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा निष्पादन की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी समीक्षा में प्रगति की पुनः जांच की जाएगी और अपेक्षित सुधार नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचल अधिकारी उपस्थित रहे। विभाग के सचिव जय सिंह, विशेष सचिव श्रीमती इनायत खान एवं अपर सचिव श्री प्रशांत सीएच ने विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उनके निष्पादन की समीक्षा की गई।

साथ ही म्यूटेशन डिफेक्ट चेक, ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा, गवर्नमेंट लैंड वेरिफिकेशन, राजस्व महा-अभियान, पब्लिक ग्रीवांस, सहयोग शिविर एवं आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अपर सचिव डॉ महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, विशेष कार्य पदाधिकारी मणिभूषण किशोर, सहायक निदेशक सह जनसंपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# वैश्विक स्तर पर बिहार की प्रतिभा का डंका: प्रवासी बिहारी अब जन्मभूमि के विकास में देंगे योगदान

- सूचना प्रावैधिकी मंत्री ने किया इस पोर्टल का उद्घाटन, राज्य के विकास में सुझाव और निवेश का किया आह्वान
- राज्य में करीब पांच लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित किया जाएगा : मंत्री



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूचना प्रावैधिकी विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि देश-विदेश के आईटी क्षेत्र में बिहार की प्रतिभा का डंका है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह अनुकूल समय है जब बिहारी प्रतिभाएं अपनी जन्मभूमि के विकास में अपना पूरा सहयोग दे सकती हैं। इसके लिए विभाग ने बकायदा पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल के सहारे युवा राज्य से दूर रहते हुए भी अपने कार्यस्थल से अपनी जन्मस्थली के विकास में चेंज मेकर, वालिंटियर और निवेशक की भूमिका निभा सकते हैं। श्री मिश्रा ने ये बातें मंगलवार को डिजिटल प्लेटफॉर्म के तहत स्टेट डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन/ डीआइटी/ सिटीजन होम डॉट एचटीएमएल एंड डीओआइटी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल के उद्घाटन अवसर पर कही। कार्यक्रम पटना के टेक्नोलॉजी भवन सभागार में आयोजित किया गया था। पोर्टल का उद्घाटन मंत्री श्री मिश्रा ने शॉर्ट क्लिप के माध्यम से किया। इस शॉर्ट क्लिप में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का देश और विदेश में रहकर आईटी क्षेत्र में काम करने वाले बिहार की प्रतिभाओं का अपने जन्मभूमि के लिए योगदान देने का आह्वान था।

इस अवसर पर मंत्री श्री मिश्रा ने कहा कि विभाग ने एक नई पहल के तहत पोर्टल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि काफी प्रतिभाएं देश-दुनिया में बाहर रहती हैं और उनके भीतर बाहर रहते हुए भी बिहार की धरती के लिए काम करने की भूख बनी रहती है। ऐसे विचार उनकी ओर से अक्सर सोशल माध्यमों से जाहिर किया जाता रहा है। पोर्टल की शुरूआत का उद्देश्य बिहार से बाहर रहने वाले युवाओं को राज्य के विकास में सुझाव-समस्या का समाधान देने, निस्वार्थ सहयोग करने के साथ-साथ यहां के लिए निवेश करने की इच्छा व्यक्त करने का सशक्त माध्यम उपलब्ध कराना है।

उन्होंने देश-दुनिया में रहकर तकनीकी क्षेत्र में सेवा दे रहे युवाओं को बिहार आकर यहां स्टार्टअप डालने और यहां के विकास में अपना सहयोग देने का आह्वान किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सरकार ने राज्य में निवेश के लिए एक लाख 81 हजार करोड़ रुपए की एमओयू साइन किए थे। इसमें करीब एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का लक्ष्य है कि बिहार के विकास में भविष्य में करीब पांच लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर जल्द ही उभरता और आगे बढ़ता हुआ बिहार का तस्वीर सामने आएगा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सूचना प्रावैधिकी विभाग की ऑफिशियल साइट के माध्यम से पोर्टल पर जाया जा सकता है। यहां युवाओं के लिए चेंज मेकर बनने, वॉलिटियर करने और इंवेस्ट करने के सुझाव के विकल्प दिए हुए हैं। इससे पहले स्वागत उद्बोधन में सचिव अभय कुमार ने कहा कि मंत्री चाहते थे कि तकनीकी क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रहकर अपनी सेवा देने वाले प्रतिभाओं का बिहार के विकास में योगदान सुनिश्चित किया जाय, इसी के दृष्टिकोण से पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इस पोर्टल के सहारे राज्य की प्रगति संबंधी सुझाव आमंत्रित करने, पॉलिसी इंवेस्ट में उन्हें शामिल करने का विकल्य उपलब्ध है।

# भ्रामक प्रचार की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन की छवि जनता के बीच नकारात्मक बनी है : विजय



- जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बोलें उपमुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चैधरी, मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल एवं मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन एवं कार्यकताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का प्रदेश कार्यालय पहुंचना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वे कार्यकताओं एवं आमजन की समस्याओं के प्रति सदैव संवेदनशील एवं सजग रहते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तथा इसके लिए पार्टी के सभी मंत्रियों का रोस्टर निर्धारित है। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार स्वयं इस कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग करते हैं तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण कर व्यवस्था एवं शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा भी करते हैं। केंद्र में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने प्रधानमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीए सरकार आगे भी जनकल्याण एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि झूठ एवं भ्रामक प्रचार की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन की छवि जनता के बीच नकारात्मक बनी है। बिहार चुनाव में एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाए जाने संबंधी किए गए दुष्प्रचार की वास्तविकता अब सबके सामने आ चुकी है। मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि किरायेदारों से सरकार द्वारा निर्धारित बिजली दरों के अनुसार ही शुल्क लिया जाना चाहिए। यदि कहीं अनियमितता अथवा अधिक वसूली की शिकायत सामने आती है तो विभाग संज्ञान लेकर मामले की जांच करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिहार में बिजली कटौती जैसी कोई व्यापक समस्या नहीं है।

# थैलेसीमिया पीड़ित 5 बच्चों का नया बैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए भेजा गया वेल्लोर : निशांत

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- अब तक 7 बैचों में 43 बच्चों का किया गया है सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट

प्रात : किरण संवाददाता





पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वस्थ भविष्य प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के अंतर्गत थैलेसीमिया (मेजर) से पीड़ित 5 बच्चों के नए बैच को आज तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए भेजा गया। यह योजना के तहत भेजा जाने वाला आठवां बैच है। इससे पूर्व सात बैचों में कुल 43 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को स्थायी उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं देखभाल के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में 6 एकीकृत डे-केयर केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मरीजों को जांच, रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन), आयरन चेलेटिंग दवाएं तथा एंटी हेमोफिलिक फैक्टर सहित आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री निशांत ने कहा कि 12 वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों के लिए संचालित इस योजना के तहत बिहार सरकार ने सीएमसी वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन किया है। ऐसे बच्चों, जिनका भाई या बहन एचएलए मैच करता है, उनका सीएमसी वेल्लोर में पूर्णतः निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जाता है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं उपचार की संपूर्ण प्रक्रिया पर राज्य सरकार प्रति मरीज लगभग 15 लाख रुपये व्यय करती है। इस राशि में मरीज, डोनर एवं अभिभावकों की हवाई यात्रा, उपचार, आवास, भोजन तथा अन्य आवश्यक खर्च शामिल होते हैं, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे के इलाज में बाधा न बने।

# वीणा विद्या निकेतन का 10 दिवसीय समर कैंप उत्साहपूर्वक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वीणा विद्या निकेतन में 31 मई से 9 जून तक आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान रचनात्मक, शैक्षिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नई-नई कौशलों का विकास करने का अवसर प्रदान करना था।

समर कैंप में विद्यार्थियों ने कला एवं शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट), संगीत, नृत्य, ताइक्वांडो, तैराकी तथा विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को बास्केटबॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनमें टीम भावना, अनुशासन एवं खेल भावना का विकास हुआ। कैंप का एक विशेष आकर्षण तारुमित्रा भ्रमण रहा, जहाँ विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस शैक्षणिक भ्रमण ने बच्चों को प्रकृति के साथ जुड़ने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी।

कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने संगीत एवं नृत्य की विभिन्न विधाओं को सीखा, कला एवं शिल्प गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को निखारा तथा तैराकी एवं ताइक्वांडो के माध्यम से शारीरिक दक्षता और आत्मविश्वास में वृद्धि की। समर कैंप का समापन 9 जून को आयोजित भव्य प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने बच्चों की उपलब्धियों और प्रतिभाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

# खजाना पूरी तरह खाली, राज्य में विकास के सारे काम ठप हैं : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दिल्ली से वापस लौटते ही सूबे की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर जोरदार हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने राज्य की चरमराती कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, नीट पेपर लीक और मंत्रियों के वेतन जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर सरकार की जमकर खिंचाई की।तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें पहले से ही पूरा भरोसा था कि सम्राट चौधरी चाहे किसी भी पद पर बैठ जाएं, उनके आचरण और सोच में कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आने वाला। बिहार सरकार का खजाना पूरी तरह खाली हो चुका है। राज्य में विकास के सारे कार्य ठप हैं।

चारों तरफ सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं और आम जनता त्रस्त है।नीट पेपर लीक और महिलाओं के मुद्दों पर उठाए सवाल युवाओं और महिलाओं के अधिकारों की बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि देश और राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। नीट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षाओं के पेपर धड़ल्ले



से लीक हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की माताओं और बहनों को सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि अब तक नहीं दी गई है। यहाँ तक कि बिहार के मंत्रियों को भी समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इन सभी बुनियादी नाकामियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही भाजपा और सम्राट चौधरी नकारात्मक राजनीति का सहारा ले रहे हैं।

# महंगाई , बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध के विरुद्ध राजद का धरना प्रदर्शन सफल और ऐतिहासिक रहा: अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि राजद द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन सफल और ऐतिहासिक रहा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, छात्रों, व्यवसायियों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का मिले व्यापक समर्थन ने साबित कर दिया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति से जनता त्रस्त है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए की केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। राज्य की जनता समय आने पर सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से मुहतोड़ जवाब देगी। राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने पटना के सदर प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया और धरना में उपस्थित साथियों को संबोधित किया।

### भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है : सभापति

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वो महानायक थे जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी समाज को संगठित किया तथा अन्याय, शोषण और दमन के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंका। अल्पायु में ही उन्होंने समाज में जागृति लाने, आत्मसम्मान की भावना विकसित करने तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जन-आंदोलन का नेतृत्व किया। उनका जीवन साहस, त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने हमें यह संदेश दिया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समतामूलक, न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण का संकल्प लें। भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बना रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य स्मृति को शत-शत नमन।

### सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित राजद का धरना कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के आह्वान पर राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पूरे पटना सहित राज्य भर के प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर पार्टी नेताओं सहित राज्य भर के सभी प्रखंड अध्यक्षों सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक ,पूर्व सांसद ,पूर्व विधायक सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों की सराहना की है। और कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा जनता के मुद्दे और जनहित के सवाल पर सरकार को आइना दिखाती रही है और आगे भी आईना दिखाने का काम करेगी। पूरे राज्य भर के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना कार्यक्रम में लोगों की बड़ी भागीदारी से यह स्पष्ट हो गया की बिहार में सरकार के प्रति जो गुस्सा और रोष राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ है वो धरना में भी देखने को मिला। एजाज ने आगे कहा कि बिहार में गरीबों ,शोषितों , वंचितों, पिछड़ों,अति पिछड़ों, दलितों ,आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है और उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। बिहार में अपराध बढ़ रहे हैं, पराधियों का बोल - बाला है, सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है, महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है, महंगाई चरम सीमा पर है, पेट्रोल- डीजल और रसोई गैस के दामों में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है देश में जो सरकार चल रही है वह आमजन के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रही है और पेट्रोलियम कंपनियों के हितों का सरकार में बैठे हुए लोग उन कंपनियों के मुनाफे का ख्याल रख रहे है।

# वीबी-जी राम जी: बिहार को मिला 6715 करोड़ रुपये का बजट: मंत्री

- वीसी में हुई महत्वाकांक्षी योजना की समीक्षा, बिहार में आवश्यक सभी कार्य पूरे
- विभागीय मंत्री ने कहा, योजना को लागू करने में बिहार से 1890 करोड़ का प्रावधान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) के तहत बिहार के लिए 6715 करोड़ रुपए का अंतरिम बजट निर्धारित किया गया है। साथ ही इस योजना को लागू करने (अकुशल मजदूरी मद में) के लिए राज्य सरकार ने करीब 1890 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाली योजना के लिए बिहार में लगभग सभी कार्य पूरे किए जा चुके हैं। प्रक्रियाधीन गिने-चुने कुछ कार्यों को भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। श्री कुमार ने यह बातें मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ योजना को लागू करने से संबंधी तैयारियों को लेकर आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में कही। इसमें बिहार समेत सभी राज्य जुड़े हुए थे। मंत्री के साथ ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार और दूसरे पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना को लेकर भारत सरकार ने जो भी निर्देश दिए थे, उसके तहत लगभग सभी कार्यों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि योजना को कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है। अकुशल मजदूरी, मैटेरियल, प्रशासनिक मद आदि निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है। योजना संबंधी बैंक खाता खोलने के लिए आरबीआई के यहां आवेदन भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर नियमावली बनाना है, जो एक जुलाई से पहले बन जाएगा। बताया कि राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर बनाए जा चुके हैं। यह जिला स्तर पर जाकर ट्रेनिंग देंगे। उधर, वीसी के माध्यम से राज्यों को संबोधित करने के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि एक जुलाई 2026 से देश भर में वीबी-जी राम जी को लागू कर दिया जाएगा। इस दौरान मनरेगा के तहत चल रहे अधूरे कार्यों को भी इस योजना में शामिल करके कार्यों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी काफी उन्नतिशील योजना है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी इसे लागू करने से लेकर सफलता मिलने तक तीन गुना अधिक ताकत से काम करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि यह कोशिश की जाए कि बिना एक दिन की मजदूरी नुकसान किए बगैर योजना को सफलता दिलाई जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड मुख्यालय पर राजद का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम

मनीगाछी(दरभंगा) राजद के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशालोक में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के विरोध में राजद कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। प्रखंड अध्यक्ष मो अलकमा के नेतृत्व में हुए इस धरना कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक लोग उपस्थित थे। धरना के उपरांत एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम बी डी ओ को दिया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र की सभी अतिक्रमित भूमि को खाली करवाने, निश्चित समय पर गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने, पेंशन भोगियों के बकाया पेंशन शीघ्र देने, चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। बैठक में प्रखंड प्रमुख पवन कुमार यादव, राम लखन यादव, मुकेश महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनसमस्याओं को लेकर राजद का प्रखंड मुख्यालय पर दिवसीय धरना

बेनीपुर(दरभंगा)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के आह्वान पर सोमवार को बेनीपुर प्रखंड मुख्यालय में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जनसमस्याओं के खिलाफ एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीलाम्बर यादव तथा संचालन नगर अध्यक्ष गयासुद्दीन उर्फ तनवीर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए महंगाई, भ्रष्टाचार और सरकारी कार्यालयों में व्याप्त कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई। जिला प्रभारी मिथिलेश सहनी ने कहा कि बिना पैसे गरीबों का काम नहीं हो रहा है और सरकारी व्यवस्था भ्रष्टाचार की चपेट में है। धरना के बाद राजद प्रतिनिधिमंडल ने दंडाधिकारी सह प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रुपेश कुमार राय को ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण, मनरेगा में रोजगार, भ्रष्टाचार पर रोक, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग की। प्रखंड अध्यक्ष नीलाम्बर यादव ने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर राजद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा।

### 11 हजार वोल्ट की तार के चपेट में आने से अधेड़ की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर प्रखंड के शिवराम पंचायत अंतर्गत उफरदहा गांव में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान उफरदहा निवासी नागो पासवान (55) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नागो पासवान पशुओं के लिए चारा काटने गाछी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जमीन पर गिरे हाई-वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता लालबाबू झा उर्फ लाल बाबा ने आरोप लगाया कि बिजली तार लंबे समय से जर्जर था और इसकी मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने कई बार विभाग को आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने हादसे के लिए विभागीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए, जबकि पुलिस व प्रशासन के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था।

### एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता, 5.100 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

मधुबनी। जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के जवानों और जयनगर थाना पुलिस बल के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में 5.100 किलोग्राम गांजा के साथ मामले में एक तस्कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पटना गद्दी चौक के समीप से 48वीं वाहिनी एसएसबी जयनगर की एफ कंपनी कमला एवं सीमा चौकी बेतौन्हा तथा जयनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जयनगर रेलवे स्टेशन के पास पटना गद्दी चौक के समीप सीमा स्तंभ संख्या 271/हव-1 से लगभग 1.7 किलोमीटर की दूरी पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक भारतीय नागरिक महेश यादव को 5.100 किलोग्राम संदिग्ध गांजा एवं एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद पदार्थ की प्रारंभिक जांच ड्रग डिटेक्शन किट से की गई तथा अभियान में डॉग स्क्वाड एवं ड्रोन की भी सहयोग लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति ने बताया कि वह उक्त संदिग्ध गांजा नेपाल के सिराहा जिले से लाया था तथा उसे हैदराबाद (भारत) में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। बरामद संदिग्ध गांजा, मोबाइल फोन एवं गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना जयनगर को सुपुर्द किया जा रहा है।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा : संजय सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



अलिनगर(दरभंगा)। लोक सेवक आवास पर दरभंगा पूर्वी भाजपा महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश के समग्र विकास, संगठन की मजबूती तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। भेंट के दौरान संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगों एवं जनहित के मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत संरचना, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सरल व्यक्तित्व, कर्मठ नेतृत्व एवं बिहार के विकास के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र राष्ट्र सर्वोपरि है और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में बिहार विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा। बैठक के दौरान दरभंगा जिले में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर भी विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। संगठन विस्तार, कार्यकर्ता सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए स्नेह, मार्गदर्शन एवं सकारात्मक आश्वासन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए बिहार के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जिले में एलपीजी और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति प्रशासन ने कहा—घबराने की जरूरत नहीं

- होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश, उपभोक्ताओ को परेशान करने वाली एजेंसियो पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और नियंत्रित है। जिला प्रशासन ने बताया कि 9 जून 2026 तक जिले में कुल 46,658 एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है तथा जिले की 99 गैस एजेंसियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन के अनुसार अनियमितता पाए जाने पर पूर्व में चार गैस एजेंसियों को सील किया जा चुका है। उपभोक्ताओं के हितो से खिलवाड़ करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। 2 मार्च से 8 जून 2026 तक जिले में 13.73 लाख गैस बुकिंग दर्ज की गई हैं। केवल 8 जून को 13,105 बुकिंग प्राप्त हुईं, जबकि उसी दिन 16,436 सिलेंडरो की आपूर्ति जिले को मिली। जिला प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों को शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त राशि वसूलने, उपभोक्ताओं को परेशान करने या वितरण में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक गैस बुकिंग, जमाखोरी एवं पेट्रोल-डीजल के भंडारण से बचने की अपील की है। किसी भी शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276 -222576 पर संपर्क किया जा सकता है। जिले में 859.9 हजार लीटर पेट्रोल तथा 1169.5 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने कहा है कि ईंधन की आपूर्ति सामान्य है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# जयनगर थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया

## डीएसपी सदानंद कुमार की बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार



मधुबनी । जयनगर डीएसपी सदानंद कुमार जयनगर थाना पुलिस बल के साथ शराब मामले में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब की खेप को जब्त करते हुए मामले में तीन शराब तस्कर धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। शराब मामले में पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई में मिली सफलता को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते थाना क्षेत्र के कमला नदी से रात के अंधेरे में टपाई जा रही शराब बड़ी खेप को बरामद कर जब्त करते हुए मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शराब की खेप को जब्त करते हुए मामले गिरफ्तार आरोपियों को आगे की कार्रवाई हेतु थाना लाया गया। प्लास्टिक की बोरियों में रखे जब्त शराब में लगभग 1050 बोतल 315 लीटर शराब है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के कोरहिया निवासी लगभग 40 वर्षीय जितेंद्र मुखिया और लगभग 42 वर्षीय उमेश मुखिया एवं लगभग 46 वर्षीय छेदी मुखिया बताया जाता है। मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जनभागीदारी से बनेगी विकास की मजबूत नींव

- पंचायत प्रतिनिधियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। पंचायतों में जनभागीदारी आधारित विकास योजनाओं के निर्माण और 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को डीआरडीए सभागार, मधुबनी में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने की प्रक्रिया तथा पीपुल्स प्लान कैंपेन (पीपीसी) के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव, उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास का आधार है। स्थानीय जरूरतों, उपलब्ध संसाधनों और आम लोगों की भागीदारी को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों के उप जिला परिषद अध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) एवं प्रखंड कार्यपालक सहायक शामिल हुए। प्रतिभागियों को पंचायत स्तरीय संसाधनों के आकलन, ग्राम सभा की भूमिका, विभागीय अभिसरण, पीपुल्स प्लान कैंपेन के विभिन्न चरणों तथा 16वें वित्त आयोग से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में नोडल पदाधिकारी विकास कुमार मिश्रा, नोडल पदाधिकारी (आरटीपीएस) रजनीश कुमार, कमलेश कुमार एवं गणेश साहू ने डेटा आधारित योजना निर्माण, विकास प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना केवल एक औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि पंचायतों के समग्र विकास का रोडमैप है। इसके माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी योजनाओं के निर्माण का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा विकास प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनेगी।

# जयनगर में संदिग्ध अवस्था में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया



- शव को पोस्टमार्टम हेतू भेजा, शव की शिनाख्त व मामले की जांच में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना क्षेत्र के बाबा भूतनाथ कुटी बलडीहा के समीप इनर्वा जाने वाले बांध के पास मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था शव लोगों व राहगीरों ने देखा। शव देखे जाने पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ गई। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पा कर थाना अध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ शव देखे गये स्थल पर पहुँच कर शव के शिनाख्त और मामले की छानबीन व आगे की कार्रवाई में जुट गये। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के हेतु भेज दिया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है शव की पहचान हेतु जानकारी इकट्ठा की जा रही है। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष होगा। हर पहलुओं पर जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया गया। मामले की जांच व आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही शव मिलने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# महंगाई बेरोजगारी बदहाल शिक्षा ध्वस्त कानून व्यवस्था व्याप्त भ्ष्टाचार से आम जन है त्रस्त : राजद

- जन हित के मुद्दों के निदान को ले राजद प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिला के जयनगर में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं के द्वारा महंगाई बेरोजगारी बदहाल शिक्षा ध्वस्त कानून व्यवस्था व्याप्त भ्ष्टाचार के खिलाफ और जन समस्याओं के निदान व जन हित से जुड़े मुद्दों शिघ्र समाधान समेत अन्य मांगों को लेकर जयनगर स्थित प्रखण्ड सह अंचल कार्यलय परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अमित यादव के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में राजद के कार्यकताओं ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए धरना कार्यक्रम को सम्बोधित किया। धरना कार्यक्रम में महिला कार्यकताओं ने भी भाग लिया । वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की बेतहासा बढ़ रही महंगाई , बेरोजगारी , बदहाल शिक्षा, ध्वस्त कानून व्यवस्था, व्याप्त भ्ष्टाचार से आम जन युवा किसान महिलाएं परेशान व त्रस्त है और परेशानियों का सामना कर रहे है। वही गैस की आपूर्ति व पेट्रोल डीजल के लिए लंबी लाइनें दिख रही है। लगातार हो रहे पेपड़ लीक का मामला पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त व पारदर्शिता सुनिश्चित करने, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी भ्ष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाने, सरकारी योजनाओं एवं सार्वजनिक खरीद में हो रहे फर्जीवाड़े की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, किसानों को खाद बीज कीटनाशक दवाएं ससमय निर्धारित उचित मूल्य उपलब्ध कराने, भूमिहीनों गरीब कमजोर जरूरत मन्दों उजाड़ने से पहले पुर्नवास की गारंटी सुनिश्चित करने, गैर मजरुआ एवं सरकारी भूमि पर बसे गरीब परिवारों को बासगीत पर्चा प्रदान करने, दलित , गरीबो एवं महिलाओं, आम जनो , व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपराधियों , दोषियों पर कार्रवाई करने, अपराधियों एवं माफियाओं की आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने, सभी भूमहिन परिवारों को 05 डिसिमली आवासीय भूमि तथा पक्का मकान उपलब्ध कराने, धर्म जाती के आधार पर नफरत फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, घरेलू रशोई गैस बुकिंग के तिथि ऊंनम्बर गैस एजेंसियों की मनमानी पर जांच कर कार्रवाई करने , ससमय गैस आपूर्ति करने, बाढ़ सुखाड़ से प्रभावित क्षेत्र की समस्या स्थायी समाधान हो, किसानों का ऋण माफ और फसल क्षति का मुआवजा देने जनसमस्याओं का निदान करने, आज देखा जा रहा है गैस व पेट्रोल डीजल के लिए लाईन में लोग खड़े रहते है। समस्याओ का शिघ्र निदान करने की मांग धरना के साथ किया गया। धरना स्थल पर कार्यकेताओं के द्वारा मांग पत्र प्रशासन के प्रतिनिधि को सौपा गया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता प्रखण्ड पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार यादव, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अमित यादव,सूर्यनाथ यादव, भूषण सिंह, सचिन चौधरी, इदरीस मंसूरी, सुधीरा यादव, अनिला पासवान, राम अवतार यादव, राम उदगार यादव, मिथलेश यादव, जहांगीर हासमी, रामदेव ठाकुर, मो.नौसाद आलम, राम नरेश यादव, चन्देश्वर धनकार, कृष्णदेव यादव, जाकिर हुसैन, रामचंद्र यादव, रामकुमार यादव, लालू यादव, हनुमान प्रसाद , चन्देश्वर यादव, रामनाथ यादव, भरत यादव, रंजीता देवी, किरण देवी, पुरानी देवी, घुरणी देवी, राम भरोस यादव, गीता देवी, भोगी यादव, सुरेश यादव, सुनील कुमार, फैजल, रामविलास यादव, फिरोज, नरेश यादव, विंदेश्वर यादव, अताउबुल रहमान, बाबूराम प्रभाकर, प्रमोद प्रभाकर, नगमा खातून, पुनिता देवी समेत बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया।

# कहानी व रंगमंच विषय पर कार्यशाला आयोजित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संगीत एवं नाट्य विभाग, ललित कला संकाय द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष रंगमंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रो लावण्य कीर्ति सिंह ह्यकाव्याह्ल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में रंगमंच और अभिनय की विविध विधाओं का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नाट्य चेतना का विकास करना तथा उन्हें रंगमंच की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक समझ से समृद्ध करना था। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में कहानी और रंगमंच विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं प्रशिक्षक कुंदन कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने रंगमंच और साहित्य के गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहानी केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि मंच पर जीवन्त होकर समाज से संवाद स्थापित करती है। प्रकृति से जुड़ाव, विचारों पर संयम, कहानियों का संचार, ऑब्जर्व, एब्जॉर्ब एंड परफॉर्म इत्यादि। अभ्यास के माध्यम से अभिनेता की तैयारी कैसी होनी चाहिए। तदुपरांत कार्यशाला के दूसरे सत्र में मुंशी प्रेमचन्द लिखित दो कहानियां सद्गति एवं कफन को प्रस्तुति के लिए चयनित किया गया। चयनित दोनों कहानियों को एक साथ जोड़कर नाट्य प्रस्तुति प्रतिभागियों द्वारा तैयार की जाएगी, जिसका नाम कफन की सद्गति निर्धारित हुआ। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विश्व प्रसिद्ध यूनानी नाटककार साफोक्लीज की कालजयी त्रासदी एंटीगनी का मंचन प्रस्तुत किया गया। नाटक में नैतिकता, मानवीय कर्तव्य, पारिवारिक दायित्व, सत्ता और न्याय के मध्य संघर्ष को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति में चक्रपाणि पाण्डेय, जीशान फजल, अमन कुमार, मो गालिब, मनीष कुमार, हरिश्चन्द्र कुमार, कृष्णा कुमार, पूजा कुमारी, पिंकी कुमारी, मृत्युंजय कुमार पटेल, विकेश साह, राहुल कुमार, सोनाली कर्ण, रशून कुमार, केशव राज, पिंटू कुमार एवं मृत्युंजय शर्मा ने विभिन्न भूमिकाओं का सफल निर्वहन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह ह्यकाव्याह्ल ने कहा कि संगीत एवं नाट्य विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर ऐसे रचनात्मक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने प्रशिक्षक कुंदन कुमार, सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा आयोजन में सहयोग देने वाले शिक्षकों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बीस सूत्री की बैठक में समस्याओं से जुड़े उठे कई सवाल



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में बीस सूत्री की बैठक अध्यक्ष अशोक पटेल की अध्यक्षता तथा समिति के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार के संचालन में हुई। बैठक मे आपूर्ति, बिजली, पीएचईडी,थाना सहित दर्जनों विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 50 प्रतिशत से भी अधिक पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। बैठक में सदस्य मनोज कुमार ने आपूर्ति पदाधिकारी के रवैये पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा घूस का रुपया दबंगतापूर्वक वसूले जाते हैं। महिला डीलर से 30 प्रतिशत कमिशन नहीं देने पर लाइसेंस रद्द करवा देने जैसी धमकी की निंदा किया। वहीं सिंघिया बाजार में बिजली का पोल जो बीच सड़क पर है किनारे करने, सिंघिया घाट चौराहा पर पुलिस बल तैनात करने, आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 20 सिंघिया बुजुर्ग उत्तर का जांच रिपोर्ट की कॉपी सदस्य को देने, पीएचइडी विभाग द्वारा सिंघिया बुजुर्ग उत्तर के वार्ड 9 में अधूरा काम करने, वार्ड 3 में नल जल नहीं चलने आदि सवाल खड़ा किया। वहीं चांदनी देवी ने बेलसंडी तारा के मुखिया द्वारा नाला बनाकर निजी जमीन में पानी बहने जिससे फसल क्षति होने की बात कही। वहीं राहुल कुमार ने जीविका के माध्यम से दस हजार रुपये की राशि देशरी करँख के सैकड़ो महिलाओं को नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। संजीत सहनी ने चकहबीव पंचायत के विद्यालयों में पंखा नहीं होने का मुद्दा उठाया। तरुण सिंह व अन्य सदस्यों ने बिजली का लो वोल्टेज का मुद्दा उठाया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में अनुपस्थित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण का प्रश्न रखा जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ने समर्थन किया। बैठक उपाध्यक्ष दीपक साह, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि, श्याम किशोर कमल, सदस्य मनोज कुमार, चांदनी देवी, राहुल कुमार, चंद्रमणि सिंह, तरुण सिंह, मणिशंकर चौधरी, रामाशीष महतो, अयोध्या पंडित, संजीत साहनी, मोहम्मद इमरान, चंदेश्वर पासवान, शिवजी प्रसाद, अंचल अधिकारी रणधीर रमन, जीविका का बीपीएम संजीव कुमार,बीएओ धीरज कुमार, बीपीआरओ, मनरेगा के पीओ आदि ने भाग लिया।

# खराब चापाकलों की मरम्मत में मधुबनी जिला अव्वल, 5,207 चापाकल हुए दुरुस्त

## डीएम आनंद शर्मा की सख्त मॉनिटरिंग से अभियान में तेजी

- शेष 667 चापाकलों की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिले में आमजन को निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य तेज गति से जारी है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन शाखा की निगरानी में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की प्रगति कीजिलाधिकारी स्वयं प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं, जिससे कार्य में तेजी आई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले के दोनों प्रमंडलों में कुल 5,874 खराब चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 08 जून 2026 तक 5,207 चापाकलों की मरम्मत सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। शेष 667 चापाकलों को भी शीघ्र दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभाग युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुबनी प्रमंडल में निर्धारित 3,213 चापाकलों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2,907 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है, जबकि शेष 306 चापाकलों पर कार्य जारी है। वहीं झंझारपुर प्रमंडल में निर्धारित 2,661 चापाकलों में से 2,300 चापाकलों को दुरुस्त किया जा चुका है तथा शेष 361 चापाकलों की मरम्मत शीघ्र पूरी की जाएगी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी शेष खराब चापाकलों की मरम्मत निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीएचईडी अधिकारियों अथवा जिला नियंत्रण कक्ष (आपदा) के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर उपलब्ध कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# साहित्य की विविधताओं के वाहक थे शंभु अगेही : अमरेश्वरी चरण

दरभंगा। हिन्दी समाहार मंच के तत्वाधान में शंभु अगेही की जयन्ती समारोह का आयोजन स्नेह अगेही शिक्षण संस्थान, शुभंकरपुर में आयोजित किया गया। वर्तमान सामाजिक परिवेश और अगेही साहित्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मैथिली के वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रेश ने कहा कि अगेही एक विचारक थे। समाज में पसरी विषमता और कुत्सित मानसिकता के प्रबल विरोधी थे। विविध मुखी प्रतिभा का साहित्यकार शंभु अगेही का साहित्य जीवन का साहित्य है। वहीं प्रो आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि वे प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे। मौके पर अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने कहा कि देखना, सुनना , समझना और तब लिखना यह उनकी मुल प्रवृति थी। शंभु अगेही ने साहित्य की भिन्न- विधाओं में पुस्तक लिखा। दो मनीषियों का महाप्रयाण , श्यामा माई श्यामा मंदिर एक परिचय, मिथिला में शिव शक्ति साधना की परंपरा आदि गद्य विधा की महत्वपूर्ण पुस्तक है। विनोद कुमार झा ने कहा कि वे मेरे गुरुवर थे। उनका सानिध्य लाभ हमें मिलता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुएअखिलेश कुमार चौधरी ने कहा कि अगेही जी हिंदी ,बज्जिका और मैथिली तीनों भाषाओं में लिखते थे। मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा ने विषय प्रवेश के क्रम में कहा कि शंभु अगेही समाज सेवी थे। जीवनपर्यंत शिक्षा सेवा दी। बज्जिनाद और अक्षर गंगा के संपादक थे। इतने दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए कई पुस्तकें लिखी। इस अवसर पर बिनोद कुमार लाल, चंद्र किशोर झा, प्रो राजकिशोर झा, अरूण कुमार वर्मा , प्रो राज कुमार साह, साधु शरण भगत आदि ने भी अपने विचारों के माध्यम से शंभु अगेही को याद किया। द्वितीय सत्र में बहुभाषा कवि सम्मेलन दौर तालियों और उत्साह से भरा रहा।

# भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त कार्रवाई गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार



- नेपाल से लाई गई गांजे की खेप जब्त, तस्कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के जवानों और जयनगर थाना पुलिस बल के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में 5.100 किलोग्राम गांजा के साथ मामले में एक तस्कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पटना गद्दी चौक के समीप से 48वीं वाहिनी एसएसबी जयनगर की एफ कंपनी कमला एवं सीमा चौकी बेतौन्हा तथा जयनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जयनगर रेलवे स्टेशन के पास पटना गद्दी चौक के समीप सीमा स्तंभ संख्या 271/डब्लू पी -1 से लगभग 1.7 किलोमीटर की दूरी पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक भारतीय नागरिक महेश यादव को 5.100 किलोग्राम संदिग्ध गांजा एवं एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद पदार्थ की प्रारंभिक जांच ड्रग डिटेक्शन किट से की गई तथा अभियान में डॉग स्क्वाड एवं ड्रोन का भी सहयोग लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति ने बताया कि वह उक्त संदिग्ध गांजा नेपाल के सिराहा जिले से लाया था तथा उसे हैदराबाद (भारत) में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। बरामद संदिग्ध गांजा, मोबाइल फोन एवं गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना जयनगर को सुपुर्द किया जा रहा है। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे अभियानों को प्रभावी रूप से जारी रखेगा। एसएसबी व पुलिस के द्वारा मामले में की गई कार्रवाई को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति को एक बैग के साथ तलासी ली गई जांच के दौरान गांजा बरामद हुआ। गांजा व मोबाईल जब्त कर आगे की कार्रवाई हेतु थाना लाया गया। कुल पांच पैकेट में लगभग 05 :100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। मामला दर्ज किया गया । मामले में गिरफ्तार आरोपी खजौली थाना क्षेत्र के छपराढी कुआढ़ गांव निवासी लगभग 40 वर्षीय महेश यादव बताया जाता है। मामला दर्ज गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

# जिले के सभी प्रखंडों में लगेगा 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 एवं 18 जून को सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जायगा। शिविर के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया है। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने, समस्याओं के समाधान, लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि शिविर में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक योजना हेतु प्रशिक्षित कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। शिविर स्थल पर पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहां प्रशिक्षित स्वयंसेवक एवं कर्मी लोगों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा योजनाओं की पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल स्टॉल भी लगाए जाएंगे। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड से संबंधित लाभार्थियों के लिए विशेष काउंटर स्थापित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत स्तर तक शिविर की जानकारी पहुंचाई जाए। इसके लिए 14 जून तक विशेष जागरुकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

## डीएम ने की किसान निबंधन, भूमि सुधार टीकाकरण और एईएस तैयारियों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में किसान निबंधन, राजस्व एवं भूमि सुधार, टीकाकरण अभियान तथा एईएस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, टीकाकरण अभियान की शत-प्रतिशत सफलता तथा एईएस से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 2,88,084 किसानों का निबंधन किया जा चुका है, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े 1,43,431 किसान शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए किसान निबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने और उर्वरक वितरण में निबंधित किसानों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा में ऑनलाइन म्यूटेशन के 8,781 मामलों के निष्पादन तथा 8,854 मामलों के लंबित रहने की जानकारी दी गई। वहीं परिमार्जन प्लस के तहत 17,803 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का रविवार तक निपटारा करने का निर्देश देते हुए कहा कि समयसीमा के भीतर निष्पादन नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर प्रति आवेदन 500 रुपये का दंड लगाया जाएगा। आगामी 16 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि शिविर में प्राप्त 13,588 आवेदनों में से 11,815 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 763 आवेदन नियमानुसार अस्वीकृत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने शेष आवेदनों के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों पर चर्चा हुई। 28 जून से 4 जुलाई तक चलने वाले अभियान में जिले के 7,92,506 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1,798 टीमों, 60 मोबाइल टीमों, 612 सुपरवाइजरों और 166 उपडिपो की व्यवस्था की गई है।

## गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक पद के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आज

● कदाचार मुक्त परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में आम अभ्यर्थियों से अधिनायक लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 10 जून को मुजफ्फरपुर जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में आयोजित की जाएगी।इस परीक्षा में कुल 14808 परीक्षार्थी शामिल होंगे। स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। इस परीक्षा में 24 स्टैटिक दंडाधिकारी 13 जोनल दंडाधिकारी तथा 5 उड़नदस्ता सहित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की ब्रीफिंग सोमवार को समाहरणालय सभागार में की गई तथा उन्हें परीक्षा संबंधी सभी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपनी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होने तथा कराचार मुक्त परीक्षा संचालित करने का निर्देश दिया। परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र अथवा परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद यदि परीक्षा हॉल अथवा कक्षा में कोई अभ्यर्थी मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ पकड़े जाते हैं तो उसे लिखित परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा हॉल अथवा परीक्षा कक्ष में ले जाना कदाचार की श्रेणी में रखा जाएगा।आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप पर परीक्षा केंद्र पर जैमर, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक प्रणाली, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी आदि की व्यवस्था की गई है। साथ ही कड़ाई से फ्रिस्किंग करने का निर्देश दिया गया है। नियंत्रण कक्ष से परीक्षा की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी।

## 26 स्वर्ण पदकों के साथ मुजफ्फरपुर बना ओवरऑल चैंपियन

मुजफ्फरपुर। भागलपुर के खेल भवन में 5 से 7 जून 2026 तक आयोजित 16वीं बिहार राज्य सब-जूनियर एवं जूनियर वुशू चैंपियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 26 स्वर्ण, 8 रजत एवं 11 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साथ ही मुजफ्फरपुर ने सांडा और ताओलू दोनों स्पधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मुजफ्फरपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों और स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को चैंपियन बनाया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दीपु कुमार, सागर कश्यप, श्रेयांश चौधरी, संध्या कुमारी, सालू कुमारी, तनमय कुमार, आशीष कुमार, मो. शेहनवाज, मायरा कुमारी, प्रीति कुमारी, उज्जवल कुमार, प्रांशु राज, वरुण सिंह, विशेष मणि सिंह, प्रीत राज, दिव्यांश बसंत, आरनव, कृष्णा कुमारी एवं रिशिवा रिधी सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। वहीं रजत और कांस्य पदक विजेताओं ने भी जिले की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस उपलब्धि के पीछे प्रशिक्षक गेशु कुमारी और सौरभ कुमार की मेहनत और मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुजफ्फरपुर वुशू संघ में खुशी का माहौल है। मुजफ्फरपुर वुशू संघ की महासचिव ईशा मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप के लिए चयनित किए गए हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 15 जून तक जमा करें एडवांस टैक्स, देरी पर देना पड़ सकता है ब्याज : प्रदीप कुमार वर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। टैक्सेशन बार एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता प्रदीप कुमार वर्मा ने करदाताओं से 15 जून या उससे पहले अग्रिम कर की पहली किस्त जमा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय पर अग्रिम कर का भुगतान करना प्रत्येक करदाता का राष्ट्रीय दायित्व है और इससे अनावश्यक ब्याज के बोझ से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अग्रिम कर वह कर है, जो किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली अनुमानित आय पर पहले से किस्तों में जमा किया जाता है। यदि टीडीएस या टीसीएस कटने के बाद किसी करदाता की कर देनदारी 10 हजार रुपये से अधिक बनती है, तो उसे अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यक होता है। प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी कोई व्यवसायिक या पेशेवर आय नहीं है, उन्हें अग्रिम कर भुगतान से छूट प्राप्त होती है। अन्य पात्र करदाताओं को निर्धारित समय सीमा के अनुसार अग्रिम कर जमा करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अग्रिम कर भुगतान की व्यवस्था चार किस्तों में की गई है। पहली किस्त 15 जून तक अनुमानित कर का 15 प्रतिशत, दूसरी 15 सितंबर तक 45 प्रतिशत, तीसरी 15 दिसंबर तक 75 प्रतिशत और चौथी 15 मार्च तक 100 प्रतिशत जमा करनी होती है। उन्होंने कहा कि समय पर अग्रिम कर जमा नहीं करने पर आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रति माह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना पड़ सकता है। इसलिए करदाताओं को अंतिम समय का इंतजार किए बिना नियत तिथि के भीतर कर जमा कर देना चाहिए। वर्मा ने स्पष्ट किया कि टीडीएस और टीसीएस को भी अग्रिम कर का हिस्सा माना जाता है। उन्होंने सभी करदाताओं से अपील की कि वे अपनी अनुमानित आय का आकलन कर समय पर अग्रिम कर का भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि ब्याज और अन्य वित्तीय दायित्वों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर कर भुगतान न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि देश के विकास में नागरिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी भी है।

## नगर विकास मंत्री से मिले विधायक कांटी नगर परिषद के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का किया आग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।कांटी नगर परिषद के लंबित विकास कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर सोमवार को नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से उनके कार्यालय में स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने मुलाकात किया। इस दौरान श्री कुमार ने श्री मिश्रा से कांटी नगर परिषद के प्रस्तावित लंबित सड़क, नाला , वृद्ध आश्रम, कांटी प्रखंड परिसर में बड़ा पार्क का निर्माण, कांटी नगर परिषद मुख्यालय में स्टडी सेंटरकी स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया एवं लिखित ज्ञापन सौंपा। मंत्री नीतीश मिश्रा ने विधायक अजीत कुमार के सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान श्री कुमार ने मंत्री श्री मिश्रा से कांटी हाई स्कूल के पास से छिन्मस्तिका मंदिर निकलने वाली बाईपास सड़क को जनहित में प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण कार्य कराने का भी आग्रह किया। विधायक अजीत कुमार ने बताया कि नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने उनके सभी मांगो पर जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिए हैं और उन्हें विश्वास है कि जल्द से जल्द सभी कार्य की स्वीकृति मिलकर विकासात्मक व जनहित के कार्य जमीनी धरातल पर भी शीघ्र उतरेगी।

## प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड में नया खुलासा सरकारी डॉक्टर की भूमिका पर उठे सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सात लोगों की जान लेने वाले चर्चित प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड मामले में अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। हादसे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई गंभीर तथ्य उजागर हो रहे हैं। अब बंदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एक सरकारी चिकित्सक की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। जानकारी के अनुसार बंदरा पीएचसी में कार्यरत डॉ. पंकज कुमार पर आरोप है कि वे सरकारी सेवा में रहते हुए निजी प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू का संचालन कर रहे थे। जिस समय अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग लगी, उस समय भी आईसीयू की जिम्मेदारी उन्हीं के पास बताई जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि हादसे के दौरान वे अपने सरकारी ड्यूटी स्थल पर मौजूद नहीं थे। गौरतलब है कि गुरुवार की अहले सुबह प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू में कथित रूप से शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। इस दर्दनाक हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य प्रभावित हुए थे। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने मामले की गहन जांच शुरू की थी। जांच के दौरान डॉ. पंकज कुमार की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर ब्रह्मपुरा थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में अदालत से उन्हें जमानत मिल गई। लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जा रही विभागीय जांच के बाद उनके खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम बंदरा पीएचसी के उपस्थिति पंजी की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि जिस समय उन्हें सरकारी अस्पताल में अपनी सेवाएं देनी थीं, उस दौरान वे निजी अस्पताल में किस आधार पर कार्यरत थे और क्या उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) तुषार कुमार ने कहा कि मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। यदि जांच में सरकारी नियमों के उल्लंघन या ड्यूटी में लापरवाही की पुष्टि होती है, तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कड़ी विभागीय एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। अब इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक निजी नर्सिंग होम के आईसीयू का संचालन कैसे कर रहे थे। साथ ही हादसे के समय उनकी अनुपस्थिति को लेकर भी कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

## अंतर्जातीय विवाह को लेकर विवाद, युवक व ससुराल पक्ष से मारपीट का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में अंतर्जातीय विवाह को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाह से नाराज कुछ लोगों ने युवक और उसके ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने युवक की साली के साथ मारपीट की तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध युवक के एक मित्र से जबरन शादी करा दी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को आवेदन देकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के दौरान महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया और पूरे परिवार को धमकाया गया। इस बीच घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। हालांकि, वायरल वीडियो की सत्यता और उसमें किए जा रहे दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस को दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी। प्रशासन ने कहा है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें सुरक्षित मातृत्व से संबंधित आवश्यक परामर्श दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नौशाद अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की नियमित जांच, आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं जांच सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, ताकि गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उनका उचित उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं को निर्धारित तिथि पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच अवश्य करानी चाहिए, जिससे मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं को पोषण, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में चिकित्सकों, एएनएम, आशा कार्यकताओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## कांटी में निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों पर छापेमारी, मानक विहीन संस्थानों पर कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और नियमों के अनुपालन की जांच को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पश्चिमी अनुमंडल पदाधिकारी आकांक्षा आनंद के नेतृत्व में निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी केंद्रों में आवश्यक मानकों और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए। प्रशासन ने मानक विहीन पाए गए संस्थानों पर जुमार्ना लगाने के साथ-साथ कुछ केंद्रों को सील करने की कार्रवाई भी की। अधिकारियों ने दस्तावेजों, लाइसेंस, चिकित्सकीय सुविधाओं और अन्य आवश्यक मानकों की जांच की। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना निर्धारित मानकों के संचालित होने वाले अस्पतालों और जांच केंद्रों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एसडीएम आकांक्षा आनंद ने कहा कि आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषी संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अग्निवीर एवं बिहार पुलिस में चयनित 86 अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

मुजफ्फरपुर ।शांति सेना मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में बाला फिजिकल अकादमी के अग्निवीर एवं बिहार पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। शांति सेना के अध्यक्ष सोनू सरकार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 86 सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें अग्निवीर के 14 तथा बिहार पुलिस के 72 अभ्यर्थी शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि युवाओं की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये युवा राष्ट्र सेवा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। विशिष्ट अतिथि एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम की मेयर निर्मला साहु ने कहा कि आज के युवा यदि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा के साथ प्रयास करें तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों ने अपने परिवार, संस्थान और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर बाला फिजिकल अकादमी के निदेशक बालकृष्ण राणा ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के अथक परिश्रम, अनुशासित प्रशिक्षण और आत्मविश्वास का परिणाम है।उन्होंने बताया कि अकादमी का उद्देश्य युवाओं को सेना, पुलिस एवं अन्य सरकारी सेवाओं में सफलता दिलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में छात्रों का चयन अकादमी के लिए गर्व का विषय है। समारोह में अग्निवीर के लिए चयनित राजा बाबू, सुमित कुमार, रंजीत कुमार, सुशील कुमार, अजीत कुमार, अमन पांडेय, अंकित कुमार, मनीष कुमार, हिमांशु कुमार, दीपक कुमार, अनिकेत राज, सूरज कुमार एवं कौशल कुमार सहित सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया।इसके साथ ही बिहार पुलिस में चयनित 42 बालिकाओं एवं 30 बालकों को भी सम्मान-पत्र, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सोनू सरकार ने कहा कि शांति सेना लगातार युवाओं को प्रोत्साहित करने, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

## बोचहां में राजद कार्यकताओं का एक दिवसीय धरना प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

मुजफ्फरपुर। बिहार सरकार की कथित गलत नीतियों, बढ़ती महंगाई और जनविरोधी फैसलों के खिलाफ राजद के कार्यकताओं ने मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को बोचहां प्रखंड में राजद कार्यकताओं द्वारा एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया।धरना प्रदर्शन के बाद राजद कार्यकताओं ने एकजुट होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी बोचहां को बिहार के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन के अनुसार, राजद बोचहां प्रखंड के अध्यक्ष रमाकांत सहनी के नेतृत्व में कार्यकताओं और आम जनता ने वर्तमान बिहार सरकार की नीतियों पर कड़ा रोष जताया है। सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में राजनीतिक और सामाजिक विषमता पैदा हो रही है, जिससे छात्र, मजदूर, किसान और आम जनता त्रस्त हैं। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निशुल्क शिक्षा, सुगम परीक्षा प्रणाली और निष्पक्ष परीक्षा संचालन की मांग की गई है। किसानों को सस्ती दरों पर पानी, खाद, बीज और आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने की पुरजोर वकालत की गई है। पूर्व विधायक अमर कुमार पासवान ने कहा कि यदि सरकार इन जन-कल्याणकारी नीतियों में सुधार नहीं करती है, तो छात्र और आम जनता आंदोलन के लिए विवश होगी। इस अवसर पर मांग पत्र सौंपने वालों में प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत सहनी के साथ-साथ प्रंशोत कुमार शत्रुघ्न पासवान, सुजीत कुमार, लालबाबू सहनी, सुधीर कुमार, दिनेश राय, नंदलाल पासवान, और कृष्ण कुमार सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं आम जनता मौजूद थे ।

## जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्यता की तिथि 8 जुलाई तक विस्तारित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए लाभुकों को 8 जुलाई तक अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण कराना है। जिलाधिकारी ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रखंडों, नगर निकायों तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जीवन प्रमाणीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पेंशन का लाभ वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों तक ही पहुंचे तथा योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे। जीवन प्रमाणीकरण का कार्य सफल एवं सुचारु रूप से समयबद्ध पूरा करने के निमित्त जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जनहित में व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण करने का निर्देश दिया है। इसके लिए पंचायत स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका तथा अन्य क्षेत्रीय कर्मियों को अभियान से जोड़ा गया है ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सूचना पहुंच सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी लंबित पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण 8 जुलाई तक हर हाल में पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिले के सभी वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और शीघ्र अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर, प्रखंड कार्यालय अथवा निर्धारित शिविर में पहुंचकर जीवन प्रमाणीकरण करा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और पेंशन की निरंतरता के लिए आवश्यक है।

## गुप्त सूचना पर हथौड़ी पुलिस की कार्रवाई, 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। हथौड़ी थाना पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बेरई गांव में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड की 40.710 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि बेरई गांव में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल प्रसाद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड की कुल 40.710 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही शराब के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है ।हथौड़ी पुलिस ने कहा है कि जिले में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बेखौफ अपराधियों ने किराना व्यवसायी को दिनदहाड़े मारी गोली, मौत

मुजफ्फरपुर ।बोचहां थाना क्षेत्र के सलहा गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शर्फुद्दीनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 ,चक हेलाल गांव निवासी 47 वर्षीय हरे राम चौधरी उर्फ राजू के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक पर सवार होकर आए बेखौफ अपराधियों ने हरे राम चौधरी को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की और वारदात को अंजाम देकर बखरी की ओर फरार हो गए। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोग खून से लथपथ व्यवसायी को इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बोचहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। हालांकि, पुलिस अधिकारी अभी घटना के मुख्य कारणों को लेकर कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रहे हैं। बोचहां थाना अध्यक्ष यशवंत कुमार मिश्रा ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## आईसीयू ड्यूटी के दौरान मरीज छोड़कर जाने वाले चिकित्सक निलंबित

मुजफ्फरपुर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पदाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अनुशंसा पर स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 4 जून को प्रसाद क्लिनिक के आईसीयू में घटित अग्निकांड के समय डॉ पंकज कुमार आईसीयू में ड्यूटी पर थे तथा आगलगी के दरम्यान मरीज को छोड़कर फरार हो जाने का आरोप है।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भाकपा-माले के दो सदस्य पार्टी से निष्कासित

मुजफ्फरपुर। भाकपा-माले ने अपने कार्यकर्ता सूरज कुमार सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है। वहीं, पार्टी सदस्य फहद जमां को भी बार-बार अनुशासन भंग करने के कारण संगठन से हटा दिया गया है। भाकपा-माले, मुजफ्फरपुर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पार्टी के जिला सचिव जितेन्द्र यादव ने बताया कि संगठन की नीतियों और अनुशासन के विरुद्ध गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने और पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सूरज कुमार सिंह पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है, जबकि फहद जमां को लगातार पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के कारण हटाया गया है।

## विधायक ने मणि फूलकाहां में बने पंचायत सरकार भवन में कार्य का किया शुभारंभ

मुजफ्फरपुर ।राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि पंचायत सरकार भवन में संबंधित क्षेत्र के जनता की सभी तरह के कार्य एक ही छत के नीचे संपन्न हो। लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर बेवजह नहीं लगाना पड़े, इसी उद्देश्य से राज्य सरकार पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराकर जनता को समर्पित कर रही है। उक्त बातें मंगलवार को कांटी क्षेत्र के मणिफुलकाहा पंचायत के रानी पोखर स्थित बने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन कार्य का शुभारंभ करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कहीं। इस मौके पर श्री कुमार ने पंचायत सरकार भवन जनता को समर्पित किया। क्षेत्रीय विधायक

सम्पादकीय

# विकास का इंजन, पर असुरक्षित मध्यम वर्ग

डॉ. प्रियंका सौरभ

मिसिंग मिडिल की चुनौती और आर्थिक सुरक्षा का प्रश्न भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, विशाल युवा आबादी, डिजिटल क्रांति और बढ़ते उपभोक्ता बाजार की चर्चा लगातार हो रही है। इस विकास यात्रा के केंद्र में यदि कोई सामाजिक-आर्थिक वर्ग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तो वह है भारत का मध्यम वर्ग। यही वर्ग देश में उपभोग बढ़ाता है, बचत करता है, निवेश करता है, कर देता है, शिक्षा और कौशल में निवेश करता है तथा आर्थिक गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान करता है। किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग को विकास का इंजन माना जाता है क्योंकि उसकी आय और आकांक्षाएं उत्पादन तथा बाजार दोनों को संचालित करती हैं। भारत में भी मध्यम वर्ग को भविष्य के आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक मजबूती का आधार माना जाता है। इसके बावजूद एक विडंबना यह है कि भारतीय मध्यम वर्ग का बड़ा हिस्सा स्वयं आर्थिक रूप से सुरक्षित नहीं है। वह गरीबी से ऊपर तो उठ चुका है, लेकिन स्थायी समृद्धि और सुरक्षा तक नहीं पहुंच पाया है। यही स्थिति अर्थशास्त्र में मिसिंग मिडिल अर्थात लुप्त या कमजोर मध्य वर्ग की परिघटना के रूप में पहचानी जाती है। मिसिंग मिडिल का आशय उस स्थिति से है जिसमें समाज में गरीबों और अमीरों के बीच स्थित मध्यम वर्ग पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं होता या उसकी आर्थिक स्थिति इतनी स्थिर नहीं होती कि वह किसी संकट का सामना कर सके। भारत में लाखों परिवार ऐसे हैं जो आय के आधार पर मध्यम वर्ग में गिने जाते हैं, लेकिन उनके पास पर्याप्त बचत, सामाजिक सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच या दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता नहीं होती। परिणामस्वरूप वे किसी बीमारी, नौकरी जाने, व्यवसाय में नुकसान या आर्थिक मंदी जैसी परिस्थितियों में तेजी से आर्थिक संकट में फंस सकते हैं। कोविड-19 महामारी ने इस वास्तविकता को बहुत स्पष्ट रूप से सामने ला दिया था। महामारी के दौरान लाखों ऐसे परिवार, जो स्वयं को मध्यम वर्ग का हिस्सा मानते थे, अचानक आय के स्रोत समाप्त होने, चिकित्सा खर्च बढ़ने और रोजगार अस्थिर होने के कारण आर्थिक कठिनाइयों में आ गए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत का मध्यम वर्ग संख्या में बड़ा होने के बावजूद सुरक्षा के मामले में कमजोर है। भारतीय मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी शक्ति उसकी उपभोग क्षमता है। देश में घर, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं की मांग का बड़ा हिस्सा इसी वर्ग से आता है। जब मध्यम वर्ग की आय बढ़ती है तो वह अधिक वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करता है, जिससे उद्योगों का विस्तार होता है, निवेश बढ़ता है और नए रोजगार सृजित होते हैं। यही कारण है कि विकसित देशों की आर्थिक सफलता के पीछे मजबूत मध्यम वर्ग को एक प्रमुख कारक माना जाता है। भारत भी यदि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है तो उसे अपने मध्यम वर्ग को अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाना होगा। लेकिन वर्तमान में यह वर्ग कई प्रकार की चुनौतियों से घिरा हुआ है। सबसे पहली चुनौती रोजगार की गुणवत्ता और स्थिरता से जुड़ी है। भारत में रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अभी भी असंगठित क्षेत्र में है। यहां कार्यरत लोगों को नियमित वेतन, भविष्य निधि, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा या अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं मिलते। शिक्षित युवाओं की बड़ी संख्या भी ऐसी नौकरियों में काम कर रही है जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं हैं। रोजगार के अवसर तो बढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें से कई अस्थायी, संविदा आधारित या कम वेतन वाले हैं। गिग अर्थव्यवस्था और प्लेटफॉर्म आधारित रोजगार ने नए अवसर तो पैदा किए हैं, लेकिन उनमें भी दीर्घकालिक सुरक्षा का अभाव है। ऐसे में मध्यम वर्ग के लिए भविष्य की आर्थिक योजना बनाना कठिन हो जाता है। दूसरी बड़ी चुनौती स्वास्थ्य और शिक्षा के बढ़ते खर्च की है। भारत में गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की सीमित उपलब्धता के कारण मध्यम वर्ग को निजी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है।

# संपत्ति की जांच कब होगी?


डॉ. सत्यवान सौरभ

आलीशान कोठियों, बढ़ती संपत्तियों और जवाबदेही के सवाल देश में जब भी भ्रष्टाचार, काले धन और आय से अधिक संपत्ति की चर्चा होती है, तब आम नागरिक के मन में एक सवाल बार-बार उठता है—आखिर संपत्ति की व्यापक और निष्पक्ष जांच कब होगी? शहरों के सेक्टरों, पॉश कॉलोनियों और विकसित क्षेत्रों में खड़ी होती आलीशान कोठियां, महंगे फार्म हाउस, बहुमंजिला इमारतें और करोड़ों रुपये की अचल संपत्तियां अक्सर लोगों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं। यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इन संपत्तियों का निर्माण किन आय स्रोतों से हुआ है और क्या इनकी कीमत संबंधित व्यक्तियों की घोषित आय के अनुरूप है। यह प्रश्न किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है। लोकतंत्र में नागरिकों का विश्वास तभी मजबूत रहता है जब उन्हें यह भरोसा हो कि कानून सबके लिए समान है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मेहनत, प्रतिभा, व्यवसाय, नौकरी या निवेश के माध्यम से संपन्न बनता है तो यह उसकी सफलता का प्रमाण है और उसका सम्मान होना चाहिए। लेकिन जब किसी व्यक्ति की आय और संपत्ति के बीच असामान्य अंतर दिखाई देता है, तब जांच की मांग भी स्वाभाविक हो जाती है। संपत्ति अर्जित करना अपराध नहीं है, लेकिन उसकी वैधता और स्रोत का स्पष्ट होना आवश्यक है। यही सुशासन और जवाबदेही का मूल आधार है। आज भारत के अधिकांश शहरों में ऐसे क्षेत्र विकसित हो चुके हैं जहां करोड़ों रुपये की कोठियां और भवन खड़े हैं। इनमें से अधिकांश संपत्तियां निश्चित रूप से वैध साधनों से अर्जित की गई होंगी। देश में लाखों ऐसे व्यवसायी, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और उद्यमी हैं जिन्होंने वर्षों की मेहनत और संघर्ष से आर्थिक सफलता प्राप्त की है। उनके परिश्रम और उपलब्धियों पर संदेह करना न केवल अनुचित होगा बल्कि समाज में नकारात्मक संदेश भी देगा। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि कुछ मामलों में संपत्ति का आकार और घोषित आय के बीच ऐसा अंतर दिखाई देता है जो सवाल पैदा करता है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक व्यवस्था की आवश्यकता है। आम नागरिक की चिंता केवल संपत्ति को लेकर नहीं होती, बल्कि उस असमानता को लेकर भी होती है जो समाज में दिखाई देती है। एक ओर मध्यमवर्गीय परिवार जीवन भर की कमाई लगाकर एक घर बनाने के लिए संघर्ष करता है, बैंक ऋण लेता है और वर्षों तक उसकी किस्तें चुकाता है। दूसरी ओर कुछ लोग बहुत कम समय में अपार संपत्ति के मालिक बन जाते हैं। जब यह अंतर बहुत अधिक दिखाई देता है तो लोगों के मन में प्रश्न उठते हैं। यदि इन प्रश्नों का उत्तर पारदर्शी जांच और जवाबदेही के माध्यम से नहीं दिया जाता, तो व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ने लगता है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से अधिक पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। सरकारी अधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और सार्वजनिक संसाधनों के प्रबंधन से जुड़े लोग जनता के विश्वास के संरक्षक होते हैं। इसलिए उनकी आय और संपत्ति का विवरण अधिक स्पष्ट और सार्वजनिक होना चाहिए। यदि कोई सार्वजनिक सेवक अपनी वैध आय के अनुरूप संपत्ति अर्जित करता है तो उसे किसी जांच से डरने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि ऐसी जांच उसकी ईमानदारी को प्रमाणित करने का माध्यम बन सकती है। लेकिन यदि कहीं अनियमितता है, तो उसे कानून के दायरे में लाना भी उतना ही आवश्यक है। समस्या केवल घोषित संपत्तियों तक सीमित नहीं है। बेनामी संपत्ति भी देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। अनेक बार वास्तविक मालिक अपनी संपत्ति किसी रिश्तेदार, कर्मचारी या परिचित के नाम पर दर्ज करा देता है। इससे वास्तविक स्वामित्व और धन के स्रोत का पता लगाना कठिन हो जाता है। सरकार ने बेनामी लेन-देन रोकने के लिए कानून बनाए हैं, लेकिन इनका प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। जब तक संपत्ति के वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक वित्तीय पारदर्शिता का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

# नरेन्द्र मोदी का युग

**इनमें से प्रत्येक युग को उनकी सीमाओं, पसंदगियों और महत्वाकांक्षाओं के आधार पर परिभाषित किया जाता है।नेहरू ने जहां एक नाजुक एवंनवगठित संप्रभु राष्ट्र की अगुवाई की, वहींमोदी ने वैश्विक झटकों से जूझते हुए एक विशाल, डिजिटल रूप से जुड़े एवंअति-प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र केशासन को संभाला है। दोनों नेताओं की नेतृत्व शैली मेंअंतर इस तथ्य को दशार्ता है कि भारत की शासन संबंधी जरूरतें किस कदर बढ़ी हैं - और क्यों मोदी का कार्यकाल राज्य की क्षमता, समावेशन, बुनियादी ढांचे, कूटनीति और कार्यान्वयन की दृष्टि से कहीं अधिक प्रभावशाली रहा है। नेहरू का शासन संबंधी दर्शन ऊपर से नीचे की ओर संस्थाओं के निर्माण और राज्य-निर्देशित अर्थव्यवस्था पर केन्द्रित था।विभाजन की विभीषिका के बाद खुद को सहेजकर फिर सेएकजुट होने वाले एक राष्ट्र की दृष्टि से यह तरीका सही था।फिर भी, इस तरीके ने एक ऐसे केन्द्रीकृत नियंत्रण को भी स्थापित किया जिसने अक्सर नागरिकों को भागीदार के बजाय प्राप्तकर्ता के रूप में रखा। मोदी का दृष्टिकोण उस तरीके को उलट देता है और शासन को गरिमा एवंकार्यान्वयन द्वारा संचालित एक जन आंदोलन -सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास - के रूप में स्थापित करता है।**





सुहेल सेठ
लेखक

नरेन्द्र मोदी अनजाने में ही रॉबर्ट फ्रॉस्ट के इस कथनपर भरोसा करते नजर आते हैं कि- उन्होंने कम इस्तेमाल होने वाला रास्ता चुना और शायद इसी से सारा फर्क पड़ा। जवाहरलाल नेहरू और नरेन्द्र मोदी के रूप में भारत के प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व के दो अलग-अलग युगों काप्रतिनिधित्व होता है। इनमें से प्रत्येक युग को उनकी सीमाओं, पसंदगियों और महत्वाकांक्षाओं के आधार पर परिभाषित किया जाता है।नेहरू ने जहां एक नाजुक एवंनवगठित संप्रभु राष्ट्र की अगुवाई की, वहींमोदी ने वैश्विक झटकों से जूझते हुए एक विशाल, डिजिटल रूप से जुड़े एवंअति-प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र केशासन को संभाला है। दोनों नेताओं की नेतृत्व शैली मेंअंतर इस तथ्य को दशार्ता है कि भारत की शासन संबंधी जरूरतें किस कदर बढ़ी हैं - और क्यों मोदी का कार्यकाल राज्य की क्षमता, समावेशन, बुनियादी ढांचे, कूटनीति और कार्यान्वयन की दृष्टि से कहीं अधिक प्रभावशाली रहा है। नेहरू का शासन संबंधी दर्शन ऊपर से नीचे की ओर संस्थाओं के निर्माण और राज्य-निर्देशित अर्थव्यवस्था पर केन्द्रित था।विभाजन की विभीषिका के बाद खुद को सहेजकर फिर सेएकजुट होने वाले एक राष्ट्र की दृष्टि से यह तरीका सही था।फिर भी, इस तरीके ने एक ऐसे केन्द्रीकृत नियंत्रण को भी स्थापित किया जिसने अक्सर नागरिकों को भागीदार के बजाय प्राप्तकर्ता के रूप में रखा। मोदी का दृष्टिकोण उस तरीके को उलट देता है और शासन को गरिमा एवंकार्यान्वयन द्वारा संचालित एक जन आंदोलन -ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्व - के रूप में स्थापित करता है। बैंक खातों, डीबीटी, किफायती गैस कनेक्शन, आवास, शौचालय, तेज गति से सड़क निर्माण और डिजिटल कल्याणकारी योजनाओं जैसी नीचे से ऊपर की ओर जाने वाली यह लामबंदीराज्य से मिलने वाले फायदों को परिवार के स्तर पर दृश्यमान बनाती है, जिससे परिणामों के साथ-साथ भरोसा भी बढ़ता है। आकार ही दोनों नेताओं के कार्यकालों के बीच का मुख्य अंतर है।नेहरू ने जिस समय पदभार संभाला तब भारत की आबादी लगभग 34 करोड़ और दलीय प्रतिस्पर्धा नगण्य थी।मोदी के सत्ता संभालने के वक्त देश की आबादी 131 करोड़ से अधिक और एक ऐसी दलीय प्रणाली सामने थी जिसमें हजारों पंजीकृत संस्थाओं का अस्तित्व था और आम चुनाव के मतपत्रों में सैकड़ों संस्थाओं की मौजूदगी थी।भारत के पहले आम चुनाव में लगभग 17 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया था। जबकि,2014 में मतदाताओं की तादाद 83 करोड़ से अधिक हो गई थी तथा 2024 तक इसमें और भी बढ़ोतरी हुई। मोदी को बार-बार राष्ट्रीय जनादेश इस तीखे विखराव और चौबीसों घंटे सातों दिन डिजिटल निगरानी के बावजूद हासिल हुए हैं।पल-पल की डिजिटल निगरानी वाला मीडिया का यह माहौल नेहरू काल कीसंस्था-आधारित वप्रिंट-युग की राजनीति से बिल्कुल ही अलग है।निरंतर ऑनलाइन आलोचनाओं के बीच शासन चलाने से जवाबदेही और कथनात्मक प्रतिस्पर्धा की गति तेज हो जाती है।तीन लोकसभा चुनावों के दौरान मोदी का चुनावी रूप से केन्द्र में बने रहना - और कई परिवारों के तीन पीढ़ियों के जेहन मेंप्रासंगिक बने रहना - नेटवर्क के इस युग में उनकी असाधारण राजनीतिक स्थिरता को दशार्ता है। आर्थिक दृष्टि से, नेहरू के मॉडल ने आधारभूत उद्योगों और वैज्ञानिक संस्थानों को तराशा, लेकिन आखिरकार यह3 झ 4 प्रतिशत के आसपास की ह्लहिंदू विकास दरह्व के रूप में जानी जाने वाली दर पर स्थिर हो गया।मोदी की अगुवाई वाला भारत वैश्विक विकास के इंजन के रूप में काम कर रहा हैऔर कोविड-19, मुद्रास्फीति में उछाल, आपूर्ति श्रृंखला में झटके तथा भू-राजनैतिक संघर्ष से ग्रस्त एक दशक के दौरान इसकी औसत वृद्धि दर लगभग 6.5-7 प्रतिशत की रही है। यह आर्थिक उन्नयन वास्तविक कनेक्टिविटी में भी दिखाई देता हैः 2014 और 2024 के बीच राष्ट्रीय राजमार्गों में 54,000 किलोमीटर से अधिक का विस्तार हुआ।इससे लॉजिस्टिक्स एक बाधा से हटकर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ में परिणत हो गई।बुनियादी ढांचे के विस्तार और डिजिटल सुविधाओं - यूपीआई भुगतान, आधार-आधारितआपूर्ति और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने योग्य (पोर्टेबल)कल्याणकारी योजनाओं - के संयोजन ने नीतिगत घोषणाओं और नागरिकों पर पड़ने वाले इनके प्रभाव के बीच के समय को कम कर दिया है।इससे पूर्व के दशकों में बाधा डालने वालीत्रुटियोंएवं नौकरशाही की अड़ंगेबाजियों में कमी आई है।
संस्थागत स्तर पर,नेहरू ने आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की नींव रखी।इन संस्थानों ने भारत की ज्ञान अर्थव्यवस्था की आधारशिला तैयार की। मोदी के शासनकाल के एक दशक के दौरान व्यापक विस्तार पर जोर दिया गया हैः आईआईटी की संख्या बढ़कर 23, आईआईएम की संख्या 21 और एम्स की संख्या 23 हो गई।इससे विशिष्ट उत्कृष्टता का विस्तार हुआ और पहुंच भी व्यापक हुई। प्रतिष्ठा और प्रसार का यह दोहरा दृष्टिकोण एक ऐसी राजनीति को दशार्ता है जो आकांक्षाओं को नीतिगत स्वरूप में देखती है। सामाजिक स्तर पर, मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की संरचना मेंअन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के प्रतिनिधित्व को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई हैऔर महिलाओं का प्रतिनिधित्व 1950 के दशक में निम्न इकाई अंकों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए बढ़कर एक तिहाई आरक्षण के विधायी मार्ग तक पहुंच गया है।यह सांकेतिक समावेशन से आगे बढ़कर संरचनात्मक गारंटी की दिशा मेंहोने वाले बदलाव को इंगित करता है।
विदेश नीति में शैलीगत और रणनीतिक अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। नेहरू की गुटनिरपेक्षता सैद्धांतिक थी, लेकिन यहद्विध्रुवीय विश्व में अक्सर

# ममता-केजरीवाल मुलाकात - विपक्षी राजनीति की नई दिशा या 2029 की तैयारी?

**दोनों नेताओं के बीच विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि इस मुलाकात के बाद कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भारतीय राजनीति में जब भी दो प्रमुख विपक्षी नेता एक साथ बैठते हैं, तो उसका महत्व केवल शिष्टाचार मुलाकात तक सीमित नहीं रहता। ऐसे समय में जब देश की राजनीति लगातार नए समीकरणों की ओर बढ़ रही है, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की यह भेंट विपक्षी एकता, क्षेत्रीय दलों की भूमिका और भविष्य की राजनीतिक रणनीतियों के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल दोनों ही ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने-अपने राज्यों में मजबूत जनाधार बनाया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के तीन दशक लंबे दौर का अंत करके अपनी राजनीतिक क्षमता का परिचय दिया। दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनीति में प्रवेश कर दिल्ली की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। दोनों नेताओं की राजनीति में कई समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों स्वयं को आम जनता की आवाज बताने का प्रयास करते हैं। दोनों केंद्र सरकार की नीतियों के मुखर आलोचक रहे हैं और दोनों ने अपने राज्यों में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राजनीतिक आधार मजबूत किया है।**







जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

नई दिल्ली में रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी तथा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि इस मुलाकात के बाद कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भारतीय राजनीति में जब भी दो प्रमुख विपक्षी नेता एक साथ बैठते हैं, तो उसका महत्व केवल शिष्टाचार मुलाकात तक सीमित नहीं रहता। ऐसे समय में जब देश की राजनीति लगातार नए समीकरणों की ओर बढ़ रही है, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की यह भेंट विपक्षी एकता, क्षेत्रीय दलों की भूमिका और भविष्य की राजनीतिक रणनीतियों के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल दोनों ही ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने-अपने राज्यों में मजबूत जनाधार बनाया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के तीन दशक लंबे दौर का अंत करके अपनी राजनीतिक क्षमता का परिचय दिया। दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनीति में प्रवेश कर दिल्ली की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। दोनों नेताओं की राजनीति में कई समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों स्वयं को आम जनता की आवाज बताने का प्रयास करते हैं। दोनों केंद्र सरकार की नीतियों के मुखर आलोचक रहे हैं और दोनों ने अपने राज्यों में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राजनीतिक आधार मजबूत किया है। यही कारण है कि जब ये दोनों नेता एक मंच पर दिखाई देते हैं तो राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे केवल सामान्य मुलाकात नहीं मानते। देश की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के दौरान विपक्षी दलों के बीच एकता और बिखराव दोनों के उदाहरण देखने को मिले हैं। लोकसभा चुनावों से पहले कई दलों ने एकजुट होने का प्रयास किया था, लेकिन विभिन्न राज्यों में आपसी प्रतिस्पर्धा और नेतृत्व संबंधी मतभेदों ने विपक्षी गठबंधन की संभावनाओं को प्रभावित किया। ऐसे माहौल में ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की मुलाकात यह संकेत दे सकती है कि विपक्षी दल भविष्य की रणनीति को लेकर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। दोनों नेताओं की राजनीतिक ताकत भले ही अलग-अलग राज्यों में केंद्रित हो, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका लगातार बढ़ती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय दल अब केवल अपने राज्यों तक सीमित नहीं रहना चाहते। वे राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। इस दृष्टि से यह मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल दोनों ही समय-समय पर केंद्र और राज्यों के संबंधों को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त करते रहे हैं। दोनों नेताओं ने कई अवसरों पर संघीय ढांचे को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच अधिकारों को लेकर लंबे समय तक विवाद चलता रहा है। वहीं पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र के बीच भी विभिन्न प्रशासनिक तथा वित्तीय मुद्दों पर मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में संभव है कि दोनों नेताओं की चर्चा में संघीय ढांचे, राज्यों के अधिकारों और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे विषय प्रमुखता से शामिल रहे हों। भारतीय लोकतंत्र में संघवाद एक महत्वपूर्ण आधार है और इस विषय पर विपक्षी दल अक्सर साझा दृष्टिकोण रखते हैं। भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों का महत्व लगातार बढ़ा है। एक समय था जब राष्ट्रीय दलों का वर्चस्व अधिक स्पष्ट दिखाई देता था, लेकिन अब कई राज्यों में क्षेत्रीय दल निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी और दिल्ली तथा पंजाब में आम आदमी पार्टी की सफलता इस बदलाव का उदाहरण है। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाने में सक्षम माने जाते हैं और इसी कारण उन्हें जनता का समर्थन भी मिलता है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की मुलाकात को क्षेत्रीय दलों के बीच बढ़ते संवाद के रूप में भी देखा जा सकता है। यह संकेत हो सकता है कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति में क्षेत्रीय दल और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। राजनीतिक चचाओं में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह मुलाकात किसी नए राजनीतिक मोर्चे की संभावना का संकेत है। हालांकि अभी तक ऐसा कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है, लेकिन राजनीति में संभावनाओं को कभी नकारा नहीं जा सकता। भारत में गठबंधन राजनीति का लंबा इतिहास रहा है। कई बार ऐसे राजनीतिक गठबंधन बने हैं जिनकी शुरूआत अनौपचारिक बैठकों और संवाद से हुई थी। इसलिए राजनीतिक विश्लेषक इस मुलाकात को भी भविष्य की संभावनाओं के संदर्भ में देख रहे हैं। हालांकि यह भी सच है कि विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के अपने-अपने हित और प्राथमिकताएं होती हैं। ऐसे में किसी व्यापक राजनीतिक गठबंधन को आकार देना आसान नहीं होता। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दे आज देश की राजनीति के केंद्र में हैं। विपक्षी दल इन विषयों पर सरकार को

# सेवा, संकल्प, विरासत और विकास का स्वर्णिम युग



सत्या नारायण पोद्दार

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ नेतृत्व ऐसे होते हैं जो केवल शासन नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की चेतना, दिशा और भविष्य को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का 12 वर्षों से अधिक का निरंतर, प्रभावशाली और जनसमर्थन प्राप्त शासनकाल इसी सत्य का सशक्त उदाहरण है । यह कालखंड केवल राजनीतिक सफलता की कहानी नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और समावेशी विकास के अद्वितीय समन्वय का स्वर्णिम अध्याय है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शासन का मूल उद्देश्य रहा है – अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना। इसी दृष्टि से 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को निःशुल्क राशन, करोड़ों परिवारों को आवास, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा का अभूतपूर्व विस्तार किया गया । गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर संचालित योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार किया है । नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण की धुरी मानते हुए महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए। जन-धन खातों से लेकर स्वयं सहायता समूहों, लखपति दीदी अभियान तथा सेना में स्थायी कमीशन तक, महिलाओं को विकास यात्रा का नेतृत्वकारी भागीदार बनाया गया है । युवा शक्ति को अवसर, नवाचार और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए कौशल विकास, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और  जैसी पहलों ने भारत को विश्व के अग्रणी नवाचार केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । आज का युवा केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला भारत का नया निमार्ता बन रहा है । स्वास्थ्य और किसान कल्याण के क्षेत्र में भी परिवर्तनकारी योजनाओं ने नई मिसाल स्थापित की है । आयुष्मान भारत, जन-औषधि केंद्र, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक स्थिरता प्रदान की है । राष्ट्र निर्माण : आधुनिक भारत की नई आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है अभूतपूर्व आधारभूत संरचना का निर्माण। देश के 26 से अधिक शहरों में विस्तारित मेट्रो नेटवर्क, 164 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, आधुनिक एक्सप्रेस वे, आर्थिक गलियारे और हवाई संपर्क का तीव्र विस्तार भारत की नई विकास गति के प्रतीक बन चुके हैं। चिनाब रेल ब्रिज, अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, बोगीबील ब्रिज और नए पंबन समुद्री पुल जैसी परियोजनाएँ केवल इंजीनियरिंग उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि नए भारत की क्षमता, संकल्प और आत्मविश्वास की भव्य अभिव्यक्तियाँ हैं । एयरपोर्टों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि तथा उड़ान (UDYANX) योजना ने छोटे शहरों और दूरस्थ क्षेत्रों को भी राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया है । राष्ट्र प्रथम : सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का नया युग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की मूल भावना बनकर उभरा है। राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की गई, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा को नई मजबूती मिली है । रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए भारत ने रिकॉर्ड रक्षा निर्यात का नया इतिहास रचा है। आज भारत केवल रक्षा उपकरणों का आयातक नहीं, बल्कि वैश्विक रक्षा उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बन रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की उस सोच का परिणाम है, जिसमें राष्ट्रीय गौरव और सामरिक सशक्तिकरण को सर्वोपरि माना गया है । साथ ही, औपनिवेशिक मानसिकता के प्रतीकों से मुक्ति दिलाते हुए राजपथ का कर्तव्य पथ में रूपांतरण तथा भारतीय परंपराओं से प्रेरित नौसेना ध्वज का अंगीकरण राष्ट्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक स्वाभिमान के सशक्त प्रतीक बनकर उभरे हैं । विरासत और विकास : संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सबसे विशिष्ट पहचान यह रही है कि उन्होंने विकास और विरासत को परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक शक्तियों के रूप में स्थापित किया ।

# एससी-एसटी अत्याचार निवारण मामलों की समीक्षा डीएम ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

■ 1100 मामलों में 1055 पीड़ितों को प्रथम किश्त मुआवजा भुगतान, चार आश्रितों को मिली सरकारी नौकरी

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय एवं सहायता उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि वर्ष 2023 से 2026 तक इस अधिनियम के तहत कुल 1100 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 1055 मामलों में पीड़ितों एवं आश्रितों को मुआवजे की प्रथम किश्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है। वहीं 25 मामलों में आपसी सुलह/संधि हुई है। शेष 20 लंबित मामलों में भी अविलंब प्रथम किश्त भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अधिनियम के तहत दर्ज मृत्यु से संबंधित मामलों में 57 निकटतम आश्रितों को नियमानुसार पेंशन दी जा रही है तथा अप्रैल 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त चार आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है, जबकि एक अन्य मामले में नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज होते ही उसकी प्रति ई-मेल के माध्यम से तत्काल जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने चार्जशीट लंबित सभी मामलों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया, ताकि मुआवजे की द्वितीय किश्त के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही अधिनियम के तहत गवाहों को न्यायालय आने-जाने हेतु यात्रा भत्ता दिए जाने के प्रावधान का उल्लेख करते हुए पात्र मामलों में नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला कल्याण पदाधिकारी, समिति के सदस्यगण एवं विभिन्न थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## छपरा के लिए बनेगी शहरी नदी प्रबंधन योजना, डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

छपरा। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार को शहरी नदी प्रबंधन योजना के प्रारूप को अंतिम रूप देने हेतु बहु-हितधारकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, जबकि छपरा नगर निगम की महापौर, नगर आयुक्त, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। यह परियोजना भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। परियोजना के प्रथम चरण में बिहार के गंगा बेसिन क्षेत्र के छह शहरों का चयन किया गया है, जिसमें छपरा भी शामिल है। योजना के तकनीकी एवं संस्थागत क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान को दी गई है। बैठक में नदी तट के सुनियोजित विकास, रिवरफ्रंट निर्माण, विभिन्न गतिविधियों के लिए जोनेशन, सौंदर्यपरक बाढ़ सुरक्षा दीवार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गीले कचरे के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन तथा फीकल स्लज के वैज्ञानिक निस्तारण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि नदी संरक्षण के लिए आधारभूत संरचना के साथ-साथ नागरिकों में जागरूकता और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जनसहभागिता को योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। बैठक में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने छपरा की नदी तटीय परिस्थितियों के अनुरूप व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक योजना तैयार करने पर बल दिया। वहीं जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने परामर्शी संस्थाओं को निर्देश दिया कि योजना में छपरा नगर क्षेत्र के प्रस्तावित विस्तार और भविष्य की विकास परियोजनाओं, विशेषकर इंटर लिंकिंग ऑफ रिवर्स जैसी संभावित योजनाओं को भी शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी हितधारकों के सुझावों एवं तकनीकी मानकों को समाहित करते हुए योजना को अंतिम स्वरूप दिया जाएगा। योजना के लागू होने से छपरा शहर में नदी संरक्षण, पर्यावरणीय सुधार, स्वच्छता प्रबंधन और सतत शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।

# संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट स्वास्थ्य एवं राहत तैयारियों की हुई समीक्षा

■ जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं, बोट एम्बुलेंस और तटबंध सुरक्षा पर विशेष जोर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। संभावित बाढ़ एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय तैयारियों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव, स्वास्थ्य सेवाओं एवं तटबंध सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों को अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिले के सभी 17 संभावित बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में चिकित्सा संसाधनों का तत्काल आकलन कर आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त भंडारण पहले से कर लिया जाए। बैठक में हैलोजन टैबलेट, ब्लीचिंग पाउडर, चूना, एंटी स्नेक वेनम सहित अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं स्टॉक वेरिफिकेशन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु बोट एम्बुलेंस संचालन की तैयारी की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बोट एम्बुलेंस के लिए उपयुक्त स्थानों के चयन तथा चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की समय पर प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए लाइफ जैकेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उन्हें संवेदनशील प्रखंडों में पूर्व से उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थलों पर जियो बैग, बालू, रस्सी एवं अन्य फ्लड फाइटिंग सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तटबंधों की नियमित निगरानी एवं कमजोर स्थलों की तत्काल मरम्मत करने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ के दौरान सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने एवं जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), बाढ़ नियंत्रण एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हत्या मामले मे एक दोषी करार

■ सजा की बिंदु पर 16 जून को सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम अनिल कुमार भारद्वाज ने दरियापुर थाना कांड संख्या 135/ 24 के सत्र वाद संख्या 592/25 में दरियापुर थाना के मानुपुरा निवासी अभियुक्त शहनवाज उर्फ चांद बाबू को आईपीसी की धारा 302 के अंतर्गत दोषी करार दिया है तथा उसकी गुलशन जहां को आईपीसी धारा 324 के अंतर्गत दोषी करार दिया है और सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 16जून की तिथि मुकर्रर की है। एक अन्य अभियुक्त नूरजहां को साक्ष्य के आभाव में दोष मुक्त कर दिया है। अभियोजन की ओर से मनबोध प्रसाद सिंह और उनके सहयोगी अधिवक्ता शुशांत शेखर ने न्यायालय में अभियोजन का पक्ष रखा। बताते चले की दरियापुर थाना के मानुपुर निवासी सरफराज आलमने 14 मार्च 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें उसने दशार्या था कि 12 मार्च 2024 को लगभग 3:00 बजे मोहम्मद शाहनवाज उर्फ चांद बाबू और उसकी पत्नी गुलशन जहां जो की आंगनवाड़ी सेविका है मेरे घर में घुसकर मारपीट की गई । मेरी पत्नी तमन्ना परवीन के साथ भी मारपीट की गई थी मेरे पुत्र मो फैसल उर्फ समीर उम्र 17 साल बचाने आया तो दोनों पति पत्नी उसको को जान से मारने की नियत से चाकू से मारकर जख्मी कर दिए मेरी पत्नी को भी मारकर जख्मी कर दिए पुत्र की मृत्यु हो गई जख्मी हालत में पत्नी को सदर अस्पताल हाजीपुर इलाज के लिए ले जाया गया।

## मोबाइल टावर पर फिर चढ़ गई किशोरी,पुलिस पब्लिक हल्कान

बनियापुर ।बनियापुर थाना क्षेत्र के बाजार भीट्ठी गांव में एक मोबाइल टावर के सबसे ऊपरी तल पर एक किशोरी चढ़ गई,जिस सूचना से पूरे इलाके में खबर आग की तरह फैल गई,जहां प्रत्यक्षदर्शियों का एक बड़ा भीड़ एकत्र हो गई,जिसके बाद भरी भीड़ में कई जन प्रतिनिधि सहित गणमान्य लोगों की मौजूदगी में थाना को सूचित कर बुलाया गया,जहां मौके पर अग्निशमक के साथ पहुंची पुलिस ने काफी मस्कत के बाद किशोरी को टावर से नीचे उतारी गई ।जहां पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर अग्रेत्तर करवाई को अंजाम दिया ।किशोरी की पहचान पास ही के दलित बस्ती की बताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति पर छात्र ने फेंका मोबाइल

छपरा। मंगलवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार वाजपेई जैसे ही विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचे एक छात्र ने भ्रष्टाचारी कुलपति मुदार्बाद, जातिवादी कुलपति मुदार्बाद, मुझे अंक पत्र की हार्ड कॉपी दो का नारा लगाते हुए कुलपति पर मोबिल फेंक दिया ! मालूम हो कि इसके पहले पूर्व कुलपति दिजेंद्र गुप्ता पर भी जगदम महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं में मोबिल फेंका था ! लगातार अंक पत्र न मिलने से छात्र-छात्राएं त्रस्त हैं इसी का आक्रोश व्यक्त करने के लिए ऐसा किया गया है लेकिन पूर्व में कुलपति एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारी पर जो मोबिल कांड हुआ है उसमें छात्र संगठन ने आगे बढ़ चढ़कर प्रेस रिलीज जारी किया था कि यह कार्य हम लोगों ने किया है लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा है ! कोई भी छात्र संगठन इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है सारे छात्र संगठनों ने एक स्वर में कहा कि यह निंदनीय कार्य है हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन सारंण प्रमंडल के गरीब छात्र -छात्राओं को शैक्षणिक रूप से बर्बाद विश्वविद्यालय प्रशासन कर दिया है लेकिन लोकतंत्र में विरोध करने के अन्य भी तरीके हैं जिसे अपनाया जा सकता था लेकिन ऐसा उस छात्र को नहीं करना चाहिए ।इस घटना को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस को तुरंत सूचना दी जिसमें पुलिस प्रशासन से जुड़े पदाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से वार्ता की तथा त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया।

### जनता दरबार के आदेश पर भी नहीं हुई कार्रवाई

छपरा। सारण समाहरणालय में जिलाधिकारी के जनता दरबार में दिए गए एक नियुक्ति से संबंधी आवेदन पर अब तक कार्रवाई नहीं होने का मामला सामने आया है। आवेदक द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त आवेदन पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थापना शाखा में संचिका को जानबूझकर लंबित रखा गया है। आवेदक मुकेश कुमार ने जिलाधिकारी को दिए आवेदन में कहा है कि कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) पद पर नियुक्ति से संबंधित उनका मामला मुख्यमंत्री सचिवालय एवं बिहार कर्मचारी चयन आयोग स्तर तक पहुंच चुका है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा 07 अक्टूबर 2025 को जारी पत्र संख्या 8996 के माध्यम से संबंधित मामलों पर कार्रवाई का निर्देश भी दिया गया था। बता दें कि आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जिलाधिकारी के जनता दरबार में गुहार लगाने के बाद भी स्थापना शाखा में फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। संबंधित स्थापना क्लर्क द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है तथा पत्र को दबाकर रखा गया है। आवेदक ने कहा है कि जनता दरबार में 15 मई 2026 को दिए गए आवेदन पर जिलाधिकारी स्तर से आदेश स्थापना शाखा तक पहुंच चुका है, बताया जा रहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र में सारण सहित कई जिलों के अभ्यर्थियों के आवेदन का उल्लेख है, जिनमें कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) पद पर नियुक्ति से आवेदक ने मांग की है कि स्थापना शाखा में लंबित पत्र के आधार पर शीघ्र निर्णय लेते हुए न्यायोचित कार्रवाई की जाए तथा जानबूझकर देरी करने वाले कर्मियों की जवाबदेही तय की जाए।

# महंगाई , बेरोजगारी एवम भ्रष्टाचार के विरुद्ध राजद के धरना प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

मकेर। मंगलवार को राजद के एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है जिसमें सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया ।राजद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राय के नेतृत्व में एक धरना एवम प्रदर्शन किया गया जिसमें सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में बेरोजगारी ,भय ,भ्ष्टार्चार महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुच गयी है। युवाओ का पलायन हो रहा है ,गरीबी बढ़ रही है भ्रष्टाचार अपनी सीमा पर है ।आम जनता की कोई सुनता नही है। गरीब महंगाई की चक्की में पीस रही है । इन सब बातों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया एवं सरकार की गलत नीतियों की भर्त्सना की गई ।इस धरना प्रदर्शन को नेता अजय राय वकील राय अरूण राय हरेन्द्र पासवान चंदेश्वर राय ,रामनरेश राय ने अपनी बातों से सरकार के नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद किया।

## अपराध, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ राजद का प्रखंड मुख्यालय पर धरना

अमनौर। प्रदेश में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में राजद कार्यकताओं ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। पार्टी के झंडा-बैनर तले हुए प्रदर्शन की अध्यक्षता मुन्ना चौहान ने की। कार्यकताओं ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने में वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। शराबबंदी के बावजूद शराब घर-घर कुटीर उद्योग बन गया है और युवा सूखे नशे के शिकार हो रहे हैं। भ्रष्टाचार के कारण नव-निर्मित पुल-पुलिया और सड़कें ध्वस्त हो रही हैं। शिक्षक बिना वेतन के काम करने को मजबूर हैं। आरोप लगाया कि अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश पर जाति देखकर कार्रवाई कर रहे हैं। युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और अधिकारी जनता की आवाज नहीं सुनते। कार्यकताओं ने कहा कि विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम जनता की कोई सुनने वाला नहीं है और स्वास्थ्य विभाग की स्थिति बदहाल है। किसानों को खाद-पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बीमार व्यक्ति जमीन बेचकर निजी अस्पतालों में इलाज कराने को विवश है। शिक्षा की स्थिति भी खराब बताई गई ।राजद जिला अध्यक्ष सुनील राय ने कहा कि लालू-राबड़ी का राज गरीब, मजदूर और असहायों का राज था। उस दौरान जनता की बात अधिकारी और नेता सुनते थे, काम होता था।

# जमीनी विवाद में हुई हत्या मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राघवेंद्र विक्रम सिंह परमार ने तरैया थाना कांड संख्या 84/19 के सत्र वाद संख्या 447/19 में तरैया थाना के मुकुंदपुर निवासी आजाद अंसारी आफताब अंसारी सद्दाम अंसारी को हत्या की दफा अंदर दफा 302 के अंतर्गत सशर्म आजीवन कारावास एवं पच्चीस पच्चीस हजार रुपए अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा एवं चौथे आरोपी शमीम अंसारी को हत्या प्रयास मामले की दफा 307 के अंतर्गत 5 साल की कारावास एवं पांच हजार अर्थ दंड तथा पांचवे आरोपी सत्तार अंसारी को अंदर दफा 504 के अंतर्गत 8 माह की सजा और एक हजार अर्थ दंड की सजा सुनाई है एवं चार अन्य आरोपी अख्तर अंसारी मुख्तार अंसारी आजाद अंसारी हैदर अंसारी को संदेह का लाभ देखते हुए बरी करने का भी आदेश दिया है। बताते चले की तरैया थाना के छोटा माधोपुर निवासी तसौवर हुसैन ने 23 मार्च 2019 को अपना फर्द बयान दर्ज कराया था।

जिसमें उसने दशार्या था कि घटना के दिन उनका छोटा भाई मनौवर हुसैन खेत देखने सुबह में जा रहा था जब सत्तार अंसारी के घर के करीब पहुंचा तो रास्ते में सभी आरोपी रोक कर उसके साथ गाली गलौज किए और कहा कि मेरा जमीन क्यों लिखवाया है। सभी आरोपी मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिए ।हल्ला सुनकर मनोहर हुसैन का लड़का बिट्टू एवं रिंकू आए उन्हें भी सब मिलकर जख्मी कर दिए तीनों जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां सूचक के छोटे भाई मनौवर हुसैन की मृत्यु हो गई।

घटना का कारण का जमीनी विवाद बतलाया गया है ।मामले में अभियोजन की ओर से चिकित्सक एवं अनुसंधानकर्ता सहित सभी गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई ।पुलिस ने 31 अगस्त 2019 को अंतिम प्रपत्र न्यायालय में दाखिल किया । कुल नौ अभियुक्तों पर प्राथमिक की दर्ज की गई थी

## बाइक टोटो के टक्कर में बाइक सवार एक की मौत,दूसरा जख्मी

बनियापुर। थाना क्षेत्र के पूछरी मझवलिया नहर के समीप बाइक से जा रहा युवक टोटो से टकराया जहां बुरी तरह जख्मी होने के कारण उसकी मौत हो गई,वही बाइक पर सवार एक युवक जख्मी हो गया ।वही टोटो चालक अपनी वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भटकेशरी गांव निवासी वीरेंद्र राय का २१वर्षीय पुत्र रोहित राय अपने फुफेरे भाई के साथ मौसी के घर बाइक से जा रहा था जहां पूछरी से आगे मझवलिया पुल पर खड़ी टोटो से धक्का लगने के बाद सड़क पर बाइक सहित गिर गया,गंभीर चोट के कारण उसकी मौत हो गई,घटना की सूचना पर उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई,घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया ।मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

प्रात : किरण संवाददाता



इसुआपुर ।प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की 10 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर सहित प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी इं. सत्यम सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुलिका कुमारी तथा सीडीपीओ चंद्रकांता कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया तथा गर्भवती महिलाओं को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। जांच में रक्तचाप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, एचआईवी तथा गर्भस्थ शिशु की हृदय गति एफएचआर की जांच शामिल था। वहीं आवश्यकता अनुसार महिलाओं को आयरन, कैल्शियम एवं विटामिन्स की दवाएं दी गईं वहीं चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। प्रखंड के 16 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित इस विशेष अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व एवं प्रसव संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी गईं। सीएचसी इसुआपुर में जांच कराने पहुंची महिलाओं में गम्हरिया की रिमझिम कुमारी, महुली की मंजू देवी, केरवां की सुमन पाल, दरवां की नेहा खातून तथा बंगाली भिट्ठी की नेहा कुमारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुलिका कुमारी, डॉ. फैज अहमद शम्स, डॉ. मधुमिता रानी, स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी, वरिष्ठ एएनएम प्रियंवदा कुमारी, प्रमिला कुमारी, रूबी मिश्रा, पिंकी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का हुआ भव्य समापन, बच्चों में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का हुआ विकास

■ वर्तमान समय में बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यकः बीके अनामिका

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, छपरा द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों के संवर्धन एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। समापन समारोह में लगभग 60 बच्चों और उनके अभिभावकों ने भी बढ़- चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की गई। समारोह की शुरूआत आध्यात्मिक वातावरण में ध्यान एवं प्रार्थना के साथ हुई। बच्चों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों के संवर्धन एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ऐसे कार्यक्रम वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी छपरा सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से मन को शांत एवं शक्तिशाली बनाया जा सकता है। बच्चों को परमात्मा शिव बाबा से आत्मिक संबंध जोड़कर जीवन में सकारात्मकता, आत्मविश्वास और सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। साथ ही सभी बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच, सहयोग की भावना तथा संस्कारों का विकास होता है। साथ ही उन्हें जीवन में नैतिक आदर्शों का पालन करने, माता- पिता एवं गुरुओं का सम्मान करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा मिलती है।

बीके प्रियांशु बहन ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस समर कैम्प में बच्चों को नैतिक शिक्षा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, योग एवं सकारात्मक सोच से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों के लिए अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष माहौल देखने को मिला। आध्यात्मिक शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व को सशक्त बनाकर उन्हें तनावमुक्त, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती। वही बीके अरविंद भाई ने बच्चों को संबोधित करते हुए परमात्मा शिव बाबा से प्राप्त होने वाली आध्यात्मिक शक्तियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि परमात्मा के ज्ञान और योग के माध्यम से व्यक्ति जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक आत्मबल और विवेक के साथ कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और अभिभावकों ने ऐसे आयोजन को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के संस्कार आधारित शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन समारोह में बीके प्रिया, बीके अर्जुन, बीके अनुराग, बीके आराध्य सहित कई भाई- बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय जनता दल के संगठन विस्तार को लेकर सदर छपरा में हुई महत्वपूर्ण बैठक




■ राजद कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूती, सदस्यता अभियान एवं जनसमस्याओं को लेकर बनाई रणनीति

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिला राष्ट्रीय जनता दल, सदर छपरा प्रखंड के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार प्रसाद ने की। इस दौरान पार्टी के राज्य संगठन के आह्वान पर संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ब्बैठक में उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ने तथा पंचायत स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। साथ ही क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भी चर्चा करते हुए जनहित के मुद्दों पर आंदोलनात्मक रणनीति तैयार करने पर बल दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय, गरीब, किसान, मजदूर एवं युवाओं की आवाज को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। पार्टी कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर आम जनता से संवाद स्थापित करने एवं सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# पोखर में जहर डालकर 25 लाख की मछलियां मारने का आरोप, सेवानिवृत्त फौजी की आजीविका पर संकट

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुही गांव में मछली पालन व्यवसाय से जुड़े एक बड़े नुकसान का मामला सामने आया है। गांव की एक निजी तालाब में अज्ञात लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ डालने की आशंका जताई जा रही है, जिससे लाखों रुपए मूल्य की मछलियों की मौत हो गई है। इस घटना से न केवल पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि पूरे इलाके में भी चिंता और चर्चा का माहौल बन गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भलुही गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक अखिलेश प्रसाद एवं उनकी पत्नी गायत्री देवी पिछले चार वर्षों से मछली पालन का व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने करीब तीन एकड़ क्षेत्रफल की पोखर को लीज पर लेकर उसमें पंगास, रूपचंद, रोहू और कतला प्रजाति की मछलियां पाल रखी थीं। इस व्यवसाय को विकसित करने के लिए उन्होंने सरकारी अनुदान का भी लाभ लेने के साथ - साथ लगातार मेहनत कर इसे अपनी आजीविका का प्रमुख साधन बनाया था। इस संबंध में पीड़ित अखिलेश प्रसाद ने बताया कि सोमवार की देर रात्रि को लगभग 11 बजे तक वह पोखरों की निगरानी करने के बाद वापस घर लौट गए। मंगलवार की सुबह जब वह नियमित रूप से मछलियों को दाना देने पहुंचे तो दो पोखरों में बड़ी संख्या में मछलियां मृत अवस्था में पानी की सतह पर तैरती दिखाई दीं। देखते ही देखते मछलियों के मरने का सिलसिला बढ़ता गया और सैकड़ों मछलियां पोखर में मृत पाई गईं। अखिलेश प्रसाद का आरोप है कि किसी ने दुश्मनी या साजिश के तहत पोखरों में जहरीला पदार्थ डाल दिया है, जिस कारण इस तरह की घटना हुई है। हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार उन्हें लगभग 25 लाख रुपए मूल्य का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मछली पालन ही उनके परिवार की आय का मुख्य स्रोत है और इस नुकसान ने उन्हें गहरे संकट में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू शिष्टमंडल ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रभावित अस्पताल का किया निरीक्षण

गया जी। जदयू जिला अध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा के नेतृत्व में जदयू का शिष्टमंडल प्रभावती हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया है। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने बताया की जदयू का एक शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु प्रभावती महिला अस्पताल में सभी विभागों एवं वार्डों में घूम घूमकर निरीक्षण किया है। जिला अध्यक्ष ने इलाज से संबंधित एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में अस्पताल अधीक्षक एवं प्रबंधक से जानकारी प्राप्त किया। जो कमी देखा गया उसको तत्काल दूर करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही हॉस्पिटल अधिक्षक सुषमा बर्नवाल जी से मुलाकात कर छात्रावास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया है। इस निरीक्षण दौरान देखा गया की अस्पताल में डाक्टरों एवं नर्शों की कमी है, आपरेशन हेतू वेहोशी करने वाले डॉक्टर की भी कमी है। हॉस्पिटल के लोड को देखते हुए जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा जल्द ही स्वस्थ मंत्री निशांत कुमार से मिलकर जो भी कमी देखा गया उसको जल्द दूर करवाने का कार्य किया जाएगा। अजय कुशवाहा ने कहा की बिहार सरकार के द्वारा अस्पताल में काफी अच्छा व्यवस्था लागू किया गया है। जल्द ही नया छात्रावास निर्माण, डाक्टर एवं नर्शो की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराया जायेगा। इस शिष्टमंडल में बीस सूत्री सदस्य अवध बिहारी पटेल,शंकर चौधरी, शहजाद शाह, जदयू नेता कुंडल वर्मा,बबन चंद्रवंशी, राकेश पांडे, प्रभात राउत, मितंबरा लोहड़े, अरविंद वर्मा, सहित पार्टी के कई नेता उपस्थित थे।

### श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने नए बीज उत्पाद लॉन्च किए

गयाजी। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने रांची, झारखंड में आयोजित एक कार्यक्रम में हाइब्रिड बीज, रिसर्च बीज और सब्जियों के बीज की नई श्रृंखला लॉन्च की। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर मौजूद रहे। कंपनी ने हाइब्रिड सीड सेगमेंट में धान के दो नए बीज श्रीराम 470 और श्रीराम 735 पेश किए। वहीं रिसर्च सीड सेगमेंट में श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 लॉन्च किए गए। इसके अलावा सब्जियों के बीजों की श्रेणी में अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर श्रीराम 2628 को भी बाजार में उतारा गया। इस अवसर पर संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नए उत्पाद किसानों को बेहतर उत्पादन और खेती को अधिक सशक्त बनाने में मदद करेंगे।

### प्रेम-प्रसंग से आहत युवती ने खाया जहर, मौत से गांव में पसरा मातम

आरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के असावन टोला गांव में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां प्रेम-प्रसंग से जुड़े विवाद के बीच एक 18 वर्षीय युवती ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतका की पहचान असावन टोला निवासी रामाशंकर गोड़ की 18 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार खुशबू का पड़ोस के एक युवक अंकित सिंह के साथ पिछले करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध था। बताया जाता है कि 10 मई को वह युवक के साथ घर से चली गई थी और आठ दिन बाद वापस लौटी थी। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी, जिसमें युवती ने अपने पिता के साथ रहने की बात कही थी।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का लगाया आरोप

आरा। भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव में मंगलवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर फंदे का निशान मिलने के बाद परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान बड़गांव निवासी अर्जुन सिंह की 25 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर विवाहिता की मौत हुई है। मृतका के गले पर फंदे का निशान पाए जाने के कारण मामला संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। घटना की खबर मिलते ही अजीमाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सीवान नगरीय प्रशासन की चुनौतियों पर परिचर्चा, विकास योजनाओं की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। सिवान समाहरणालय सभागार में मंगलवार को माननीय विधायक सिवान सदर सह-अध्यक्ष, प्राक्कलन समिति मंगल पांडेय की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन की चुनौतियों पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने नगर परिषद सिवान द्वारा संचालित विकास योजनाओं और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नए संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं तथा 16 फरवरी 2026 से दिन-रात सफाई कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 130 टन कचरे का संग्रहण होता है और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के निर्माण की दिशा में भी कार्रवाई चल रही है। दाहा नदी के सौंदर्यीकरण, सड़क-नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था तथा रैन बसेरा संचालन जैसे कार्यों की भी जानकारी दी गई। परिचर्चा में नगर परिषद के सभापति, उपसभापति, कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई जाम और जलजमाव से मिलेगी राहत

प्रात : किरण संवाददाता

महाराजगंज। नगर पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। हालिया बारिश के बाद शहर में उत्पन्न जलजमाव की गंभीर समस्या और लगातार लग रहे ट्रैफिक जाम को देखते हुए प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर नालों, सड़कों और जल निकासी मार्गों से अतिक्रमण हटाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नालों पर किए गए अवैध कब्जे और सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण जल निकासी बाधित हो रही थी, जिससे शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की स्थिति बन रही थी। वहीं, मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते



हुए नगर पंचायत प्रशासन ने विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से एक दिन पूर्व नगर पंचायत द्वारा पूरे शहर में माइकिंग (अलाउंसमेंट) कराकर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई थी और स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर मंगलवार को बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) डॉ. विपिन कुमार ने नागरिकों से सार्वजनिक नालों, जल निकासी मार्गों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को जाम और जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा बेहतर जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जरती माई गेट से बाटा मोड़, शिव मंदिर होते हुए राजेंद्र चौक तक, राजेंद्र चौक से दिल्ली पब्लिक स्कूल तक तथा राजेंद्र चौक से नखास चौक होते हुए आरबीजीआर कॉलेज तक विशेष कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य चिन्हित स्थानों पर भी अतिक्रमण हटाया गया, जहां यातायात और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने तथा जाम और जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राजद का एकदिवसीय धरना, जनसमस्याओं के समाधान की उठी मांग




कोईलवर। मंगलवार को कोईलवर प्रखंड मुख्यालय पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के प्रभारी पूर्व मेयर आरा एवं वरिष्ठ राजद नेता सुनील यादव तथा मुख्य वक्ता संदेश के पूर्व विधायक विजेंद्र यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोईलवर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य रविंद्र रजक ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव पंचायती प्रकोष्ठ सी.पी. चक्रवर्ती ने किया। धरना के दौरान नेताओं ने क्षेत्रवासियों की विभिन्न गंभीर जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजेंद्र यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, कमजोर कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था और महंगाई जैसी समस्याओं ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की। धरना के उपरांत राजद के प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कोईलवर वीर बहादुर पाठक के माध्यम से जिला पदाधिकारी, भोजपुर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि जनता के लिए न्यायपूर्ण बदलाव और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा। धरना में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और स्थानीय प्रशासन से जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

# दादी-नानी के स्वाद से करोड़ों का कारोबार - भोजपुर के दो युवाओं ने खड़ा किया, सासू मां मसाला ब्रांड

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर के दो युवाओं ने परंपरागत भारतीय रसोई के स्वाद को कारोबार की नई पहचान दे दी है। दादी-नानी के जमाने की मसाला कुटाई की विधि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्होंने ऐसा ब्रांड खड़ा किया है, जिसकी मांग अब जिले की सीमाओं को पार कर चुकी है। दादी-नानी के जमाने में खल-मुसर से कूटे जाने वाले मसालों की विधि को आधुनिक तकनीक के साथ अपनाकर उन्होंने सासू मां मसाला नाम से ऐसा ब्रांड तैयार किया है, जिसकी मांग अब भोजपुर की सीमाओं को पार कर आसपास के कई जिलों तक पहुंच चुकी है। कभी छोटे स्तर से शुरू हुआ यह उद्यम आज एक करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक कारोबार तक पहुंच चुका है। सोशल मीडिया से मिला आइडिया, फिर शुरू हुआ सफर रंजन सिंह बताते हैं कि मसाला व्यवसाय शुरू करने का विचार उन्हें सोशल मीडिया से मिला। इसके बाद उन्होंने इस क्षेत्र को गहराई से समझने के लिए अहमदाबाद और महाराष्ट्र की करीब 150 से 200 मसाला कंपनियों का दौरा किया। अध्ययन के दौरान उन्हें महसूस हुआ कि भोजपुर और आसपास के इलाके में इस तरह का कोई संगठित और गुणवत्तापूर्ण मसाला ब्रांड नहीं है। यही सोच उनके व्यवसाय की नींव बनी। उन्होंने बताया कि शुरू से ही उनकी इच्छा अपने गांव और जिले में रहकर कारोबार करने की थी। इसी उद्देश्य से उन्होंने अपने मित्र नितिन कुमार सिंह के साथ मिलकर मसाला उद्योग की शुरूआत करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना बनी सहारा व्यवसाय शुरू करने में सबसे बड़ी चुनौती पूंजी की थी। रंजन सिंह बताते हैं कि शुरूआती दौर में आर्थिक संसाधनों की कमी थी। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की जानकारी मिली। इस योजना के तहत दोनों साझेदारों को 10-10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इसके अलावा परिवार और दोस्तों के सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाकर व्यवसाय की शुरूआत की गई। हालांकि शुरूआती दौर आसान नहीं था। मसालों की तीखी गंध और कठिन कार्य परिस्थितियों के कारण कर्मचारी लंबे समय तक नहीं टिकते थे। ऐसे में लगभग छह महीने तक दोनों साझेदारों ने खुद ही मसाला कुटाई, पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम संभाला। लगातार मेहनत और गुणवत्ता पर ध्यान देने का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे ग्राहकों का भरोसा बढ़ता गया और व्यवसाय ने रफ्तार पकड़ ली। परंपरागत कुटाई बनी ब्रांड की पहचान सासू मां मसाला की सबसे बड़ी विशेषता इसका निर्माण तरीका है। जहां आज अधिकांश मसाले चक्की में पीसकर तैयार किए जाते हैं, वहीं इस ब्रांड के मसाले पारंपरिक शैली में कूटकर बनाए जाते हैं। पुराने समय में जिस प्रकार घरों में खल-मुसर से मसालों की कुटाई होती थी, उसी प्रक्रिया को आधुनिक मशीनों के माध्यम से अपनाया गया है। हल्दी, मिर्च, धनिया, गरम मसाला और सब्जी मसाला सहित विभिन्न उत्पादों के लिए खड़े मसालों की कुटाई की जाती है। इससे मसालों की प्राकृतिक सुगंध, स्वाद और गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है।

# जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय पर राजद का एकदिवसीय धरना

आरा। पूरे देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ राजद की तरफ से जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजद के पूर्व प्रत्याशी किशोर कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार को ह्यगहरी नींद में सोई हुईह्न बताते हुए कहा कि इसे जगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा जो प्रधानमंत्री कहते थे कि रुपया नहीं गिरता है, आज रुपया इतना नीचे गिर गया है कि देश की इकोनॉमी आठवें स्थान पर आ गई है। डीजल-पेट्रोल का दाम आसमान छू रहा है और गैस 1000 के पार हो गया है। जनता के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं इस अवसर पर जगदीशपुर के पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जन विरोधी नीतियों पर चल रही है लोहिया ने कहा गरीबों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है लेकिन राजद का एक-एक कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर चुका है। सरकारी दफ्तरों में व्यापक लुट खसोट और आम जनता के साथ हो रहे अन्याय को अब और सहन नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वालों दिनों में आंदोलन और अधिक उग्र होगा। अधिकारियों पर गंभीर आरोप किशोर कुमार ने जगदीशपुर स्थानीय थाना प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को मान-सम्मान नहीं दिया जा रहा है और बिना पैसे के कोई आवेदन नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि थाना ब्लॉक कार्यालयो में आवेदन और रसीद काटने के लिए भी पैसे की मांग की जाती है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि अब जनता के मुद्दों पर बात होगी और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भाई दिनेश किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि यादव प्रखंड अध्यक्ष भोला खान मुखिया प्रतिनिधि अजय यादव पूर्व मुखिया देव सुंदर सिंह अनिल यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोन नद में डूबने से 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, इंटर में नामांकन की थी तैयारी

प्रात : किरण संवाददाता





कोईलवर। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र स्थित बहियारा पहाड़ी बाबा घाट पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक प्रकाश कुमार है। वह भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना के बहरी गांव के शैलेंद्र कुमार का पुत्र था। प्रकाश वर्तमान में आरा के जीरो माइल क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि उसने इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और आगे की पढ़ाई के लिए इंटर में नामांकन की तैयारी कर रहा था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। मृतक के छोटे भाई अनीश कुमार ने बताया कि प्रकाश अपने दोस्तों के साथ बहियारा स्थित भगवान नरसिंह बालाजी मंदिर में दर्शन करने गया था। दर्शन से पहले सभी मित्र सोन नदी में स्नान करने पहुंचे। इसी दौरान नदी में नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में बने गड्ढे में चला गया। उसके साथ स्नान कर रहे दो अन्य युवकों को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन प्रकाश नदी की तेज धारा और गहराई में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रोशन ने बताया कि सूचना मिलने के वे घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत मौके पर एसडीआरएफ को बुलाया गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने घंटे भर की मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। एसडीआरएफ के हवलदार रामकुमार ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सेल्फी लेने के दौरान युवक का संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सेल्फी लेने के चक्कर में यह घटना हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद पुलिस ने और शव बरामद होने के बाद अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुटी हुई है। प्रकाश की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी मां अंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता शैलेंद्र कुमार, जो जीरो माइल पर किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बेटे की मौत से गहरे सदमे में हैं। परिजनों और रिश्तेदारों के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। एक होनहार युवक, जिसने अभी-अभी अपने सपनों की उड़ान भरने की तैयारी शुरू की थी, वह सोन नदी की लहरों में हमेशा के लिए विलीन हो गया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान में सीवान का शानदार प्रदर्शन मैरवा प्रखंड के आठों पंचायत हुआ 100 प्रतिशत टीबी मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सीवान जिले ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और सामुदायिक सहभागिता का परिचय दिया है। वर्ष 2025-26 में जिले की 76 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिसके आधार पर सीवान को पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं, मैरवा प्रखंड ने इतिहास रचते हुए अपने सभी आठ पंचायतों को टीबी मुक्त बनाकर बिहार का पहला 100 प्रतिशत टीबी मुक्त प्रखंड बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए सीवान के स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रखंडस्तरीय कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे सीवान जिले ने इस वर्ष भी अपनी पहचान कायम रखी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मूल्यांकन के अनुसार जिले की 76 पंचायतें टीबी मुक्त पंचायत के मानकों पर खरी उतरी हैं। इस उपलब्धि के आधार पर सीवान को राज्य में दूसरा स्थान मिला है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद जिला संचारी रोग पदाधिकारी (सीडीओ) डॉ. अशोक कुमार एवं डीपीएम बिशाल कुमार सिंह को पटना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार के महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति प्रस्तावित है। लगातार तीसरे वर्ष मिला राज्य स्तरीय सम्मान टीबी-डीपीसी दीपक कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान में सीवान का प्रदर्शन लगातार सराहनीय रहा है। वर्ष 2023-24 में जिले की 11 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई थीं, जिसके लिए सीवान को पूरे बिहार में पहला स्थान मिला था। इसके बाद वर्ष 2024-25 में 93 पंचायतों ने टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल किया और जिले ने फिर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वर्ष 2025-26 में 76 पंचायतों के टीबी मुक्त होने के साथ सीवान ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी निरंतरता साबित की है। मैरवा ने रचा इतिहास इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि मैरवा प्रखंड की रही है। प्रखंड की सभी आठ पंचायतों ने टीबी मुक्त पंचायत के मानकों को पूरा कर लिया है, जिसके बाद मैरवा को 100 प्रतिशत टीबी मुक्त प्रखंड घोषित किया गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला मैरवा बिहार का पहला प्रखंड बन गया है। ैरवा की आठ पंचायतों में से दो पंचायतों को ब्रॉन्ज मेडल तथा छह पंचायतों को सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान पंचायत स्तर पर टीबी नियंत्रण, मरीजों की पहचान, उपचार की सफलता और सामुदायिक जागरूकता के आधार पर दिया जाता है। इन अधिकारियों को मिलेगा सम्मान मैरवा प्रखंड की इस ऐतिहासिक सफलता में स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों और सामुदायिक कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि प्रकाश, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) पूनम कुमारी, एसटीएस इंचार्ज एवं एसटीएलएस शंकर पासवान तथा लैब टेक्निशियन प्रमोद कुमार मांझी को सम्मानित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के 10 वर्ष पूरे 102 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

सीवान दारौंदा। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को दरौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 102 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में पहुंची महिलाओं की सबसे पहले सर्दी, खांसी, बुखार एवं रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई। इसके बाद लैब टेक्नीशियन अब्दुल जनान द्वारा रक्त नमूना लेकर एचआईवी, हीमोग्लोबिन, शुगर, रक्त समूह, वजन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। चिकित्सक डॉ. अमर कुमार गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। वहीं डॉ. रजिया सुल्ताना ने गर्मी एवं मौसम परिवर्तन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी एवं अन्य पेय पदार्थों का सेवन करने की बात कही। लैब टेक्नीशियन अब्दुल जनान ने बताया कि सभी महिलाओं के रक्त नमूने की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जांच रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अमर कुमार गुप्ता, डॉ. रजिया सुल्ताना, एएनएम नीतू सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग, आमसभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा प्रखंड की पिनर्थु खुर्द ग्राम पंचायत में मंगलवार को पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर एक आमसभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता मुखिया नईमुल हक सिद्दीकी ने की। मुखिया ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण मौजा पसीवड़ स्थित खाता संख्या-172, सर्वे संख्या-151 की सरकारी भूमि पर कराया जा रहा है। उक्त भूमि गैर मजरुआ मालिक परती कदीम के रूप में दर्ज है तथा भवन निर्माण के लिए सरकार से स्वीकृति भी प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा एक अक्टूबर 2025 को भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कुछ लोगों के विरोध के कारण कार्य बीच में ही बाधित हो गया। आमसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने इसे सरकारी विकास कार्य में अवरोध बताते हुए जिला प्रशासन से अविलंब निर्माण कार्य पुनः शुरू कराने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत सरकार भवन के निर्माण से पंचायत स्तर पर विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। सभा में मुखिया नईमुल हक सिद्दीकी के अलावा एहसानुल हक, ताज मोहम्मद, इंदल सिंह, पृथ्वीनाथ सिंह, शंभू मिश्र, वीरेन्द्र मिश्र, तारकेश्वर चौहान, दिलीप राय, संतोष राम, हीरामन बैठा, जयराम बैठा, केदार बैठा, राजाराम बैठा, पंकज भारद्वाज, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहार पुरानी बाजार में ओपन बिजली तार के सप्लाई से जान का खतरा

सहार। सहार पुरानी बाजार में ओपन बिजली का तार से बिजली सप्लाई होने से जान का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण बहुत दिनों से ओपन बिजली के तार को हटा कर केबल वाला तार लगाने की मांग किया गया है। मगर आज तक पुरानी बाजार मे ओपन बिजली का तार नहीं बदला गया है। स्थानीय ग्रामीण गोविन्द केशरी, बिहारी साव, राजेन्द्र केशरी,अमित कुमार गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता, संतोष प्रसाद, बसंत कुमार गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द ओपन बिजली का तार हटाकर केबल वायर लगाने की मांग किया है। इस संबंध में बिजली जेई चंदन कुमार से पुछने पर बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जितना जल्द ही ओपन बिजली का तार बदलवा दिया जाएगा।

# मैरवा स्टेशन पर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

आरा। सीवान जीआरपी सीवान, सीपीडीएस टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट सीवान की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को मैरवा रेलवे स्टेशन से एक शराब तस्कर को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सीवान सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में की गई। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-2 स्थित फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पीठ पर लदे पिठू बैग से 750 एमएल की सात बोतल मास्टर ब्लेंडर्स सिग्नेचर व्हिस्की बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 5.250 लीटर तथा अनुमानित कीमत 5,950 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान *विकास कुमार (21 वर्ष)*, पिता अनिल कुमार साह, निवासी मुराय, थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मैरवा जीआरपी थाना में कांड संख्या 96/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रेल प्रशासन ने दो मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार, तीन मोबाइल बरामद

सीवान/ जीआरपी सीवान, सीपीडीएस टीम तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट सीवान की संयुक्त कार्रवाई में रेल यात्रियों के कीमती सामान चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश तथा प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में मंगलवार को सीवान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर गश्त एवं संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान करमासी वार्ड-19, थाना एमएच नगर हसनपुरा निवासी महिला यात्री आसिया बेगम का वीवो कंपनी का मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को टीम ने पीछा कर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान झारखंड के साहेबगंज जिले के बाबुपुर निवासी विकास महतो (22 वर्ष) तथा शिवा पहाड़ निवासी चंदन राय (20 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि दोनों छपरा-गोरखपुर रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में घूम-घूमकर यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी करते थे। तलाशी के दौरान उनके पास से वीवो कंपनी के दो मोबाइल तथा टेक्नो स्पार्क कंपनी का एक मोबाइल बरामद किया गया। रेल थाना सीवान में दोनों के विरुद्ध कांड संख्या 95/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में जीआरपी के पुअनि संजय कुमार राम, आरपीएफ के सउनि नंद किशोर सिंह, सीपीडीएस टीम के सउनि शैलेन्द्र कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा, कांस्टेबल विनोद कुमार वर्मा, विजय कुमार यादव एवं बलवीर सिंह यादव शामिल रहे।

# सहार सोन नद पुल आरा अरवल सडक ट्रकों का रहा जाम

## जाम से आम लोगों का उठानी पडी कठिनाई

प्रात : किरण संवाददाता

सहार । आरा अरवल मुख्य सडक पर सोन नदी पुल सहित मंगलवार को भारी जाम लगा रहा। जहाँ जाम का असर सहार बस स्टैंड से खैरा तक 5 किलोमिटर तक ट्रकों का जाम लगा रहा। सहार बस स्टैंड जाम होने से आम लोगों छोटी गाडियों वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठाना पडा। लंबी दुरी से यात्रा कर रहे यात्रियों को दो-दो तीन-तीन घंटे तक ट्रकों के बीच में जाम मे फंसे रहे। छोटी वाहनों वाले रास्ता बदल बदल कर आने जाने पर मजबूर हो गये। सहार पुलिस साईरन बजा कर जाम हटाते देखे गये। और सहार अरवल पुल पर ट्रकों का लम्बा जाम रहा। सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को अरवल सहार आने जाने को रहा। स्थानीय लोगों जो दिन भर सब्जी और अन्य सामानों को लेकर आने का सहार अरवल आना जाना करते रहते हैं उन्होंने जाम से काफी परेशानी लगी रही। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को भी सडक पर खडा रह कर ट्रको का रास्ता क्लियर कराते देखा गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अरवल में जाम के कारण सोन नदी पुल सहित सहार से एकवारी तक जाम लगा रह रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर युवाओ ने जताया विरोध

औरंगाबाद। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के कीमत में 29 रुपए की बढ़ोतरी को लेकर युवाओं मे आक्रोश है। समाजसेवी अलख निरंजन ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि,पेट्रोल डीजल और गैस की कीमतों मे वृद्धि आम लोगों को जीवन प्रभावित हो रहा है। इससे विशेष रूप से महिला गरीबों मजदूरों पर छात्रों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम मे 60 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी और अब पुनः 29 रुपए बढ़ाए गए है। कहा कि छोटे गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने से निम्न आय वर्ग के लोगों पर बोझ बढ़ते जा रहा है। जब कि कॉमर्शियल सिलेंडर की किमतो मे लगातार वृद्धि से होटल और संचालकों की परेशानी भी बढ़ रही है। उनका कहना है कि बढ़ती कीमत किसान छात्रों महिलाओं और माध्यम वर्ग के लिए चिंता का विषय है।

### सनातनी धर्म को बढ़ावा देने वाले को देव रत्न उपाधि से किया गया सम्मानित

औरंगाबाद। सौर तीर्थ देव में में अब आये दिन कुछ ना कुछ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है' विगत वर्ष युवाओं के द्वारा सूर्य महोत्सव स्थल पर सत्यचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था और इस वर्ष रानी तालाब में माँ काली की स्थापना दिवस पर धूमधाम से आयोजन कर सभी सनातनी एकजुटता का परिचय दिये हैं ' काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में अखंड कीर्तन को सफल बनाने वाले सनातनी युवाओं को आज काली स्थान में माँ काली का प्रतिक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर ह्लदेव रत्नह्व उपाधि पद से सम्मानित किया गया ' तत्पश्चात सभी नें निर्णय लिया की देव में आर्दरा मेला का आयोजन भी धूमधाम से किया जाये साथ में बाहर से आ रहे श्रद्धांलुओं को ठहरने के लिए विजय दास धर्मशाला खोलवाने के सन्दर्भ में जनप्रतिनिधियों और जिला पदाधिकारी से मिलने की बात कही गयी ' थाना मोड़ पर काली स्थान प्रवेश द्वार निर्माण करने पर भी चर्चा की गयी ' धर्मनुरागियों को सम्मान समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक धनराज, सचिव राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, संरक्षक दीपक गुप्ता जी नें घोषणा कियें की पवन पांडेय, बलेश गुप्ता, मुकेश सिंह, मुकुल सिंह को ट्रस्ट में शामिल कर रानी तालाब परिसर के विकास को गति दिया जाये ' सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए इस सम्मान समारोह में समाजसेवी आलोक सिँह,पुजारी दिनेश दुबे,नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल,बिनोद यादव राकेश राही, संतोष भारती, गोरख साव, उदय सिंह, मनीष कुमार,छोटू कुमार नें इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएं।

### दो माह सामुदायिक सेवा का आदेश दिया गया

औरंगाबाद। किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसिजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने जी आर -74/21, जेजेबी वाद -324/26, दाउदनगर थाना कांड संख्या -275/21 में सुनवाई करते हुए एक मात्र विधि विरूद्ध किशोर को दो महीने सामुदायिक सेवा का आदेश दिया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि स्पेशल एक्ट हरिजन एक्ट का वाद में एक मात्र विधि विरूद्ध किशोर को स्वस्थ उपकेंद्र संसा दाउदनगर में दो महीने सामुदायिक सेवा देने का आदेश दिया है। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वस्थ उपकेंद्र संसा दाउदनगर को आदेश दिया गया है कि दो महीने के कार्यविधि के विधि विरूद्ध किशोर के आचरण और व्यवहार से सम्बंधित प्रतिवेदन एक निश्चित समय तक किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत करें। किशोर न्याय बोर्ड के धारा -74 का पालन करते हुए कालावधि,नाम ,पता उजागर न करें।

### महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध के खिलाफ राजद व इंडिया गठबंधन का धरना

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों ने भाग लिया तथा सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। साथ ही बेरोजगारी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे युवाओं में निराशा बढ़ रही है।

वक्ताओं ने प्रदेश में बढ़ती लूट, हत्या और अन्य आपराधिक घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा।

# वार्डों मे बनेगी सड़क एव नाली,शहर को नंबर वन पर लाने की मुहिम

## नगर निगम बोर्ड बैठक में सड़क, नाली व एलईडी लाइट योजनाओं को मिली मंजूरी

प्रातः किरण संवाददाता



गयाजी। गया नगर निगम सभागार में सोमवार को आयोजित बोर्ड की बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से शहर के सभी वार्डों में सड़क, नाली सहित 267 विकास योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई, जिन पर लगभग 27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मेयर ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से लंबे समय से लंबित सड़क एवं जलनिकासी संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिले और जलजमाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सके।

इस बैठक के दौरान पार्षदों ने नालों की सफाई में लगे मजदूरों के भुगतान का मुद्दा भी उठाया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि संबंधित एजेंसी द्वारा मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। वार्ड पार्षद नैयर अहमद ने कहा कि उन्होंने स्वयं कई मजदूरों को भुगतान किया है। वहीं वार्ड 53 के पार्षद ने आरोप लगाया कि एजेंसी निगम से अधिक राशि ले रही है जबकि मजदूरों को कम भुगतान किया जा रहा है। इस पर मेयर ने कहा कि उचित मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण एक दिन का कार्य दस दिन में पूरा हो रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि एजेंसी को एक सप्ताह की राशि का भुगतान किया जा चुका है और यदि मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है तो एजेंसी से जवाब तलब किया जाएगा।

इस बैठक में सशक्त स्थायी समिति सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने शहर के सात तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों के बाद भी किसी भी तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा नहीं हो सका है, जबकि निगम में चार सहायक अभियंता और करीब एक दर्जन कनीय अभियंता कार्यरत हैं। उन्होंने इसके लिए अभियंताओं की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। इस पर मेयर ने संबंधित अभियंताओं की वाहन सुविधा बंद करने की बात कही है।

मेयर ने कहा कि शहर की अधिकांश मुख्य सड़कें बेहतर हो चुकी हैं और अब गलियों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि शहर की कोई भी गली अंधेरे में नहीं रहेगी। जहां बिजली के खंभे हैं अथवा नहीं हैं, सभी क्षेत्रों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर कार्य किया जाएगा।

इस बैठक में सशक्त स्थायी समिति सदस्य मनोज कुमार, सारिका वर्मा, वार्ड पार्षद नैयर अहमद,अनुपमा कुमारी, आरती कुमारी,सोनी देवी, निलम कुमारी,अंजना श्रीवास्तव, अमृता कुमारी,सुशीला कुमारी,ईरम कहकशां,राजीव कुमार सिन्हा,दीपक चंद्रवंशी, रणधीर गौतम,गजेन्द्र सिंह सहित कई पार्षद उपस्थित रहे।

# अरवल जिले के मुखिया को झारखंड के चतरा में जीविका दीदी ने किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

करपी। बिहार राज्य पंचायती राज विभाग के द्वारा अरवल जिले के सभी पंचायत के मुखिया को तीन दिवसीय भरमन के लिए भेजा गया है। इसी कड़ी में अरवल जिले के सभी मुखिया झारखंड राज्य के चतरा जिले में दो दिनों से भ्रमण कर रहे हैं, इस दौरान चतरा जिले के सिमरिया पंचायत के एदला गांव में जीविका दीदी के द्वारा आम के पत्तों से बनी माला और मुकुट पहनकर सभी मुखिया को सम्मानित किया गया, इस दौरान सभी मुखिया ने स्थानीय ग्रामीण महिलाएं एवं जीविका दीदीयो से राज्य सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा पंचायत के विभिन्न गांव में मनरेगा योजना प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के विकास की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई, बिहार राज्य पंचायती राज विभाग के मुखिया एक्स्पोजर विजिट मे नौ थीम बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अनुआ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार यादव,माली पंचायत के मुखिया ललन कुमार, शहर तेलपा पंचायत के मुखिया सुरंजन यादव, बम्भई पंचायत के मुखिया मंटू कुमार,बेलखारा पंचायत के मुखिया सुर्यमल प्रसाद, केयाल पंचायत के मुखिया राम इकबाल साव समेत दर्जन मुखिया मौजूद रहे

# गया जंक्शन में सेवानिवृत्त टिकट चेकिंग अधिकारियों को दी गई विदाई



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन के खरखुरा मोहल्ला स्थित रेल सामुदायिक भवन में सोमवार को कमर्शियल विभाग की टिकट चेकिंग शाखा द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में टिकट चेकिंग विभाग के सीआईटी महावीर कुजूर एवं गणेश प्रसाद को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त रेलकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों की कार्यनिष्ठा, अनुशासन और विभाग के प्रति उनके योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि महावीर कुजूर और गणेश प्रसाद ने अपने लंबे सेवा काल में यात्रियों की सुविधा और रेलवे की कार्य संस्कृति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विदाई समारोह के दौरान दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। समारोह का माहौल भावुक रहा और कई सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए कार्यकाल की यादें साझा कीं।इस अवसर पर टीटीई अमरेश कुमार, सतीश कुमार, राजेश कुमार, गौतम कुमार, रेल कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ नेता मिथिलेश कुमार सहित टिकट चेकिंग शाखा के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के धन्यवाद ज्ञापन और सभी के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सीएम से की मुलाकात



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुख्यमंत्री आवास लोक सेवक भवन में मुलाकात की इस दौरान लोकसभा क्षेत्र एवं औरंगाबाद जिले के विकास एवं राजनीतिक से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई एवं मुख्य रूप से ठल्-139 सड़क का फोरलेनिंग और बिहार- झारखण्ड के अन्तर्राज्जीय परियोजना बटाने जलाशय योजना से संबंधित विस्तृत रूप से चर्चा हुई।पूर्व सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 (ठल्-139) पटना-अरवल औरंगाबाद-हरिहरगंज (झारखण्ड सीमा) एवं पड़वा मोड़ (पलामू जिला) तक जाने वाली सड़क की चौड़ीकरण (फोरलेनिंग) का प्रस्ताव तकनीकी के साथ विधिवत तरीके से केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजने का आदेश पथ निर्माण विभाग बिहार सरकार के द्वारा देने की कृपा की जाए।कारण 5 जून को जब ठल्अक के सचिव से मिले तो उन्होंने बताया कि विहार सरकार अपनी रिपोर्ट में सिर्फ लागत और दुरी हि भेजा है (

आप बिहार से बिस्तृत रिपोर्ट तैयार करवा कर भेजवाएं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आपने सचिव लौकेश कुमार सिंह को आदेश दिया कि सड़क का ठल्अक से सम्पर्क कर जैसा रिपोर्ट का माँग हो रहा है बना कर भेजें यह पथ कई राज्यों छतीसगढ़,झारखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सो को राजधानी पटना और उत्तर बिहार के बड़े हिस्से को जोड़ने वाली अन्तर्राज्जीय राष्ट्रीय राजमार्ग है।अतएव जनहित मे उपर्युक्त विषय से संबंधित आदेश संबंधितो को देने की कृपा की जाए एवं बटाने जलाशय परियोजना के बारे में बताया कि यह सिंचाई परियोजना बटाने जलाशय योजना जो लगभग 14 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने वाली योजना है जिसका बाँया नहर बिहार के हिस्से में अत्यंत जीर्ण सीव्र और दाँया नहर अधूरा है(

डैम एवं बराज का कार्य पूर्ण भी है लेकिन डैम का फाटक ऊपर उठाकर वेल्डिंग कर दिया गया है जिससे ब्रांच में पानी जमा नहीं होता और सिंचाई नहीं हो पाता है।डैम के डूब क्षेत्र में आने वाली भूमि के मुआवजा का मुद्दा अभी तक अनसुलझा है।

अतः आग्रह होगा कि दोनों राज्यों के संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर सिंचाई हित में परियोजना का पूर्ण करने का आदेश देने का कृपा किया जाए।साथ में देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह थे।

# शब्दवीणा ने काव्यानुष्ठान द्वारा मेघों एवं बारिश की बूंदों का किया आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा ने देश में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बरखा रानी तू आ जा रे काव्यानुष्ठान का आयोजन किया, जिसमें शब्दवीणा की विभिन्न प्रदेश व जिला समितियों से जुड़े रचनाकारों ने गीत, गजल, दोहे, मुक्तक एवं छंदों द्वारा मेघों एवं बारिश की बूंदों का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश समिति ने किया। शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से तीन घंटे तक निर्बाध रूप से प्रसारित शब्दवीणा काव्यानुष्ठान की अध्यक्षता दिल्ली से जुड़े कवि इंदु कांत अंगीरस ने की। कार्यक्रम का संचालन शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनीता सैनी गुड्डी एवं कर्नाटक प्रदे-श उपाध्यक्ष विजयेन्द्र सैनी ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शब्दवीणा मध्य प्रदेश समिति के सचिव कर्नल गोपाल अश्क रहे।डॉ सुनीता सैनी द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे को समर्पित आराधना गीत एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा प्रस्तुत शब्दवीणा गीत से काव्यानुष्ठान प्रारंभ हुआ, जिसमें जहानाबाद, बिहार से दीपक कुमार एवं रूबी कुमारी, गया, बिहार से अजय कुमार वैद्य, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, बाल कवि सत्कृत त्रिपाठी, एवं डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने, औरंगाबाद, बिहार से सुरेश विद्यार्थी ने, मध्य प्रदेश से कर्नल गोपाल अश्क ने, झारखंड से डॉ विजय शंकर एवं रचना झा ने, पश्चिम बंगाल से राम नाथ बेखबर ने, दिल्ली से इंदुकांत अंगीरस ने, कर्नाटक से निगम राज, संध्या निगम, आनंद दाधीच दधीचि, पूनम शर्मा, डॉ सुनीता सैनी, एवं विजयेंद्र सैनी ने, उत्तर प्रदेश से मनोरमा श्रीवास्तव एवं रमेश चंद्र ने, तथा हरियाणा से सरोज कुमार ने बादल, बिजली, बारिश, मिट्टी की सोंधी खुशबू, तीखी गर्मी, किसानों की समस्याएँ, बाढ़-सूखाड़ की स्थितियों पर मनमोहक रचनाएँ पढ़ीं। डॉ रश्मि ने बहुत सह चुके गर्मी, री बरखा रानी तू आ जा रे। है तृषित धरा व्याकुल नदियाँ, इस जग की प्यास बुझा जा रे गीत सुनाया, तो जैनेन्द्र कुमार मालवीय ने सूर्य धरा को धौंस दिखा। कर रहा आज मनमानी है गाया। आनंद दधीचि ने बादल ने बरखा के कानों में बात बताई, बरखा रानी शरमाई, मनोरमा श्रीवास्तव ने गरजते मेघ घिर-घिर कर, जगाते आस धरती की, निगम राज ने प्यासी चिड़ियाँ भट-के इत उत, कौन कहो जल रखवाता है। रचनाएँ सुनाकर खूब प्रशंसा पाई। नन्हे सत्कृत ने मीठी आवाज में गायत्री मंत्र एवं संस्कृत के श्लोक सुनाए। दीपक कुमार के ओ पावस के मेघ, बूंद बरसा दे केसर, कर्नल गोपाल अश्क की मैं हूँ एक अल्हड़ बादल, डॉ विजय शंकर के रख धीरज कर इंतजार, मिट जाएंगे संकट हजार, उठा काँवर, चलो देवघर, तथा रचना झा के वसुधा के उर में एक अनकहा-सा संगीत पला गीतों पर खूब वाहवाहियाँ लगीं। सरोज कुमार ने टप-टप करती आईं बूंदें, छत पर नाचे बरसा रानी, रूबी कुमारी ने मेघा बरसो रे, बरसो रे, बरसो दुआर। सजन जाने पाएँ नहींव ताल-तलैया, नद सूखे पड़े हैं, संध्या निगम ने बरसात के मौसम में हम मौज मनाएँगे। हम भीग के आए हैं।

# टीवीएस रेडर की मेगा डिलीवरी, 51+ ग्राहकों को मिली नई मोटरसाइकिल

प्रात : किरण संवाददाता

गयाजी। शहर के एक निजी होटल में एबी टीवीएस एवं मां मुंडेश्वरी टीवीएस के संयुक्त तत्वावधान में टीवीएस रेडर की मेगा डिलीवरी समारोह का आयोजन किया गया हू। इस अवसर पर एक ही दिन में 51 से अधिक ग्राहकों को नई टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल की चाबी सौंपकर वाहन डिलीवरी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया है।इस समारोह के दौरान कंपनी के टीएम अमन सिन्हा ने बताया कि टीवीएस रेडर अपने आकर्षक स्पोर्टी लुक, दमदार प्रदर्शन और आधुनिक तकनीक के कारण युवाओं की पसंदीदा मोटरसाइकिल बन गई है। यह बाइक स्टाइल, आराम और दैनिक उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है, जिससे कम्यूटर मोटरसाइकिल श्रेणी में इसकी अलग पहचान बनी है।

अधिकारियों ने कहा कि गयाजी में आयोजित यह मेगा डिलीवरी कार्यक्रम टीवीएस रेडर की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। बिहार में इस मोटरसाइकिल की मांग लगातार बढ़ रही है। इसका परिष्कृत इंजन, उन्नत फीचर्स और युवाओं को आकर्षित करने वाला डिजाइन ग्राहकों को खूब पसंद आ रहा है।इस कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों ने नई बाइक प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और टीवीएस की गुणवत्ता तथा सेवा की सराहना की। डिलीवरी के बाद ग्राहकों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, जिसमें कंपनी




के प्रतिनिधियों ने बाइक की विशेषताओं और रखरखाव से संबंधित जानकारी दी है।इस अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष उपहार की भी व्यवस्था की गई थी। सभी बाइक खरीदने वाले ग्राहकों को उपहार स्वरूप वीआईपी सफारी का ट्रॉली बैग प्रदान किया गया, जिसे पाकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला है।कंपनी के अनुसार, टीवीएस रेडर बिहार में 83,567 रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। इस मेगा डिलीवरी कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी ने क्षेत्र में अपने बढ़ते ग्राहक विश्वास और मजबूत बाजार उपस्थिति को रेखांकित किया है।मां मुंडेश्वरी के प्रोपराइटर पीयूष सिंह, एबी टीवीएस के जनरल मैनेजर जितेंद कुमारसिन्हा उर्फ डब्लू, मुख्यातिथि तौर पर रामाधार सिंह, कलाकार गुलशन राजपूत आदि उपस्थित थे।

# कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी,भ्रष्टाचार पेपर के खिलाफ राजद का धरना

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। देश प्रदेश में बढ़ते कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार विधि - व्यवस्था, गरीबी के विरोध में अरवल प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अरवल प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई , छात्र नौजवानों को परीक्षा के मामले में धांधली करना, हर कार्यालय में घूसखोरी इन सारे बिंदु पर एक दिवसीय धरना की गई, इस कार्यक्रम के संचालनकर्ता संजय ने किया।

इस एक दिवसीय धरना में उपस्थित राजद के प्रदेश महासचिव रामेश्वर चौधरी, राजद के जिलाध्यक्ष जगजीवन राम, एससी एसटी के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शमीम अख्तर, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील साहू ,नगर अध्यक्ष संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजू रंजन पासवान, युवा नेता कुणाल कुमार कुशवाहा, देवी दयाल ,जनार्दन यादव, विकास कुमार,रामबाबू चौधरी,अरुण कुमार, भारत पासवान समेत दर्जन लोग उपस्थित रहे ।

# पीडीएस डीलरो की बैठक में एकजुटता पर जोर,15 जुन को एकता का परिचय

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनुमंडल के अनुमंडल अध्यक्ष एवं सक्रिय प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ कोसडीहरा स्थित बिपाड के निकट एक निजी आवास में बैठक किया गया है। इस बैठक का संचालन जिला के जिला महामंत्री डॉ विजय कुमार यादव के द्वारा किया गया है इस बैठक का विचारणीय विषय इस प्रकार था की गया जिला मे दो जिला अध्यक्ष कार्य कर रहे थे ।जिसे अनुमंडल के अनुमंडल अध्यक्ष एवं प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष के साथ उहोपोह की स्थिति बना हुआ था।जिसे दूर करने के लिए इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था साथ ही साथ दिन प्रतिदिन विक्रेताओं के साथ उत्पन्न समस्याओं के लेकर विक्रेताओं के साथ कठिनाई हो रही थी जिसे दूर करने के लिए संगठित होकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गुटबाजी व्यवस्था को दूर करने का प्रयास करने एवं बिहार प्रदेश के संयुक्त मोर्चा के संरक्षक अम्बिका यादव को गया जिला में संयुक्त मोर्चा के तहत अम्बिका बाबू सहित अन्य गुटों को इस बैठक में बुलाने पर विचार विमर्श करने एवं संयुक्त रूप से संपूर्ण रूप से गया जिला सहित संपूर्ण बिहार के विक्रेताओं के साथ उत्पन्न स्थितियों को दूर करने हेतु सरकार के समक्ष संयुक्त रूप से वार्ता कर दूर करने पर विचार विमर्श किया गया है ।इस संबंध में गया जिला के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह एवं वरुण कुमार सिंह के द्वारा नियुक्त किए गए जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह को भी दूरभाष पर वार्ता कर गया जिला को एकताबद्ध करने के लिए उपस्थित सभी लोगों ने प्रस्ताव रखा इस क्रम में अरुण कुमार सिंह को टेकरी के प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष उदय नारायण सिंह सहित प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष वार्ता की परंतु वार्ता के क्रम में संतोषजनक जवाब अरुण कुमार सिंह के द्वारा नहीं दिया गया है ।इसके फलस्वरूप सभी अनुमंडल अध्यक्षों एवं सक्रिय प्र-खंड अध्यक्षों के द्वारा सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 जून 2026 को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पुनः गया जिला अंतर्गत अनुमंडल के अध्यक्ष,सचिव सभी प्रखंडों के प्र-खंड अध्यक्ष ,सचिव एवं सक्रिय जन वितरण विक्रेता का बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया और साथ ही साथ यह भी निर्णय गया कि सभी गुटों के नेताओं से वार्ता किया गया।

# व्यवहार न्यायालय गया परिसर में शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया के प्रयास एवं बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से व्यवहार न्यायालय, गया परिसर में वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर मशीन स्थापित की गई। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया प्रदीप कुमार मलिक, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा, ए.डी. जे.-1 शशिकांत ओझा तथा बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अभय कुमार झा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया है।

इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मलिक ने कहा कि न्यायालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में वादकारी, अधिवक्ता एवं आम नागरिक अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए उनके लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक थी। उन्होंने कहा कि न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना भी न्यायिक व्यवस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्थापित यह वाटर कूलर न्यायालय आने वाले लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करेगा तथा उन्हें स्वच्छ पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगा। मलिक ने इस जनहितकारी पहल के लिए बैंक ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से न्यायिक संस्थानों एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है।इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया अरविंद कुमार दास, ए.सी.जे.एम.-2 रंजीत कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अभय कुमार झा सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।इसकार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया एवं बैंक ऑफ इंडिया के इस संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों ने इसे न्यायालय परिसर में आने वाले आम नागरिकों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है।

# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) गया जिला इकाई में संगठन को मिली नई ऊर्जा, डॉ. शिबगतुल्लाह खान (टूटू खान) पुनः बने जिला अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) गया जिला इकाई के जिला कार्यालय, सुरहरी मोड़, भुसंडा (गया) में मंगलवार को एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा पुनः डॉ. शिबगतुल्लाह खान उर्फ टूटू खान को गया जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया है।इस कार्यक्रम का सफल संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इंजीनियर दिवाकर सिंह ने किया। समारोह में अत्री विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय रोहित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे हैं।अपने संबोधन में विधायक रोहित कुमार ने कहा कि डॉ. टूटू खान के पूर्व कार्यकाल में संगठन ने जिले में उल्लेखनीय विस्तार किया था तथा पार्टी की जनाधार को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं संगठनात्मक दक्षता का लाभ एक बार फिर पार्टी को मिलेगा। उन्होंने नव-मनोनीत जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने का आह्वान किया है।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. शिबगतुल्लाह खान (टूटू खान) ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति और पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के समर्पण, परिश्रम और संघर्ष के बल पर ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें मिलकर पार्टी के संस्थापक संरक्षक जीतन राम मांझी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के हाथों को मजबूत करना है और सामाजिक न्याय, समरसता एवं विकास की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है।उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज है ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 10 जून, 2026



# बगहा-बेलवनिया पुल परियोजना पर फिर जगी उम्मीद, सम्राट चौधरी ने गडकरी को लिखा पत्र

■ वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार के आग्रह पर उपमुख्यमंत्री ने की पहल, गंडक नदी पर प्रस्तावित पुल-सह-सड़क परियोजना को यथावत रखने का अनुरोध

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। बगहा-वाल्मीकिनगर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बगहा (शास्त्रीनगर)-बेलवनिया (उत्तर प्रदेश) पुल-सह-सड़क परियोजना को लेकर एक बार फिर उम्मीदों को बल मिला है। वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार के आग्रह पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर परियोजना पर पुनर्विचार करने तथा इसे मूल स्वरूप में बनाए रखने का अनुरोध किया है।जानकारी के अनुसार पटना में हुई मुलाकात के दौरान सांसद सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मंत्रालय के संबंधित विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर विचार किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की,अपने पत्र में सम्राट चौधरी ने उल्लेख किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-727 के मदनपुर से पनियहवा तक के हिस्से का निर्माण वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन विभाग की आपत्तियों के कारण लंबे समय से बाधित है। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बाहर वैकल्पिक मार्ग को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी के तहत बगहा (शास्त्रीनगर) से उत्तर प्रदेश के बेलवनिया तक गंडक नदी पर पुल-सह-सड़क निर्माण की योजना बनाई गई, जिसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी,मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि यह परियोजना बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक, सामाजिक और सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत हुई गर्भवती महिलाओं की जाँच

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत कमलनाथ अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा में कैंप लगाकर गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई। इस दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने कहा की गर्भवती रक्तचाप वजन और एचआइवी आदि जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। विभाग की सार्थक पहल के कारण मातृ-मृत्यु दर में लगातार कमी आ रही है। 74 से अधिक महिलाओं की एएनसी जांच की गई। इसमें हीमोग्लोबिन, शुगर, बीडीआरएल, एचआईवी, बीपी आदि की जांच की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए उनको कैल्शियम, आयरन की 180 गोलियाँ दी गई। इस मौके पर ओआरएस, एंटासिड, एंजाइम, बीकॉम्प्लेक्स सिरप व टैबलेट भी दिया गया। लाभार्थी को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। डॉ मनीषा कुमारी ने कहा कि क्षेत्र की आशा घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को इसके लिए प्रेरित करती हैं। इससे हाई रिस्क प्रेग्नेन्सी (एचआरपी) के मामलों को चिह्नित किया जाता है। फिर उनकी उचित देखभाल की जाती है। परिवार नियोजन के लाभार्थियों को दी जाती है प्रोत्साहन राशिः डॉ तिवारी ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क प्रसव कराए जाने की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मौके पर उपस्थित महिलाओं को बढ़ती जनसंख्या नियंत्रण पर रोक लगाने हेतु परिवार नियोजन कराए जाने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में पुरुष नसबंदी का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 3000/- व उत्प्रेरक को 400/- रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000/- व उत्प्रेरक को 300/-, प्रसव उपरांत बंध्याकरण पर लाभार्थी को 3000/- व उत्प्रेरक को 400/- , प्रसव उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300/- व उत्प्रेरक को 150/-, गर्भपात उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300/- व उत्प्रेरक को 150/-, गर्भनिरोधक सुई (अंतरा) का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 100/- व उत्प्रेरक को 100/- की सहायता राशि प्रदान की जाती है। प्रबंधक शहनाज आलम ने बताया कि प्रत्येक माह की नौ तारीख को मुफ्त एएनसी जांच की व्यवस्था की जाती है। ताकि प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की अनावश्यक शारीरिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार युवती थाने पहुंच कर हुई पुलिस के हवाले, गई पति के घर

चनपटिया।सिरिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत तीन दिनों पुर्व घर से फरार युवती थाने में पहुंच कर पुलिस के हवाले कर दी है।थानाध्यक्ष अंनत कुमार ने बताया कि सिरिसिया थाना में युवती के माता ने एफआईआर दर्ज करा तीन लोगों को आरोपित की है।उसने एफआईआर में बताईं है कि मेरी 20 वर्षिय पुत्री को शादी की नियत से अपहरण कर लिया है। मामले को गंभीरता से पुलिस ने ली तथा आरोपीयों माता पिता व परिजनों शिकंजा कसा तो युवती खुद थाने पहुंची और अपहरण की बात झुठला दी। पुलिस ने युवती को मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया।जहां से न्यायालय के आदेश पर युवती को पति के घर जाने की इजाजत दे दी। पुलिस युवती को ससुराल वालों के हवाले कर दिया है।

### पुरुषोत्तमपुर पुलिस की बड़ी सफलता, दो बच्चें बरामद

बेतिया।पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के भेड़िहारी गांव से सोमवार सुबह करीब 8 बजे दो बच्चे लापता हो गए थे।मामले की जानकारी मिलते ही पुरुषोत्तमपुर पुलिस सक्रिय हुई और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस की सूझबूझ एवं लगातार प्रयास के परिणामस्वरूप दोनों बच्चों को मर्जदवा ढाला के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।इस त्वरित एवं सफल कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भाई का हत्यारोपी धराया

चनपटिया।सिरसिया पुलिस ने तीन महीने से फरार भाई का हत्यारोपी मुंकेश महतो को मनुआपुल चेक पोस्ट से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अंनत कुमार ने बताया कि भाई भोला महतो के हत्या मामले में इसकी पत्नी राधिका देवी ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।जिसमें दो आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।भोला महिनों से फरार चल रहा था।जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

### घरेलू गैस के 35292 एवं वाणिज्यिक गैस के 1522 सिलेंडर उपलब्ध

बेतिया।जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 35292 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 1522 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 7 जून को जिलेभर में कुल 8635 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई। जिला प्रशासन का लगातार प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री सिन्हा ने बताया कि गैस आपूर्ति एवं वितरण से संबंधित प्राप्त 7 शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही शिकायतों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या अन्य शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं कई प्रहरी चौकियां, सुधार की जरूरत : आईजीपी दान बहादुर कार्की

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल पुलिस के महानिरीक्षक (आईजीपी) दान बहादुर कार्की ने कहा है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कई प्रहरी चौकियां जर्जर और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, जिनके पुनर्निर्माण एवं आधुनिकीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण और नागरिकों को प्रभावी सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना जरूरी है। आईजीपी कार्की ने निरीक्षण एवं समीक्षा कार्यक्रम के दौरान कहा कि अनेक प्रहरी चौकियां पुरानी इमारतों में संचालित हो रही हैं, जहां पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है। इससे पुलिसकर्मियों को दैनिक कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा प्राथमिकता के आधार पर भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेपाल पुलिस संगठन को आधुनिक और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए भौतिक संरचना, तकनीकी संसाधनों तथा जनशक्ति क्षमता को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। सरकार और स्थानीय निकायों के सहयोग से जर्जर प्रहरी चौकियों के पुनर्निर्माण की योजना पर भी काम किया जा रहा है। आईजीपी ने विश्वास जताया कि आधारभूत सुविधाओं में सुधार होने से पुलिस सेवा की गुणवत्ता बढ़ेगी और आम नागरिकों को अधिक प्रभावी एवं त्वरित सुरक्षा सेवाएं मिल सकेंगी।

## रक्सौल प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरने पर बैठे राजद कार्यकर्ता



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल।प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था सहित कई जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा।

वक्ताओं ने कहा कि आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार को इन समस्याओं के समाधान की कोई चिंता नहीं है। धरना प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव, प्रमोद राय, सुभाष प्रसाद यादव, अनिल कुमार, मनोज पासवान, चंदेश्वर यादव, नासिर मियां, ओम कुमार गुप्ता,दिनेश राम सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रासपा के 56 जिलों का अधिवेशन संपन्न, संगठन विस्तार पर जोर

बगहा। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (रासपा) ने देशभर के 56 जिलों में संगठनात्मक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न होने की जानकारी दी है। पार्टी नेतृत्व ने इसे संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। पार्टी के अनुसार अधिवेशनों के दौरान जिला स्तरीय नई कार्यसमितियों का चयन किया गया तथा संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने स्थानीय समस्याओं, सुशासन, विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी अपने सुझाव रखे। रासपा नेतृत्व ने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अधिवेशन आयोजित किए गए। अधिवेशन में युवाओं, महिलाओं और नए सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जिला अधिवेशनों के सफल आयोजन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और जनता के बीच पार्टी की पहुंच और मजबूत होगी।

## भारत-नेपाल सीमा पर बिना पासपोर्ट-वीजा के घुस रहे एक महिला सहित 2 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास कर रहे दो विदेशी नागरिकों को मैत्री पुल कस्टम के समीप संयुक्त जांच अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में स्विट्जरलैंड की महिला जूनिला ब्रेक श्रेष्ठा तथा म्यांमार का नागरिक आंग निंग लैट शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों विदेशी नागरिक नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान सीमा पर तैनात एसएसबी और हरैया थाना पुलिस की संयुक्त जांच टीम ने उन्हें रोककर दस्तावेजों की जांच की। जांच में पता चला कि दोनों के पास भारत में प्रवेश के लिए न तो वैध पासपोर्ट था और न ही वीजा, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि दोनों विदेशी नागरिकों से गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वे भारत में किस उद्देश्य से प्रवेश करना चाहते थे और उनके पीछे कोई अन्य नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को न्यायालय भेजा जाएगा। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके कारण अवैध रूप से सीमा पार करने के प्रयासों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है।इस कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई है।

# गंडक में छोड़े गए 31 घड़ियाल शावकों की निगरानी शुरू, पनियहवा क्षेत्र में वन विभाग अलर्ट

■ पहली बार हैचरी में तैयार हुए घड़ियाल शावकों को नदी में छोड़ा गया, मछुआरों को जारी की गई चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। गंडक नदी में 31 घड़ियाल शावकों को छोड़े जाने के बाद वन विभाग ने पनियहवा क्षेत्र में विशेष निगरानी अभियान शुरू कर दिया है। विभाग की टीम लगातार नदी और आसपास के क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए है ताकि छोड़े गए शावकों की गतिविधियों और सुरक्षा का आकलन किया जा सके। वन विभाग के फॉरेस्टर अंजू देवी ने बताया कि यह पहली बार है जब हैचरी में सफलतापूर्वक घड़ियाल अंडों का संरक्षण कर 31 शावकों को तैयार किया गया और उन्हें प्राकृतिक आवास गंडक नदी में छोड़ा गया है। इसे घड़ियाल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

संरक्षण को लेकर विशेष सतर्कताः घड़ियाल शावकों के नदी में छोड़े जाने के बाद विभाग ने पनियहवा और आसपास के नदी तटीय क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। वनकर्मियों की टीम नियमित रूप से नदी का निरीक्षण कर रही है ताकि शावकों को किसी प्रकार का खतरा न हो।

मछुआरों को दी गई सख्त हिदायतः वन विभाग ने स्थानीय मछुआरों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि जिस क्षेत्र में घड़ियाल शावकों को छोड़ा गया है, वहां मछली पकड़ने के लिए जाल ( जाल ) नहीं डाला जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जाल में फंसकर घड़ियाल शावकों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे संरक्षण अभियान प्रभावित होगा।

उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाईः वन विभाग ने कहा है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में मछली पकड़ते या जाल लगाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ वन एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्थानीय लोगों से भी घड़ियाल संरक्षण अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

### 300 वर्ष पुराना विशाल बरगद का पेड़ आंधी में धराशायी, लोगों में मायूसी

बगहा। भावल से फगुनाहटा जाने वाले मार्ग पर स्थित लगभग 300 वर्ष पुराना विशालकाय बरगद का पेड़ आई तेज आंधी की चपेट में आकर जमींदोज हो गया। इस ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले पेड़ के गिर जाने से क्षेत्र के लोगों में मायूसी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह बरगद का पेड़ वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। इसकी घनी छांव के नीचे समय-समय पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ तथा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। दूर-दूर से आने वाले राहगीर भी इसकी छाया में विश्राम करते थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पेड़ केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक था। गत दिनों में आई तेज आंधी और खराब मौसम के कारण इसकी जड़ें कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते यह धराशायी हो गया। पेड़ के गिरने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और इसे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से इस स्थान पर नए बरगद एवं अन्य छायादार पौधों के रोपण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस धरोहर की स्मृति को जीवित रखा जा सके।

## मारचहवा दियारा से विशाल मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू, गंडक नदी में सुरक्षित छोड़ा गया

■ ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की त्वरित कार्रवाई, रेंजर मालाकार के नेतृत्व में चला अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। गंडक के दियारा क्षेत्र से ग्रामीणों द्वारा मगरमच्छ देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग ने तत्काल टीम गठित कर रेस्क्यू अभियान चलाया। रेंजर श्रीमान मालाकार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मारचहवा दियारा क्षेत्र से एक व्यस्क मगरमच्छ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। वन विभाग के अनुसार मगरमच्छ आबादी वाले क्षेत्र के नजदीक पहुंच गया था, जिससे लोगों में भय का माहौल था। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक अभियान चलाकर मगरमच्छ को सुरक्षित कब्जे में लिया। इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास गंडक नदी में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील कीः रेंजर श्रीमान मालाकार ने बताया कि वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ आम लोगों की सुरक्षा भी विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दियारा और नदी तटीय क्षेत्रों में किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर लोग स्वयं उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें। इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिकाः रेस्क्यू अभियान में प्रभारी वनपाल अंजू कुमारी, वनकर्मी लालसा यादव तथा जितेंद्र कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम के समन्वित प्रयास से मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे मारचहवा क्षेत्र से गंडक नदी में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों द्वारा समय पर सूचना देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी वन्यजीव संरक्षण के लिए सहयोग की अपील की।

# नेपाल का बड़ा फैसलाः भारत से फल और सब्जियों के आयात पर प्रतिबंध, बाजार में बढ़ी हलचल

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। नेपाल की बालेन शाह सरकार ने भारत से आने वाले आम सहित कई फलों और सब्जियों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। नेपाल सरकार का कहना है कि यह कदम स्थानीय कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नेपाल के विभिन्न बाजारों में अब स्थानीय स्तर पर उत्पादित फलों की मांग बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि अचानक लगाए गए प्रतिबंध से आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। कई कारोबारियों ने सरकार से पूर्ण प्रतिबंध के बजाय गुणवत्ता जांच और क्वारंटीन व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। जानकारों के अनुसार नेपाल लंबे समय से आम, केला और अन्य फलों की आपूर्ति के लिए भारतीय बाजारों पर निर्भर रहा है। ऐसे में आयात बंद होने से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों पर असर पड़ सकता है। वहीं सरकार का दावा है कि इस निर्णय से नेपाली किसानों को अपनी उपज बेचने का बेहतर अवसर मिलेगा और लोगों को स्थानीय तथा सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध होंगे। हालांकि सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और व्यापारिक संगठनों ने इस फैसले पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि प्रतिबंध लंबे समय तक जारी रहा तो फलों और सब्जियों की उपलब्धता तथा कीमतों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

## 01 जुलाई को नरकटियागंज में आयोजित होगी जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में 65 वां सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल जिला स्तरीय फुटबॉल आयु वर्ग अंडर 15 बालक तथा अंडर 17 बालक-बालिका प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 1 जुलाई 2026 को उच्च विद्यालय नरकटियागंज में समय 9:00 बजे पूर्वाहन से आयोजित है। विदित है कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पत्रांक 2169 दिनांक 22.4.26 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि विद्यालयों के विजेता खिलाड़ियों का निबंधन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी परंतु राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तिथि को देखते हुए विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में वही विद्यालय के विजेता टीम भाग लेगी जिन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया हो। बिना निबंधन किये किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। उक्त प्रतियोगिता हेतु आयु वर्ग अंडर 15 बालक वर्ग के खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2012 तथा आयु वर्ग अंडर 17 बालक -बालिका के खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2010 के बाद होनी चाहिए, इससे पहले वाले जन्म प्रमाण पत्र के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। जिस खिलाड़ियों का उम्र संदेहास्पद प्रतीत होता तो उसे उम्र की जांच मेडिकल टीम तथा आधार कार्ड संख्या की जांच बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापन के बाद ही सही पाए जाने पर प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि व अंतर पाए जाने पर प्रतिभागी, संबंधित शारीरिक शिक्षक, प्रभारी शारीरिक शिक्षक, कोचेज,संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिम्मेवार होंगे। प्रतियोगिता के लिए सभी खिलाड़ियों को एक ही विद्यालय का होना अनिवार्य होगा ,साथ ही साथ खिलाड़ियों का योग्यता प्रमाण पत्र , पिछले वर्ष का अंक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति व विद्यालय पहचान पत्र आदि सभी दस्तावेजों पर प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।

# ऐतिहासिक मीना बाजार क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार के लिए 30 लाख दो नई योजनाएं स्वीकृतः गरिमा

■ नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित मीना बाजार क्षेत्र के लिए कुल चार योजनाओं में से दो को पहले ही कराया जा चुका है पूरा

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया।महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि ऐतिहासिक मीना बाजार क्षेत्र की ढांचा गत सुरक्षा और बदहाली दूर करने के लिए नगर निगम बोर्ड द्वारा कुल चार योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि पारित योजनाओं में से प्राथमिकता के आधार पर दो को पहले ही पूरा किया जा चुका है। वही बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित दो अन्य योजनाओं के लिए करीब 30 लाख की दो अन्य योजनाओं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिससे उम्मीद है कि इस सघन शहरी क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा। महापौर ने बताया कि पारित योजना के तहत मीना बाजार स्थित मीठा हट्टा में स्थित कुएं का जीर्णोद्धार, मछली हट्टा में मूत्रालय निर्माण, छोटा रमना स्थित अनाज हट्टा क्षेत्र में स्थित कुएं के जीर्णोद्धार, कावेरी होटल रोड में मूत्रालय के पुनर्निर्माण तथा मीना बाजार स्थित मछली-हट्टा के जर्जर शेड की मरम्मत कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। महापौर ने बताया कि इस योजना की स्वीकृत राशि 16 लाख 83 हजार 813 रुपये निर्धारित है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसी प्रकार मीना बाजार क्षेत्र की मस्जिद से नीरज सोनी की दुकान तक नाला निर्माण योजना को भी नगर निगम बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस योजना की स्वीकृत लागत 13 लाख 16 हजार 789 रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि यह योजना पूरा होने से मीना बाजार क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था और बेहतर होगी। महापौर ने बताया कि इन योजनाओं के पूरी होने से ऐतिहासिक धरोहर की संरक्षा के साथ सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार के साथ लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

## सुल्तानगंज व शाहकुण्ड प्रखंड मुख्यालय में राजद परिवार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन हुआ

भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर एवं शाहकुण्ड प्रखंड मुख्यालय परिसर में राजद परिवार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार विरोध प्रदर्शन किया/इस मौके पर पुर्व बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु,राजद के वरिष्ठ नेता रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि सुल्तानगंज प्रखंड मुख्यालय में राजद के प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद यादव,शाहकुण्ड प्रखंड मुख्यालय में राजद प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया है/ यह धरना प्रदर्शन बिहार के सभी प्रखंडों में आयोजित है और कहा कि बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरण सीमा पर है महादलित परिवार सहित आम जनता त्राहि माम है, ऐसे भ्रष्ट सरकार को सत्ता में नहीं रहना चाहिए और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हरा गमछा का अपमान किया है हरा गमछा भारतीय झंडा का प्रतिक है ऐसे

# बढ़ते अपराध, महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ खड़गपुर में गरजा राजद

## कहा: जनता की आवाज दबाने की कोशिश होगी नाकाम

प्रात : किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को हवेली खड़गपुर में बढ़ते अपराध, बेलगाम महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून-व्यवस्था तथा लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना स्थल पर जुटे राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए जनहित के मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष विपिन खिरहरी ने की, जबकि सभा का संचालन मुंगेर जिला प्रवक्ता अभिमन्यु यादव ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी विजय पंजियारा उपस्थित रहे। धरना में शामिल नेताओं ने कहा कि बिहार की जनता आज कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों को दूर करने के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। वक्ताओं ने कहा कि बिहार एक समय सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक संघर्ष और जन आंदोलनों की धरती के रूप में पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखता था, लेकिन आज अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं के कारण राज्य की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हत्या, लूट, अपहरण और महिला अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। राजद नेताओं ने कहा कि महंगाई ने गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, सब्जी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि सरकार रोजगार सृजन के ठोस उपाय करने में विफल साबित हुई है।धरना सभा में पेपर लीक का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। वर्षों की मेहनत और तैयारी करने वाले युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

सरकार को छात्रों और युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं है, जिसके कारण राज्य में निराशा और आक्रोश का माहौल है। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय यादव, प्रधान महासचिव आकाशदीप यादव, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बबीता भारती, जिला सचिव जितेंद्र कुशवाहा, जिला प्रभारी पी.के. चौधरी सहित अन्य नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनता के सवालों को अनदेखा करने वाली सरकारों को अंततः जनता ही जवाब देती है। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## 308 गर्भवती महिलाओं का हुआ निःशुल्क एएनसी जांच



**पीएम मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर लगा शिविर**

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में शनिवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 308 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क एएनसी जांच की गई। सदर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार हर माह की 9 तारीख को यह शिविर लगाया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का 10 वर्ष पूरा होने पर इसे सभी स्वास्थ्य केंद्रो में एक अभियान के रूप में मनाया गया। शिविर में हीमोग्लोबिन, एचआईवी, ब्लड शुगर, हेपेटाइटिस-बी सहित अन्य जरूरी जांचें की गईं ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। जरूरत के अनुसार कैल्शियम, आयरन, दवाएं भी दी गईं और खानपान व साफ-सफाई पर सलाह दी गई। स्वास्थ्य प्रबंधक रवि कुमार, सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकताओं की मौजूदगी में गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, संतुलित आहार और पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। विभाग ने कहा कि योजना का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।

## बिहार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू होने से किसान खुश : रवि मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । बिहार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पूर्णतः होने पर मुंगेर विचार मंच की समस्त पदाधिकारीयों की ओर से बिहार सरकार को धन्यवाद दिया गया हैं । बिहार सरकार ने मुंगेर विचार मंच के इस मांग को पूरा करने का कार्य कर रहे है मंच ने वर्षो से यह मांग कर रहा था जिसे आज बिहार सरकार ने पूरा करने का कार्य किये है जिसका परिणाम आज बिहार सरकार राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को पूर्णतः किसानो के हित में शुरू करने की घोषणा किये है। ज्ञात हो की यह केंद्र सरकार की सबसे महत्त्वपूर्ण योजना को भारत के कई राज्यो मे चलाया जा रहा है जबकि बिहार में एनडीए की संयुक्त सरकार होते हुए भी इस महत्वपूर्ण योजना को चला पाने मे असक्षम साबित हो रहा थे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को चलाने से किसानों को काफी सुविधा ओर लाभ मिलेगा इसके साथ ही उत्तर बिहार ओर पूर्व बिहार के कई जिले ऐसे है जो हर साल उनके जमीन बाढ मे डुब जाते है ऐसे मे इस योजना से इन किसानो को लाभान्वित किया जा सकता है। मंच के अध्यक्ष रवि मोहन उर्फ रवि भगत ने कहा है कि बिहार मे साल 2016 तक ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को चलाया गया था उसके बाद उस वक्त के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना को बंद कर दिया गया। उसके बाद भारत सरकार के कोई भी महत्वपूर्ण योजना को बिहार सरकार चला पाने मे नाकाम रहे थे ।

# खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने पेश किए नए बीज

प्रात : किरण संवाददाता




नवादा। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने हाइब्रिड बीज, रिसर्च बीज और सब्जियों के बीजों की नई श्रृंखला लॉन्च की। रांची में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स मौजूद रहे। हाइब्रिड सीड सेगमेंट में कंपनी ने धान के दो हाइब्रिड बीज श्रीराम 470 और श्रीराम 735 पेश किए। श्रीराम 470 जल्दी पकने वाला, बड़े दानों और बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला हाइब्रिड है, जबकि श्रीराम 735 लॉजिंग, बीएलबी और बीपीएच के प्रति मजबूत सहनशीलता के साथ बेहतर उपज देने में सक्षम है। रिसर्च सीड सेगमेंट में श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 लॉन्च किए गए। श्रीराम सुपर 7733 में अधिक दाने लगते हैं, जबकि श्रीराम सुपर 7700 फसल गिरने के प्रति मजबूत प्रतिरोध क्षमता के लिए जाना जाता है। सब्जियों के बीजों के तहत कंपनी ने अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर श्रीराम 2628 भी पेश किया, जो अच्छी गुणवत्ता और बेहतर पैदावार देने वाला बीज है। संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान पहुंचाकर उन्हें बेहतर उत्पादन और सशक्त भविष्य के लिए सहयोग दे रही है।

## ध्वनि प्रदूषण से बढ़ रहा है मानसिक तनाव और बहरेपन की बीमारी: विनय कुमार सिंह

मुंगेर । लोकमंच सामाजिक - सांस्कृतिक संस्था के महासचिव विनय कुमार सिंह ने मुंगेर जिला प्रशासन से ध्वनि प्रदूषण पर अविलंब रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि विगत माह भागलपुर जिला के विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़ी संख्या में खासकर बड़ा ट्रैक , हैवा का परिचालन मुंगेर जिला के ठल - 80 सड़क की ओर से हो रहा है ।ध्वनि नियंत्रण के नियमों की अनदेखी कर इन बड़े वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाया गया है ।जो पूरी तरह से नियम के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं इन गाड़ियों में तेज आवाज में अश्लील गाना भी बजाया जाता है ।तेज आवाज और प्रेशर हॉर्न की वजह से ठल - 80 के किनारे बसे हुए लोगों का जीना मुश्किल हो गया है ।तेज आवाज से यहां के लोग मानसिक तनाव,उच्च रक्तचाप,बहरापन का शिकार हो रहे हैं ।आम लोगों के शारीरिक , मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र इस दिशा में कार्यवाही की मांग किया है।

## सुल्तानगंज शहर में मंगलवार को तेज आंधी बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र में भीषण गर्मी होने पर आज मंगलवार शाम चार बजे तेज आंधी बारिश होने पर आम लोगों ने राहत की सांस ली है/जो आप तस्वीरो में देख सकते हैं सुल्तानगंज शहर के ब्लांक की समिप ,सड़क किनारे,की देखी जा रही है(

## तेज आंधी-बारिश से सुल्तानगंज को गर्मी से राहत, गंगटी गांव में कई घरों को हुआ नुकसान



भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज क्षेत्र में मंगलवार को आई तेज आंधी और बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दी। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, तेज हवाओं के कारण नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 स्थित गंगापुर के गंगटी गांव में कई कच्चे और कमजोर घर क्षतिग्रस्त हो गए। कई जगहों पर टीन की छतें उड़ गईं और पेड़ों की डालियां टूटकर गिर पड़ीं, जिससे लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## दानापुर मंडल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 1650 यात्रियों को रेल मदद के माध्यम से पहुंचाई गई चिकित्सीय सहायता



दानापुर ।मंडल के द्वारा रेल मदद के माध्यम से कई शिकायतों का निपटारा चंद मिनटों में हीं कर दिया जाता है। इन सब में एक महत्वपूर्ण सुविधा मेडिकल से संबंधित सुविधा है जिसे सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन मोड में त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में दानापुर मंडल के द्वारा लगभग 7068 मामलों में ट्रेनों या स्टेशनों पर जरूरतमंद यात्री को मेडिकल सुविधा प्रदान की गई। इसमें से 6499 मामलों में मेडिकल सहायता चलती ट्रेनों में उपलब्ध कराई गई तथा 569 मामलों में स्टेशनों पर जरूरतमंद यात्री को मेडिकल सहायता प्रदान की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक 1650 यात्रियों को रेल मदद के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार दानापुर मंडल में वार रूम के अंतर्गत 24*7 कार्यरत रेल कर्मियों के द्वारा ट्रेनों में 1541 यात्रियों को मेडिकल सहायता दी जा चुकी है जबकि मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 109 यात्रियों को यह सुविधा प्रदान की जा चुकी है।रेल मदद के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर वार रूम में कार्यरत रेलकर्मी तुरंत कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारी तथा निकटतम रेलवे चिकित्सा सहायता केंद्र को सूचित करते हैं और उसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यकता अनुसार मेडिकल राहत पहुंचाई जाती है। इन चिकित्सा केंद्रों में कार्यरत डॉक्टर्स जरूरत पड़ने पर तुरंत ट्रेन अथवा स्टेशन पहुंचकर यात्री को आवश्यक चिकित्सीय उपचार देते हैं और अधिक जरूरत पड़ने पर यात्री को किसी अस्पताल में आगे के इलाज के लिए भेज दिया जाता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में फायर ऑडिट अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में सोमवार को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए फायर ऑडिट किया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अग्निकांड जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों एवं अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई के प्रति जागरूक करना था। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने आग लगने की संभावित परिस्थितियों में बचाव एवं राहत कार्यों का प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, आग लगने पर मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा आपदा के समय घबराने के बजाय संयमित ढंग से कार्य करने की जानकारी दी गई ।सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी वंदना कुमारी ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित रूप से सुरक्षा उपकरणों की जांच एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर जोर दिया ।इस अवसर पर सब ऑफिसर दिनेश कुमार, हवलदार शमीम अंसारी, अग्निक अमित रंजन सहित अग्निशमन विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे। फायर ऑडिट के दौरान अस्पताल में उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों की भी जांच की गई तथा आवश्यक सुझाव दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# गरीब और अंबानी-अडानी के बीच की सरकार

प्रात : किरण संवाददाता



गया`देश में इन दिनों एक अजीब अर्थशास्त्र चल रहा है। गरीब और गरीब होता जा रहा है, और अंबानी-अडानी सीधे धनवान बनते जा रहे हैं। बीच में खड़ी है सरकार... पर वो किसकी सुन रही है, ये सवाल हर आम आदमी की जुबान पर है।

कहते हैं विकास सबके लिए है। पर आंकड़े चीख-चीख कर कुछ और ही कह रहे हैं। एक तरफ मजदूर की दिहाड़ी वही की वही है, मनरेगा के पैसे लेट आते हैं, राशन की लाइन लंबी है, और दवा-स्कूल-रोटी महंगी हो गई है। दूसरी तरफ शेयर बाजार में रिकॉर्ड, कॉरपोरेट मुनाफे में उछाल, और चंद उद्योगपतियों की दौलत आसमान छू रही है।

सवाल ये नहीं कि कोई अमीर क्यों है। सवाल ये है कि व्यवस्था ऐसी क्यों बन रही है जहां मेहनत करने वाला पिछड़ रहा है और पूंजी वाला बेलगाम दौड़ रहा है। बुलडोजर गरीब की झुग्गी पर चल रहा है, पर टैक्स छूट उद्योगपति के खाते में। कल्याणकारी योजनाओं में कटौती हो रही है, पर कॉरपोरेट सब्सिडी में कोई कमी नहीं।

गरीबी कोई अपराध नहीं है। पर गरीबी को नीति बनाकर नजरअंदाज करना अपराध है। जब किसान कर्ज में डूब कर मर रहा हो, युवा डिग्री लेकर सड़क पर हो, और मजदूर को मजदूरी समय पर न मिले... तब सरकार को तय करना होगा कि वो किसके साथ खड़ी है। गरीब की थाली के साथ या कॉरपोरेट की बैलेंसशीट के साथ।

लोकतंत्र का मतलब सिर्फ वोट लेना नहीं, जवाबदेही भी है। सरकार अगर ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व की बात करती है, तो विकास की रोशनी सबसे निचली सीढ़ी तक पहुंचनी चाहिए।

## भूमिहीनों की बेदखली के खिलाफ 29 जून को रोसड़ा में भाकपा माले करेगा प्रदर्शन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत नरहन में भाकपा माले के प्रखंड सचिव अजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई ।बैठक में जिला सचिव उमेश कुमार और केंद्रीय सदस्य मंजू प्रकाश शामिल हुए ।बैठक में मंगलगढ़ के भूमिहीनों को उजाड़ने और गरीबों पर झूठे मुकदमे दर्ज करने के खिलाफ रोसड़ा एसडीएम और एसडीपीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

वहीं जनवितरण प्रणाली में सुधार, घटिया गेहूं पर रोक, एलपीजी आवंटन, समय पर पेंशन और ह्यहिट एंड रनह्न पीड़ितों को 2 लाख रुपया मुआवजे की मांग की जाएगी ।वहीं मजदूरों के सदस्यता अभियान को तेज करने के लिए सभी स्थानीय शाख-ाओं की बैठकें होंगी ।बैठक में राज्य कमिटी सदस्य ललन कुमार, उमेश चंद्र साहू, रंजीत कुमार, वीरेंद्र राम, बैजनाथ महतो, रंजीत सहनी, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, शोभा कांत राय, लक्ष्मी नारायण सिंह, मेघन भगत, संजय कुमार, कपिल कुमार महतो, अमरजीत यादव, दिलीप सहनी, नंदकुमार नंदन, प्रेमचंद महतो, तेज नारायण सिंह, दिनेश कुमार सिंह, रामकुमार चौरसिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे

## पोखर में डूबने से दादी-पोता की मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के चकहबीव में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक घटना घटी। पोखर में भैंस धोने गए पोते को डूबते देख बचाने गई दादी की भी डूब कर मौत हो गई। मृतक चकहबीव पंचायत के शाहपुर परोही वार्ड एक निवासी बाबुल कुमार चौधरी का 8 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं स्वर्गीय गंगा चौधरी की पत्नी विभा देवी 50 वर्ष बताई गई है। दोनों रिश्ते में दादी पोता बताया गया है। घटना के बाद परिजनों में जहां कोहराम मचा हुआ है वही गांव में मातमी सन्नाटा छा गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर दादी पोता भैंस धोने के लिए बगल के पोखर में गए। पोता भैंस पर बैठा हुआ था। तभी अचानक गहरे पानी में जाने पर पोता (अंकित) डूबने लगा। पोता को डूबते देख दादी पोता को बचाने गहरे पानी में चली गई। जहां दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है।

## महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ राजद का सदर प्रखंड में धरना

मुंगेर । राष्ट्रीय जनता दल, बिहार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा, ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को सदर प्रखंड परिसर में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की और प्रभारी की भूमिका विजय कुमार यादव ने निभाई। धरने में राजद के पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के नेता शामिल हुए। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रो. विनय कुमार सुमन, मुंगेर के पूर्व प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव, जिला प्रवक्ता सौरभ जयसवाल, गजेंद्र कुमार हिमांशु, वकील राम, गोविंद पासवान, नवल यादव, सहित मनोज मंडल, श्रीकांत शर्मा, शंकर यादव, अरविंद यादव, विजय गुप्ता, अशोक रजक आदि ने संबोधित किया।

नेताओं ने कहा कि एनडीए सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई और युवाओं के लिए रोजगार की कमी से आम जनता परेशान है। धरने के जरिए पार्टी ने सरकार का ध्यान इन मुद्दों की ओर खींचते हुए तत्काल सुधार की मांग की।

# एसडीओ ने नर्सिंग होम ,दवा दुकान व अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) ।अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल शशांक राज ने मंगलवार को कुशेश्वरस्थान बाजार में संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक नर्सिंग होम ,दवा दुकान और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत अल्ट्रासाउंड व उनके ऊपर एक निजी क्लिनिक अवैध तौरवपर चल रहे थे जिसकें निरीक्षण किया जिसमें अवैध तौर पर चलने के कारण अल्ट्रासाउंड एवं निजी क्लिनिक को शील किया वही मां भगवती नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान नर्सिंग होम में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। वहीं संस्थान संचालक से संचालन संबंधी आवश्यक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) की मांग की गई, लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि संस्थान में अग्निशमन सुरक्षा (फायर सेफ्टी) के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि अल्ट्रासाउंड संचालन के लिए आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं की गई थी। बिना अनुमति के अल्ट्रासाउंड सेवा संचालित किए जाने को प्रशासन ने गंभीर उल्लंघन माना।

निरीक्षण के बाद एसडीओ शशांक राज ने बताया कि तीनो संस्थान आवश्यक सरकारी अनुमति एवं निर्धारित मानकों के बिना संचालित हो रहे थे। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

एसडीओ के निर्देश पर तीनो संस्थानों को तत्काल सील कर दिया गया। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सोहराब को संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद कुशेश्वरस्थान बाजार क्षेत्र में संचालित अन्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी ऐसे संस्थानों की जांच अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एस.के मेमोरियल हॉल पटना में आभार सह अभिनंदन समारोह

अरवल। जिला अतिथि गृह, अरवल में बिहार सरकार के खनन एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 22 जून 2026 को पटना स्थित एस.के. मेमोरियल हॉल में आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार के अनेक मंत्री, विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने अरवल जिले के अति पिछड़ा समाज के लोगों से हजारों की संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

डॉ. चन्द्रवंशी ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने बिहार विधान परिषद के 9 उम्मीदवारों में से 6 उम्मीदवार अति पिछड़ा समाज से देकर बिहार की राजनीति में एक नया संदेश दिया है। इसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अति पिछड़ा समाज द्वारा 22 जून को आयोजित समारोह में एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा तथा नवनियुक्त विधान परिषद सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष अनंत कुमार वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चन्द्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुन्नी चन्द्रवंशी, सतेन्द्र विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ गुड्डू चन्द्रवंशी, नगर अध्यक्ष चंदन खत्री, अजय चन्द्रवंशी, संजीत चन्द्रवंशी, मिथिलेश चन्द्रवंशी, शिवपूजन , राजेश मुखिया, प्रखंड उपप्रमुख सतीश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

(निर्माण विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं. 1, **ई-निविदा सं०:** पूमरे-मुप्रअ-नि-द- इपीसी -02-26-27, **कार्य का नाम:** इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)''- पुनरख-किउल तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना के संबंध में तीसरी और चौथी लाइन जिसमें फार्मेसन अप्रोच पर उनका निर्माण और सुरक्षा कार्य शामिल है के लिए महत्वपूर्ण पुल संख्या 136 (9x45.70 मीटर OWG), 151 (26x30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप), 153 (11x30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X12.20 मीटर PSC स्लैब), 154 (14X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप), 161 (1x9.15 मीटर PSC स्लैब+ 10X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+ 1x9.15 मीटर PSC स्लैब),162 (1X9.15 मीटर PSC स्लैब+10X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप +1X9.15 मीटर PSC स्लैब), 163 (17X30.50) मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप +1X12.20m PSC स्लैब) और बड़ा पुल संख्या 144 (2X12.20m PSC स्लैब), 145 (2X12.20m PSC स्लैब), 152 (4X45.70m OWG), 155 (2X9.15m PSC स्लैब), 156 (1X9.15m PSC स्लैब+1X30.5m बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15m PSC स्लैब), 157 (2X45.70m OWG), 158 (1x9.15m PSC स्लैब+3x30.50m बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15m PSC स्लैब), 159 (1X9.15m PSC स्लैब+ 3X30.5m बैलास्टेड डेक ओडब्ल्यूजी वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15 मीटर पीएससी स्लैब),160 (7X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक ओडब्ल्यूजी वेल्डेड थ्रू टाइप), **अंकलित मूल्य (रू):** 1280,01,81,360.15, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू):** 0.00, **अग्रधन राशि (रू):** 25,60,03,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 महीना, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 15.07.2026 at 12.15 बजे।, सी ई-निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा । उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ **IREPS** वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0370/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पटना/सीओएनएसटी/टी/26-27/72

# 10 जून को प्रधानमंत्री मोदी रचेंगे इतिहास,बनेंगे भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवारत निर्वाचित प्रधानमंत्री : सरावगी

## बोलें - प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धि जनविश्वास और सुशासन की सबसे बड़ी विजय

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह विकास यात्रा आज भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली ऐतिहासिक यात्रा बन चुकी है। बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 13 मई 1952 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी. नेहरू लगातार 4397 दिन यानी 12 साल 14 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे. पीएम मोदी ने 9 जून को सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री का नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया. निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने 4398 दिन यानी 12 साल 15 दिन पूरे कर लिए हैं

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं बल्कि जनसेवा का साधन बनाया है। उनकी दूरदर्शी सोच, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र प्रथम की भावना ने भारत को नई पहचान प्रदान की है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, जो विश्व के सामने मजबूती से अपनी बात रखता है और वैश्विक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

श्री सरावगी ने कहा कि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आधार बनाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर



मिला, उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ों परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

उन्होंने कहा कि जनधन खाते, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल भुगतान और आधार आधारित व्यवस्था ने भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करते हुए पारदर्शी शासन की नई मिसाल स्थापित की है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, पीएम गति शक्ति, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है।उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विदेशी निवेश के नए रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। भारत आज नवाचार, तकनीक और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है।श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। आज भारत की आवाज वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली ढंग से सुनी जाती है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत की बढ़ती भूमिका और वैश्विक चुनौतियों पर भारत के नेतृत्व ने देश की प्रतिष्ठा को नई पहचान दी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया। सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत किया गया, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला तथा आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई। सशस्त्र बलों को आधुनिक संसाधनों से सशक्त बनाकर देश की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकास की नई गति मिली है। राष्ट्रीय राजमार्गों, पुलों, रेलवे परियोजनाओं, हवाई अड्डों, शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य सुविधाओं और डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष प्राथमिकता दी है।उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने बिहार को विकास के नए पथ पर अग्रसर किया है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश के क्षेत्र में हुए कार्यों ने राज्य के विकास को नई दिशा दी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। देश का प्रत्येक नागरिक इस परिवर्तनकारी यात्रा का सहभागी है और विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जनसुनवाई कार्यक्रम का औचक निरीक्षण करने प्रदेश कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे और वहां आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चैधरी एवं मंत्री शीला मंडल से आमजन की समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनके त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में नीतीश कुमार ने प्रदेश कार्यालय परिसर का भी जायजा लिया तथा वहां उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनका अभिवादन स्वीकार किया। नीतीश कुमार के प्रदेश कार्यालय पहुंचने से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक शशंजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, ई. राम चरित्र प्रसाद एवं लोकप्रकाश सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सबकी सहभागिता और पारदर्शिता के लिए युवा कांग्रेस करेगी डिजिटल चुनावः राजेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह बिहार राज्य में ब्लॉक, विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर अपनी सदस्यता और पूर्ण संगठनात्मक चुनाव आयोजित करने जा रही है।

बिहार युवा कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने वर्ष 2010 से ही भारतीय युवा कांग्रेस में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के माध्यम से संगठन निर्माण की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिहार में ह्लसंगठन सृजन साथी अभियानह्व



भी पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि युवा कांग्रेस के डिजिटल चुनाव में प्रदेश का कोई भी पात्र युवा साथी भाग ले सकता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, लोकतांत्रिक और सहभागी है, जिससे युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्राप्त होंगे।युवा कांग्रेस के इलेक्शन कमिश्नर अरुण गर्ग और रिटर्निंग ऑफिसर रामाश्रय चौहान ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस में पहले ही पार्टी के आंतरिक चुनावों का एक दौर आयोजित किया जा चुका है। भारत के किसी भी राजनीतिक दल ने अपनी किसी भी संगठन के लिए आंतरिक पार्टी चुनाव आयोजित नहीं किए हैं। यह भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा लिया गया ऐतिहासिक कदम है और यह राहुल गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष का दृष्टिकोण है, जब वह कांग्रेस पार्टी की युवा शाखाओं - भारतीय युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संघ के प्रभारी थे।युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि राज्य एक नए युग की शुरुआत देख रहा है, जब पार्टी के युवा राजनीतिक नेता अपने सदस्यता से सीधे तौर पर चुने जाएंगे।ह्लनेताओं को नामांकित करने के बजाय चुनाव प्रक्रिया में बदलाव बिहार की राजनीति में ऐतिहासिक विकास है। यह सच्ची लोकतंत्र की प्रक्रिया होगी।इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास , प्रदेश युवा कॉंग्रेस प्रभारी पुनीत सिंह पारिया ,परमजीत पम्मी, , भरत शंकर जोशी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जनता दल के हवन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जलालपुर में संपन्न हुआ



प्रातः किरण संवाददाता

जलालपुर प्रखंड में राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड कार्यालय परिसर जलालपुर में किया गया जिसमें वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार बेरोजगारी गैस सिलेंडर बढ़ती हुई कीमत सभी समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया जलालपुर प्रखंड आरजेडी अध्यक्ष श्री राम राय ने किया जिसमें आरजेडी प्रवक्ता अक्की यादव भी अपनी बातें रखी राजद के कार्यकर्ता और लोगों ने भी भाग लिया जिनमें अक्की यादव कुलदेव राय संत राधेश्याम राय अंबिका महतो देवीलाल राय मनोज कुशवाहा विनोद सिंह सरमद पासवान धनेश्वर ठाकुर रामनाथ राम नारायण राय सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे 10 मुद्दे रखे गए थे पहला मुद्दा महंगाई दूसरा बेरोजगारी तीसरा बढ़ाहल शिक्षा नीट पेपर लीक का विरोध गैस की भर्ती कीमत राशन कार्ड में गरीबों का नाम वंचित सरकार की जिन जन विरोधी कल्याण और अफसर शाही किसानों के खेत की उपलब्धता नहर चालू करने के बाद सभी मांगे इसमें रखी गई थी जलालपुर ब्लॉक अंचल कैंपस कार्यालय में यह धरना प्रदर्शन किया गया

# दूसरे की जमीन को बेचकर 8 लाख 30 हजार रुपये हड़पने पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। तरैया थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद बिक्री में धोखाधड़ी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति ने दूसरे के जमीन को अपनी जमीन बताकर फर्जी तरीके से उसकी रजिस्ट्री कर के 8 लाख 30 हजार रुपये हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है।जिसको लेकर पीड़ित मनोज कुमार सिंह ने तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि देवरिया गांव निवासी रणधीर कुमार सिंह ने 20 जनवरी 2025 को देवरिया गांव की 7 कट्ठा चार धुर भूमि को अपनी भूमि बताकर उनके नाम रजिस्ट्री करा दी थी।इसके एवज में रणधीर सिंह को 8 लाख 30 हजार का भुगतान किया था। रजिस्ट्री के बाद जब उन्होंने भूमि संबंधी कागजात की जांच पड़ताल किया तो पता चला कि जिस व्यक्ति से रजिस्ट्री कराई गई है वास्तव में उसकी जमीन नहीं है।मनोज कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि रणधीर सिंह ने उनके साथ धोखाधड़ी के नीयत से गलत जानकारी देकर किसी अन्य व्यक्ति की जमीन उनके नाम रजिस्ट्री करा दी है।इससे उन्हें आर्थिक और कानूनी क्षति का सामना करना पड़ा है।अपर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।प्राथमिक दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# राजद कार्यकर्ताओं की प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन

परसा।राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को परसा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया।धरना के माध्यम से राजद कार्यकताओं देवी राय,कमलेश राय,रामलगन साह,लालबहादुर राय,प्रभात दुबे,अमित कुमार संजय राय ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक की घटनाओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया और समस्याओं के समाधान की मांग की।वक्ताओं ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। नेताओं ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह बनाने की आवश्यकता बताई।

# रेपुरा मिडिल स्कूल से मोटर की हुई चोरी

मढ़ौरा। प्रखंड के रेपुरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय से बीती रात कुछ अज्ञात चोरों ने स्कूल का मोटर चोरी कर लिया और पानी टंकी को गिरकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस बात की जानकारी जब स्कूल की हेडमास्टर सुनीता सिंह को मिली तो उन्होंने मंगलवार को इस संबंध में एक लिखित शिकायत मढ़ौरा थाना में दिया जिसमें उक्त चोरी की घटना की चर्चा की गई है।

# मढ़ौरा में तूल पकड़ता जा रहा है डिग्री कॉलेज खोलने का मामला

● **गलत जगह चयन किये जाने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर करने की हो रही तैयारी**

मढ़ौरा ।स्थानीय प्रखंड में सरकारी निर्देश के अनुसार डिग्री कॉलेज खोले जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जांच रिपोर्ट के अनुसार जिस जगह पर प्रखंड का डिग्री कॉलेज खोला जाना था वहां ना खोलकर प्रशासनिक स्तर पर इसे अपेक्षाकृत कम उपयोगी जगह पर खोल दिए जाने का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में नथुआ के पूर्व मुखिया विजय कुमार सिंह ने डीएम सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि मढ़ौरा के नथुआ और आगहरा हाई स्कूल में पर्याप्त जमीन और कमरा उपलब्ध रहने के बाद भी प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव में डिग्री कॉलेज को मढ़ौरा मुख्यालय से काफी दूर जहां आने-जाने का भी सही साधन उपलब्ध नहीं है, वैसे जगह पर डिग्री कॉलेज का संचालन किया जा रहा है जो गलत और अनुपयोगी है। उन्होंने कहा कि विभागीय पदाधिकारी अगर इस डिग्री कॉलेज को पूर्व से चयनित नेथुआ या आगहरा में संचालित नही करते हैं तो ऐसी स्थिति में वे इस गलत कार्य के खिलाफ पटना हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे। जिसमें संबंधित सभी पदाधिकारी को पार्टी बनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 16 मई 26 को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जमीन चयन से संबंधित एक रिपोर्ट जिला को भेजी थी, जिसमें अगहरा स्कूल परिसर में करीब 21 बीघा जमीन और 10 पठन-पाठन योग्य कमरा जबकि रामपुर में करीब साढ़े पांच एकड़ जमीन व 12 कमरा, नेथुआ में दो एकड़ जमीन और 14 कमरा जबकि मुबारकपुर में जमीन शून्य और 8 में से 3 कमरा ही पठन पाठन के योग्य दशार्या गया था। बावजूद इसके पदाधिकरियो ने अधिक जमीन और पर्याप्त कमरे वाले नेथुआ आगहरा,रामपुर स्कूल को दरकिनार कर ना के बराबर जमीन व पठन-पाठन के लिए महज तीन कमरे वाले मुबारकपुर स्कूल में डिग्री कॉलेज संचालित कर दिया जो कहीं से भी उचित नहीं है। इसके खिलाफ यहां लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कई लोगों का मानना है कि मुख्यालय से इतनी दूर पढ़ाई करने के लिए लड़कियां वहां कैसे जाएंगी, क्योंकि वहां जाने आने के लिए सही रास्ता और साधन उपलब्ध नहीं है।

# दरभंगा से पटना तक पदयात्रा करेंगें लहेरियासराय नगर दक्षिणी मंडल के उपाध्यक्ष

दरभंगा।लहेरियासराय नगर दक्षिणी मंडल के उपाध्यक्ष सतीश कुमार दिनांक 11 जून को दरभंगा से पटना तक की पैदल यात्रा करेंगे। सतीश कुमार पूर्व में भी दो बार पैदल यात्रा कर चुके हैं। यह उनकी तीसरी पदयात्रा होगी। यह पदयात्रा बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी के कुशल नेतृत्व में बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य होगी। इस यात्रा की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण मन्ना ने कहा की यह पदयात्रा दिनांक 11 जून को प्रातः लहेरियासराय स्थित के.एम. टैंक शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय तक जाएगी। उन्होंने सतीश कुमार को पदयात्रा की शुभकामनाएं दी। पदयात्रा के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष,शक्ति केन्द्र प्रमुख,बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहेंगे।उन्होंने जिले के सभी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं आमजन से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पदयात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनायें।

# लोजपा (रा) अल्पसंख्यक सेल ने अशरफ अंसारी को विप उम्मीदवार बनाने पर चिराग पासवान के प्रति जताया आभार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। लोजपा रामबिलास अल्पसंख्यक सेल ने बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव मे अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाने पर चिराग पासवान के प्रति आभार जताया है।

पार्टी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि राजनीति में किसी समाज के प्रति सच्ची नीयत की पहचान केवल नारों और भाषणों से नहीं, बल्कि उसे मिलने वाले सम्मानजनक प्रतिनिधित्व से होती है।

वर्ष 2005 में जब बिहार की राजनीति में मुस्लिम मुख्यमंत्री की मांग उठाना आसान नहीं था, तब लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान ने खुलकर मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने की मांग की थी। यह उनकी सामाजिक न्याय, बराबरी और साझी भागीदारी की सोच का प्रमाण था।

बाद में जब पार्टी को राज्यसभा भेजने का अवसर मिला, तो उन्होंने मुस्लिम समाज के सम्मानित नेता साबिर अली को राज्यसभा भेजकर अपनी कथनी को करनी में बदलकर दिखाया और आज जब एमएलसी सीट पर उम्मीदवार चुनने का अवसर आया, तो लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाकर यह साबित कर दिया कि जननायक रामविलास पासवान की विचारधारा आज भी पार्टी की ताकत है।

यह केवल एक राजनीतिक फैसला नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के सम्मान, विश्वास और भागीदारी का प्रतीक है। जो लोग मुस्लिम समाज की बात करते हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अवसर मिलने पर उन्होंने समाज को कितना प्रतिनिधित्व दिया।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डाः शाहनवाज अहमद कैफी, अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल, इंतखाब आलम, नौशाद आलम, अल्पसंख्यक सेल प्रदेश उपाध्यक्ष सरवर अली, ने ,लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया और कहा की आपने एक बार फिर साबित किया है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और सभी वर्गों के सम्मान की राजनीति में विश्वास रखती है।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# सड़क पर युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

आरा। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर अगिआंव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाए जाने के बाद इमरजेंसी वार्ड में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया अगिआंव मोड़ निवासी सीताराम यादव के 29 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह उर्फ झगरू सिंह के रूप में हुई है। मृतक की मां राजवातो देवी ने बताया कि परिवार का नया घर बन रहा है और इसी सिलसिले में वह सहंगी मोड़ के पास निर्माण कार्य की देखरेख कर रही थीं। सोमवार की रात विकास घर से गड़हनी स्टेशन की ओर घूमने निकला था। इसी दौरान अगिआंव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप लघुशंका करने के बाद वह सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात मारुति वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और गड़हनी थाना पुलिस की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शहरी भूमि स्वामियों को मिले जमाबंदी और ऑनलाइन लगान की सुविधा, बिहार सरकार मिशन मोड में करे कार्रवाई : प्रकाश राम

■ **लाखों शहरी नागरिकों को हो रही परेशानी, सरकार को भी हो रहा है राजस्व का नुकसान**

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला नागरिक परिषद, गया के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राम पटवा ने बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को पत्र भेजकर राज्य के शहरी क्षेत्रों में भूमि स्वामियों के लिए लगान निर्धारण, जमाबंदी कायम करने तथा ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ह्लसबका सम्मान, जीवन आसानह्व का संकल्प तब सार्थक होगा जब आम नागरिकों को भूमि एवं संपत्ति से संबंधित राजस्व सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध होंगी। वर्तमान समय में गया सहित बिहार के सभी नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में लाखों भूमि स्वामी अपनी भूमि की जमाबंदी कायम कराने और लगान भुगतान करने के लिए इच्छुक हैं, लेकिन जटिल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बाधाओं के कारण उन्हें वर्षों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### जमाबंदी नहीं होने से नागरिकों को हो रही है भारी परेशानी

प्रकाश राम पटवा ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनके पास नगर निकाय द्वारा निर्गत होल्डिंग टैक्स रसीद, भवन निर्माण स्वीकृति, बिजली कनेक्शन और अन्य सरकारी दस्तावेज उपलब्ध हैं, लेकिन उनकी भूमि की नियमित जमाबंदी कायम नहीं हो सकी है। इसके कारण उन्हें बैंक ऋण लेने, संपत्ति हस्तांतरण कराने, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सरकार को लगान देना चाहते हैं, तब उन्हें ऐसी व्यवस्था मिलनी चाहिए जो सरल, पारदर्शी और ऑनलाइन हो। दुर्भाग्यवश वर्तमान व्यवस्था में नागरिकों को बार-बार अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है।

### सरकार को हो रहा है हजारों करोड़ रुपये के संभावित राजस्व का नुकसान

उन्होंने कहा कि यह केवल नागरिकों की समस्या नहीं है, बल्कि राज्य के राजस्व से भी जुड़ा गंभीर विषय है। यदि शहरी क्षेत्रों में व्यवस्थित रूप से जमाबंदी कायम कर लगान निर्धारण किया जाए और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, तो बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से लगान जमा करेंगे। इससे राज्य सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा राजस्व क्षति पर रोक लगेगी।

### 2018 के निदेर्शों का नहीं हुआ प्रभावी क्रियान्वयन

प्रकाश राम पटवा ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2018 में शहरी क्षेत्रों में लगान निर्धारण एवं जमाबंदी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद आज भी अधिकांश शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को अपेक्षित सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। उन्होंने सरकार से पुराने निदेर्शों की समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की मांग की।

### एक वृद्ध पिता की पीड़ा को समझने की जरूरत

उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि एक वृद्ध व्यक्ति अपने पूरे जीवन की कमाई से शहर में छोटा-सा मकान बनाता है।

# एक कट्ठा जमीन के विवाद में गई एक पूर्व होमगार्ड जवान की जान

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सोभनाथ के बथान में एक कट्ठा जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के पूर्व होमगार्ड जवान की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सोभनाथ बथान गांव निवासी स्वर्गीय मोलन सिंह के 65 वर्षीय पुत्र नंद जी सिंह के रूप में की गई है। घटना सोमवार की है। मारपीट में इसी पक्ष के महिला-पुरुष समेत पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को जगदीशपुर नया टोला मोड़ पर रखकर सड़क जाम कर दिया और आगजनी करते हुए प्रदर्शन



किया। करीब आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।

जानकारी के अनुसार श्री भगवान यादव और दयानंद सिंह के बीच वर्ष 2016 से एक कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को दयानंद सिंह खेत में मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान श्री भगवान यादव पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान दयानंद सिंह के बड़े भाई नंद जी सिंह को लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।घटना में दयानंद सिंह, लक्ष्मण यादव, धनजी यादव, पिंटू यादव और चना मुनि देवी घायल हो गए। दयानंद सिंह ने बताया कि उनके भाई की हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस ने उनके ही पक्ष के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने सरकार से मृतक के परिजन को मुआवजा देने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।मृतक के परिवार में तीन पुत्र और दो पुत्री हैं। उनकी पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। इधर, घायल चना मुनि देवी ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ट्रक की ठोकर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल ,रैफर

■ **ट्रक जब्त कर मामले की जांच व आगे की कार्रवाई की जा रही है थाना अध्यक्ष अमित कुमार**

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर मंगलवार को थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी गांव के समीप एनएच 527 बी सड़क पर ट्रक की ठोकर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को ईलाज हेतू जयनगर अनुमण्डल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर स्थिति गम्भीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतू रैफर कर दिया गया। घटना में घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बरही गांव के वार्ड तीन निवासी मो.गुलफान बताया जाता है। घटना को लेकर मामले को लेकर दी गई



जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी गांव के एनएच 527 बी पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से एक 25 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों के सहयोग से ईलाज के लिए जयनगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक डॉ शम्स तबरेज ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

युवक को ठोकर मारने के बाद ट्रक को स्थानीय लोगों के द्वारा घेरने पर चालक व खलासी फरार होने में सफल रहा। जबकि ट्रक पर मौजूद दो मजदूर को ग्रामीणों ने पकड़ कर थाना पुलिस के हवाले कर दिए जाने की जानकारी मिल रही है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार मंगलवार की सुबह घायल युवक अपने घर बरही गांव से जयनगर बाइक से आ रहा था। दुल्लीपट्टी गांव पहुंच कर सड़क किनारे बाइक रोक कर किसी का इंतजार कर रहा था। जयनगर से कलुआही की ओर तेज रफ्तार में जा रही ट्रक ने ठोकर मार कर फरार होने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने ट्रक को आगे ले रोक लिया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच पूछताछ व आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496